CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 29° C
न्यूनतम : 23° C

मुरादाबाद, मंगलवार 8 जुलाई 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 328 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 12 मुहर्रम 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में ब्लॉक स्तर पर स्थापित होंगी एस्ट्रो लैब्स पेज 2



वर्ल्ड चैंपियनशिप-प्वाइंटस टेबल में तीसरे नंबर पर पहुंचा भारत खेल टाइम्स



महाराष्ट्र में भाषा विवाद चिंता का विषय सम्पादकीय



हसीना और उनके परिवार पर लटकी गिरफ्तारी की तलवार पेज 2

## अंतर्राष्ट्रीय मंच पर हुआ बड़ा ध्रुवीकरण

# पहलगाम हमला: ब्रिक्स की एकजुट निंदा

रियो डी जनेरियो, वार्ता

- 31 पेज और 126 प्वाइंट वाला संयुक्त घोषणा पत्र जारी किया, ईरान पर इजरायली हमले की भी निंदा की
- पहलगाम आतंकी हमला पूरी इंसानियत पर चोट है: पीएम मोदी

**ब्राजील के रियो** डी जनेरियो में हुए 17वें ब्रिक्स सम्मेलन में सदस्य देशों ने रविवार देर रात को 31 पेज और 126 पाइंट वाला एक संयुक्त घोषणा पत्र जारी किया। इसमें पहलगाम आतंकी हमले और ईरान पर इजरायली हमले की निंदा की गई।

इससे पहले एक जुलाई को भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया की सदस्यता वाले क्वाड (क्वाड) ग्रुप के विदेश मंत्रियों की बैठक में भी पहलगाम हमले की निंदा की गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस समिट में कहा कि पहलगाम आतंकी हमला सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरी इंसानियत पर चोट है। आतंकवाद की निंदा हमारा सिद्धांत होना चाहिए, सुविधा नहीं। पीएम मोदी ने कहा कि ब्रिक्स देशों की अलग-अलग सोच और बहुध्रुवीय दुनिया में भरोसा ही इसकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि बैंक को सिर्फ उन्हीं प्रोजेक्ट्स में पैसा लगाना चाहिए, जो जरूरी हों, लंबे समय तक फायदे वाले हों और जिससे बैंक की साख बनी रहे। श्री मोदी ने एक ऐसा ब्रिक्स रिसर्च सेंटर बनाने का प्रस्ताव रखा, जहां सब देश मिलकर विज्ञान और टेक्नोलॉजी पर काम कर सकें।



### मोदी ने क्यूबा, मलेशिया, वियतनाम व अन्य देशों नेताओं के साथ बैठकें कीं

**रियो डि जनेरियो/ नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्राजील में 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान क्यूबा, मलेशिया और वियतनाम के नेताओं के साथ अलग-अलग 'अच्छी बैठकें' कीं उनसे विभिन्न क्षेत्रों में भारत के सहयोग पर चर्चा की। श्री मोदी ने इन बैठकों की जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की। प्रधानमंत्री ने क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल बरमूडेज़ से मुलाकात के बाद कहा कि मुलाकात अच्छी रही। उन्होंने कहा कि इस बातचीत में हमने कई विषयों पर चर्चा की। आने वाले समय में हमारे देशों के बीच आर्थिक संबंधों में बहुत वृद्धि की संभावना है। प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा और ऊर्जा जैसे क्षेत्र भी उतने ही आशाजनक हैं। प्रधानमंत्री ने इससे पहले 2023 में जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति डियाज-कैनेल से मुलाकात की थी, जहां क्यूबा विशेष आमंत्रित था।

# उप्र में प्राथमिक स्कूलों के विलय का रास्ता साफ

शाह टाइम्स ब्यूरो

- इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने आदेश को चुनौती देने वाली दोनों याचिकाएं खारिज की

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ से स्कूलों के विलय मामले में राज्य सरकार को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने प्राथमिक स्कूलों के विलय के आदेश को चुनौती देने वाली दोनों याचिकाओं को सोमवार को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने सीतापुर के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में पढ़ने वाले 51 बच्चों समेत एक अन्य याचिका पर यह फैसला सुनाया।

इनमें बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा बीती 16 जून को जारी उस आदेश को चुनौती देकर रद्द करने का आग्रह किया गया था, जिसके तहत प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों की संख्या के आधार पर उच्च प्राथमिक या कंपोजिट स्कूलों में विलय करने का प्रावधान किया गया है। याचियों ने इसे मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा कानून के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाला कहा था। साथ ही मर्जर से छोटे बच्चों के स्कूल दूर हो जाने की परेशानियों का मुद्दा भी उठाया था। याचियों की ओर से खासतौर पर दलील दी गई थी कि स्कूलों को विलय करने का सरकार का आदेश, 6 से 14 साल के बच्चों के मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा के अधिकार का उलंघन करने वाला है। उधर, राज्य सरकार की ओर से याचिकाओं के विरोध में प्रमुख दलील दी गई कि विलय की कार्रवाई, संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल के लिए बच्चों के हित में की जा रही है। सरकार ने ऐसे 18 प्राथमिक स्कूलों का हवाला दिया था, जिनमें एक भी विद्यार्थी नहीं है। कहा कि ऐसे स्कूलों का पास के स्कूलों में विलय करके शिक्षकों और अन्य सुविधाओं का बेहतर उपयोग किया जाएगा। सरकार ने पूरी तरह शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिहाज से ऐसे स्कूलों के विलय का निर्णय लिया। कोर्ट ने बीते शुक्रवार को सुनवाई के बाद में फैसला सुरक्षित कर लिया था। इसे सोमवार की दोपहर में सुनाया।

### डीवाई चंद्रचूड़ ने बंगला विवाद पर विराम लगाया, सामान पैक किया

**नई दिल्ली।** सरकारी आवास में तय समय से अधिक समय तक रहने को लेकर उठे विवाद के बाद मचे बवाल पर भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने सोमवार को विराम लगा दिया। पूर्व सीजेआई ने स्थिति साफ करते हुए कहा कि उनका सामान पैक कर दिया गया है। वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ जल्द ही दूसरे सरकारी आवास में चले जाएंगे, जिसका खर्च वह खुद वहन करेंगे। डीवाई चंद्रचूड़, उनकी पत्नी कल्पना, बेटियां प्रियंका और माही (दोनों ही दिव्यांग हैं) नई दिल्ली के 5, कृष्ण मेनन मार्ग स्थित सीजेआई के आधिकारिक आवास में रह रहे थे।

### चक्का जाम में शामिल हो सकते हैं राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण मामले को लेकर विपक्षी दलों ने नौ जुलाई को चक्का जाम का आह्वान किया है, जिसमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी शामिल हो सकते हैं।। विपक्षी दलों का महागठबंधन बिहार में मतदाता सूची के पुनरीक्षण का लगातार विरोध कर रहा है। उनका कहना है कि इससे बड़ी संख्या में मतदाता मतदान से वंचित हो सकते हैं। महागठबंधन का आरोप है कि भारतीय जनता पार्टी जानबूझ कर चुनाव आयोग के साथ मिलकर ए कदम उठा रही है। सूत्रों के अनुसार लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी महागठबंधन द्वारा आयोजित चक्का जाम के मौके पर पटना जा सकते हैं। उनका कहना है कि इससे महागठबंधन की मुहिम को मजबूती मिलेगी।

### राहुल वीडियो मामले में दिल्ली में भी प्राथमिकी दर्ज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की सैनेटरी पैड वीडियो से जुड़े विवाद को लेकर यहां एक शिकायत दर्ज की गई है, जिसे मिलाकर देशभर में इस मुद्दे में अब तक तीन शिकायतें दर्ज हो चुकी हैं। युवा कांग्रेस के अनुसार यह शिकायत संगठन के अध्यक्ष उदय भानु चिब, बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्ण अल्लावरु, लीगल सेल के चेयरमैन रूपेश सिंह भदौरिया के नेतृत्व में यहां मंदिर मार्ग पुलिस थाने में दर्ज कराई गई है।

## खुलासा: तहव्वुर 26/11 को मुंबई में ही था, हेडली के साथ ट्रेनिंग सेशन भी किए

शाह टाइम्स ब्यूरो

- एनआईए की पूछताछ में कबूला- वह पाक आर्मी का एजेंट है

**नई दिल्ली।** 26/11 आतंकी हमले के वक्त आतंकी तहव्वुर राणा मुंबई में था। यह बात उसने एनआईए की पूछताछ में कबूल की है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, राणा ने माना है कि वह पाकिस्तानी सेना का एजेंट है।

उसने बताया कि उसने डेविड कोलमैन हेडली के साथ पाकिस्तान में लश्कर-ए-तैयबा के कई ट्रेनिंग सेशन किए थे। राणा ने यह भी कहा कि लश्कर असल में एक जासूसी नेटवर्क की तरह काम करता है। पूछताछ में शामिल मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच अब राणा को गिरफ्तार करके रिमांड पर लेने की तैयारी में है। अभी राणा एनआईए की न्यायिक हिरासत में है, जिसे दिल्ली की अदालत ने 9 जुलाई तक बढ़ा दिया है। तहव्वुर को अमेरिका के शिकागो में अक्टूबर 2009 में अमेरिकी एजेंसी एफबीआई ने गिरफ्तार किया था। राणा को 10 अप्रैल को स्पेशल विमान से अमेरिका से भारत लाया गया था।

### तुर्की की कंपनी को दिल्ली हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत

**नई दिल्ली।** तुर्की की ग्राउंड हैंडलिंग और कार्गो सर्विस कंपनी सेलेबी एविएशन की याचिका को 7 जुलाई को दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। याचिका में कंपनी ने अपनी सुरक्षा मंजूरी रद्द करने के केंद्र सरकार के फैसले को चुनौती दी थी। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा के हवाले से सेलेबी की मंजूरी रद्द की थी। सेलेबी एविएशन तुर्की की कंपनी है, जो हवाई अड्डों पर ग्राउंड हैंडलिंग और कार्गो सर्विसेज देती है। यानी ये कंपनी हवाई जहाजों की लैंडिंग, पैसेंजर्स की हैंडलिंग, सामान की लोडिंग-अनलोडिंग, और कार्गो मैनेजमेंट जैसे काम करती है। कंपनी के दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, अहमदाबाद, गोवा, कोचीन, और कन्नूर जैसे 9 बड़े हवाई अड्डों पर ऑपरेशन्स थे।

## चारधाम यात्रा में दुश्वारियां बरकरार

- यमुनोत्री हाईवे पर पुल बहा, लैंडस्लाइड से बद्रीनाथ हाईवे बंद

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड में भारी बारिश जारी है। उत्तरकाशी में यमुनोत्री हाईवे पर ओजरी इलाके में पुल बह जाने से आसपास के इलाकों का सड़क संपर्क टूट गया है। वहीं, श्रीनगर में तेज बारिश के बाद लैंडस्लाइड से बद्रीनाथ हाईवे बंद हो गया है।

मध्य प्रदेश के शहडोल में बीते 24 घंटे में 4 इंच बारिश हुई। आधी रात 3 हजार से ज्यादा घरों में पानी भर गया। यहां अस्पताल में पानी भर जाने पर मरीजों को शिफ्ट करना पड़ा। रेलवे ट्रैक डूब जाने से 4 घंटे तक ट्रेन रूट बंद रहा। राजस्थान में भी तेज बारिश का दौर जारी है। झुंझुनूं में बाघोली नदी के तेज बहाव के चलते नेशनल हाईवे-52 को जोड़ने वाली सड़क धंस कर पानी में बह गई। सीकर में बारिश के कारण सड़कों पर पानी भर गया। नाले उफान पर हैं।

# एस्ट्रोनॉट शुभांशु ने ISS की स्पेशल विंडो से देखी पृथ्वी

टेक्सास, वार्ता

- सात खिड़कियों वाले कपोला से धरती की तस्वीरें खीचीं, इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में नौ दिन पूरे

**भारतीय अंतरिक्ष** यात्री शुभांशु शुक्ला की इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) से नई तस्वीरें शनिवार को सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। इसमें शुभांशु आईएसएस के कपोला मॉड्यूल के विंडो से पृथ्वी देखते नजर आ रहे हैं। ये फोटोज इसरो, केंद्र सरकार और अमेरिकी स्पेस कंपनी एक्सियम ने शेयर की हैं। कुछ तस्वीरों में शुभांशु पृथ्वी की फोटोग्राफी करते हुए भी दिखे। कपोला मॉड्यूल एक गुंबदनुमा ऑब्जर्वेशन विंडो है, जिसमें 7 खिड़कियां होती हैं।



इसे अंतरिक्ष यात्रियों को बाहरी अंतरिक्ष, पृथ्वी और स्टेशन के बाहर के कामकाज को देखने और कंट्रोल करने के लिए बनाया गया है। कपोला विंडो को आईएसएस पर पृथ्वी की सबसे सुंदर तस्वीरें लेने की जगह मानी जाती है। भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु समेत 4 एस्ट्रोनॉट 25 जून को आईएसएस के लिए रवाना हुए थे। करीब 28 घंटे के सफर के बाद 26 जून को शाम 4:01 बजे आईएसएस पहुंचे। शुभांशु को आईएसएस पर गए सोमवार को 9 दिन पूरे हो चुके हैं। वे आईएसएस पर जाने वाले पहले भारतीय और अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। केंद्र सरकार ने एक्स पर लिखा कि शुभांशु ने अंतरिक्ष में सितारों के बीच भारत का प्रतिनिधित्व किया है। शुभांशु ने पीएम से कहा था कि अंतरिक्ष से कोई सीमा नहीं दिखती पीएम मोदी ने 28 जून को शुभांशु से से वीडियो कॉल पर बातचीत की।



# सीएमओ ने किया सीएचसी व पीएचसी का निरीक्षण

## कार्यक्रमों की प्रगति शत प्रतिशत रखने के निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह ने सीएचसी व पीएचसी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी कार्यक्रमों की प्रगति शत प्रतिशत रखने के निर्देश दिए।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कृष्णकांत राहुल सीएचसी पर पहुंचे। वहां उन्होंने लेबर रूम, दवाई स्टाफ, प्रसव केंद्र, आपातकालीन, एक्सरे रूम, लैब रूम आदि कक्षों में पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। साथ ही सीएचसी पर पहुंचने वाले मरीजों से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी लीं। इसके उपरांत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर उपस्थित रजिस्टर का अवलोकन किया।

उन्होंने टीकाकरण, प्रसव आदि कार्यक्रमों में लक्ष्यों की प्रगति शत प्रतिशत रखने के निर्देश दिए। इसी दौरान उन्होंने प्रस्तावित मुख्यमंत्री के कार्यकम को दृष्टिगत रखते हुए रुकने के लिए बनाए गए कक्ष का निरीक्षण किया। इसके अलावा ब्लॉक परिसर में बनाए गए कक्ष का निरीक्षण करते हुए लगाई गई टीम को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया निरीक्षण के दौरान सभी कार्य संतोषजनक मिला है।

इस अवसर पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. आशीष कुमार आर्य, अमित श्रीवास्तव, सौरभ, राजेश आदि स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

# फुलसंदा आश्रम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का शुभारंभ आज से

## श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** फुलसंदा आश्रम में मनाया जाने वाला तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव का शुभारंभ मंगलवार से धार्मिक अनुष्ठान क्रियाओं के साथ प्रारंभ होगा। साथ ही श्रद्धालुओं ने गुरु पूर्णिमा महोत्सव में भाग लेने के लिए आश्रम में पहुंचना प्रारंभ कर दिया है।

फुलसंदा आश्रम में तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस महोत्सव के लिए जनपद के अलावा दूसरे जनपदों से श्रद्धालु यहां पहुंच कर इस कार्यक्रम में शामिल होते हैं। इस कार्यक्रम से पूर्व पुलिस अधीक्षक, उपजिला अधिकारी धामपुर, सीओ धामपुर सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने यहां की व्यवस्था का निरीक्षण कर चुके हैं। इसी क्रम में मंगलवार को यह महोत्सव प्रारंभ हो जाएगा। इस महोत्सव में होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए गुरु आश्रम के सेवक अग्नि देवता ने बताया की मंगलवार की प्रात: 6:00 बजे से धार्मिक अनुष्ठान क्रियाओं के साथ हवन व पूजा का कार्यक्रम प्रारंभ होगा। उसके बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 2:00 बजे आश्रम के बाबा आयोजित सत्संग में प्रवचन करेंगे। शाम को 6:00 बजे आरती होगी। उसके अलावा बुधवार को पूजा अर्चना के बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उसके बाद प्रवचन व आरती होगी तथा श्रद्धालु उपवास भी रखेंगे। अंतिम दिन श्रद्धालु नामदान लेंगे तथा फुलसंदे वाले बाबा का आशीर्वाद लेकर प्रवचन में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि इस महोत्सव में बिजनौर जनपद के अलावा मुरादाबाद, रामपुर, बुलंदशहर, आगरा, दिल्ली, मेरठ सहित अन्य कई राज्यों व जनपदों के श्रद्धालु का पहुंचना प्रारंभ हो गया है। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के महोत्सव में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया है।

# समय से बिजली बिल जमा कर जिम्मेदार नागरिक बनें: एसडीओ

## क्षेत्र में विद्युत चोरी नहीं की जाएगी बर्दाश्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** स्योहारा के बिजलीघर में एसडीओ के पद पर हाल ही में गाजियाबाद से स्थानांतरित होकर आए राकेश कुमार ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। पूर्व में तैनात एसडीओ नाजिम अहमद के तबादले के बाद अब राकेश कुमार ने पदभार ग्रहण कर क्षेत्र की बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए कमर कस ली है।

व्यवहार कुशल अधिकारी के रूप में पहचान रखने वाले राकेश कुमार ने कार्यभार संभालने के साथ ही उपभोक्ताओं और विभागीय स्टाफ से सीधे संवाद करते हुए साफ संदेश दिया है कि हर उपभोक्ता की जायज समस्या का समाधान किया जाएगा, लेकिन बिजली चोरी किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसडीओ राकेश कुमार ने कहा कि यदि किसी उपभोक्ता को बिजली से संबंधित कोई भी समस्या है तो वह बिना किसी हिचक के निर्धारित कार्यालय समय में बिजलीघर आकर उनसे सीधे संपर्क कर सकता है। सभी शिकायतों और प्रार्थना पत्रों को विनम्रता और गंभीरता से सुना जाएगा तथा उनका समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। राकेश कुमार ने साफ शब्दों में कहा अगर कोई उपभोक्ता बिजली चोरी करते हुए पकड़ा जाता है तो उसके खिलाफ विभागीय नियमों के अंतर्गत सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह न केवल कानून का उल्लंघन है बल्कि ईमानदार उपभोक्ताओं के साथ अन्याय भी है। उन्होंने सभी घरों व दुकानों के उपभोक्ताओं से समय से अपने बिजली बिल जमा करने की भी अपील की है। राकेश कुमार ने कहा कि समय से बिल जमा करना न केवल आपकी जिम्मेदारी है बल्कि इससे क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था भी सुदृढ़ रहती है। राकेश कुमार का कहना है कि उनका उद्देश्य केवल विभागीय कार्यवाही करना नहीं बल्कि जनता की समस्याओं को सुनना, समझना और उनका समाधान करना है। वह चाहते हैं कि विद्युत विभाग और उपभोक्ताओं के बीच भरोसे और सहयोग का माहौल बने।

# डग्गामार पुराने स्कूली वाहन बन रहे मासूम बच्चों के लिए खतरा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** क्षेत्र में एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें स्कूल वाहन में छोटे-छोटे नन्हे मुन्ने मासूम बच्चे खराब हुए स्कूल वाहन में धक्का लगा रहे है।

आपको बता दें ज्यादातर स्कूलों में खटारा कबाड़ वाहन स्कूल में बच्चों को लाना ले जाना कर रहे हैं। में कबाड़ वाहनों में बच्चे सफर कर रहे हैं। बच्चों के साथ किया जा रहा खिलवाड़ कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। शासन-प्रशासन इस और ध्यान नहीं दे रहा है।

बता दे की स्कूल स्टाफ से अगर बात होती है तो वह सुरक्षा का दावा करते हैं। आपको बता दें जिस वाहन में बच्चे धक्का लगा रहे हैं। वह वहां के स्नेह पब्लिक स्कूल का बताया जा रहा है। देखते हैं इस खबर के बाद शासन-प्रशासन क्या कार्रवाई करता है।

# युवाओं के नशे की लत से सामाजिक ढांचा खतरे में: डॉ. मनोज वर्मा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर में सामाजिकता में अपनी अलग ही पहचान रखने वाले नगर के प्रसिद्ध वरिष्ठ चिकित्सा एवं समाजसेवी डॉ. मनोज वर्मा ने युवाओं में नशे की आदत के कारण बिगड़ते घर के हालात पर अपने विचारों में उन नशा करने वाले युवाओं को संदेश देते हुए कहा है कि नगर व क्षेत्र में तेजी से बढ़ती नशे की लत युवाओं के भविष्य को अंधकार की ओर धकेल रही है।

उन्होंने कहा कि शराब, नशे के इंजेक्शन, नशीली गोलियां और अन्य प्रकार के नशे का सेवन अब युवाओं में एक खतरनाक प्रवृत्ति बन चुकी है जो न केवल उनके जीवन को बर्बाद कर रही है बल्कि समाज की जड़ों को भी खोखला कर रही है। डॉ मनोज वर्मा ने बताया कि क्षेत्र के कई घर नशाखोरी के कारण बदनामी का दंश झेल रहे हैं। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि उन परिवारों की बहन-बेटियों के विवाह में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। समाज में विश्वास और सम्मान खोते जा रहे हैं और यह चिंता का गंभीर विषय बन गया है। नशे की गिरफ्त में फंसे युवाओं को सही मार्गदर्शन, सहयोग और मानसिक समर्थन की आवश्यकता है। समय आ गया है कि युवा पीढ़ी इस बुराई को त्याग कर अपने परिवार का सहारा बने और समाज में एक सकारात्मक पहचान स्थापित करे। समाज के जागरूक नागरिकों, शिक्षकों, अभिभावकों और प्रशासन को मिलकर इस गंभीर समस्या के समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। अगर अभी नहीं चेता गया तो यह सामाजिक संकट आने वाले समय में और भयावह रूप ले सकता है। डॉ. मनोज वर्मा ने नशा करने वाले युवाओं को संदेश दिया है कि आप समाज में अपनी इमेज के साथ-साथ अपने परिवार को भी बदनामी के गड्ढे में डाल रहे हैं। आप इस नशे की आदत से दूर हो जाओ और समाज का एक बेहतरीन सामाजिक नागरिक बनकर उभरो और इससे तुम्हारे परिवार एवं घर की बहन बेटियों का भी सम्मान बढ़ेगा।

# वार्षिक सम्मेलन भव्य रूप से मनाया जाएगा

## आर्य प्रतिनिधि सभा की त्रैमासिक बैठक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आर्य प्रतिनिधि सभा बिजनौर की अंतरंग समिति के सदस्यों की त्रैमासिक बैठक रविवार को आर्य समाज बिजनौर के वेद भवन में आहूत की गई। जिला प्रशासक/ प्रधान रविंद्र पाल सिंह की अध्यक्षता एवं सह प्रशासक/ मंत्री मास्टर ब्रह्मपाल सिंह व आर्य समाज बिजनौर के प्रधान डॉ. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस के संचालन में आयोजित बैठक में आर्य जनों ने नवंबर माह में होने वाले वार्षिक सम्मेलन पर चर्चा की।

बैठक के आरंभ में ईश्वर स्तुति, प्रार्थना, वंदना एवं भजनों की सुंदर-सुंदर प्रस्तुति दी गई। इस दौरान सभी वक्ताओं ने सुझाव दिए कि आगामी वार्षिक सम्मेलन में जनपद के उपदेशको/ भजनोंपदेशको को ही बुलाया जाए और सम्मेलन को भव्य रूप दिया जाए। प्रदेश उप मंत्री विजेंद्र सिंह ने बताया कि जनपद के सभी आर्यों एवं उपदेशकों को सम्मेलन में बुलाया जाएगा। साथ ही आर्य प्रति. निधि सभा उत्तर प्रदेश के प्रधान देवेंद्र पाल सिंह आर्य को भी आमंत्रित किया जाएगा।

बैठक में अपने-अपने संबोधन में देवेंद्र सिंह, घासीराम आर्य, आलोक भारद्वाज, देवानंद आर्य, शिशुपाल सिंह, डॉ. सुबोध शर्मा, सोमपाल सिंह आर्य, मुकुल आर्य, अमन सिंह, विक्रम सिंह, भानु प्रताप सिंह, तेजपाल सिंह, गुणपाल सिंह, अजय कुमार वशिष्ठ, विनोद कुमार आर्य, कार्मेंद्र सिंह आर्य, सत्येंद्र सिंह, विजेंद्र सिंह, संदीप आर्य, रणधीर सिंह एवं विश्वजीत आर्य आदि ने आर्य समाज की सभी इकाइयों को मजबूत करने के लिए प्रचार प्रसार पर जोर देते हुए अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का आह्वान किया। जनपद के तीन आर्य समाजियों रविंद्र पाल सिंह आर्य, नरेश दत्त आर्य एवं जयप्रकाश आर्य द्वारा वानप्रस्थ की दीक्षा लिए जाने पर उन्हें शॉल ओढ़ाकर फूल माला पहनाते हुए सम्मानित किया गया।

बैठक के समापन पर विगत दिनों अहमदाबाद विमान दुर्घटना एवं केदारनाथ में हेलीकॉप्टर क्रैश हो जाने पर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया गया। तदोपरांत सह भोज का आनंद लिया गया।

# छत से गिरकर युवक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** गांव जिरोठी में छत से गिरने के दौरान एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में परिवार के लोगों ने उसे सीएचसी नहटौर में भर्ती कराया गया।जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार नहटौर क्षेत्र के गांव जिरोठी निवासी 36 वर्षीय तरुण कुमार पुत्र कृपाल सिंह अपनी छत पर गया हुआ था। बताया जाता है कि रविवार की रात करीब 9:30 बजे वह अचानक छत से नीचे गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिवार के लोगों ने उसे नहटौर सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिवार के लोगों ने कोई कार्रवाई नहीं चाहिए और शव को गांव ले गए। सोमवार को गमगीन हाल में शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

थानाध्यक्ष धीरज नागर ने मामले की जानकारी से इंकार किया है।

# भाकियू की बैठक में गन्ना भुगतान न होने से रोष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** ब्लॉक कार्यालय परिसर में भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की मासिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर गहन चर्चा हुई। बैठक में प्रमुख मुद्दा बिलाई चीनी मिल द्वारा बकाया गन्ना भुगतान रहा, जिसे लेकर कार्यकर्ताओं ने रोष व्यक्त किया।

मुख्य अतिथि जिला महासचिव नतेंद्र प्रधान एवं तहसील अध्यक्ष उदयवीर सिंह ने कहा कि मिल प्रबंधन की लापरवाही से किसान आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। यदि शीघ्र भुगतान नहीं किया गया तो जुलाई के अंतिम सप्ताह में हल्दौर में एक बड़ी पंचायत का आयोजन कर आंदोलन छेड़ा जाएगा। बैठक में नहर की जर्जर स्थिति, चकबंदी में अनियमितता, तहसील स्तर पर फैले भ्रष्टाचार, हल्दौर में तहसील की स्थापना और विद्युत विभाग द्वारा जारी गलत बिजली बिलों जैसे मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं ने इन सभी समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की।

बैठक में संगठनात्मक पुनर्गठन भी किया गया। बिजनौर तहसील अध्यक्ष उदयवीर सिंह ने रोहित चौहान को तहसील महासचिव, हेमेंद्र कुमार और विजित कुमार को तहसील सचिव तथा मोहित चौधरी उर्फ मोनू को ब्लॉक महासचिव पद पर नियुक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हल्दौर ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने की। इस अवसर पर हुकम सिंह, मुकेश कुमार, विजेंद्र तोमर, नौबहार सिंह, पीतांबर सिंह, कपिल कुमार, मनोज कुमार, केशव कुमार, अनिल कुमार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### गुलदार के शावक दिखने से दहशत

**कोतवाली देहात।** ग्राम बरूकी के जंगल में गुलदार के दो शावक मिलने से ग्रामीणों में भय का माहौल है। मामले की सूचना वन विभाग को दी गई है। ग्राम शादीपुर निवासी महेंद्र चौधरी का खेत ग्राम बरूकी के मौजे गांगू नगली में है। सोमवार को पुनीत चौधरी अपने खेत में काम कर रहे थे तभी उन्हें महेंद्र चौधरी के खेत में गुलदार के दो शावक नजर आए। सूचना पर आस-पास खेतों में काम कर रहे कई किसान पहुंच गए। मामले की सूचना वन विभाग को दे दी गई है। पुनीत चौधरी ने बताया कि जंगल में मादा गुलदार पिछले काफी दिनों से देखी जा रही है। ग्रामीणों ने पिंजरा लगाने की मांग की है।

### स्योहारा सीएचसी का निरीक्षण



**स्योहारा।** मंडल मुरादाबाद व जिला बिजनौर की स्वास्थ्य विभाग टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा का निरीक्षण किया। टीम में मंडल बरेली से यूएनडीपी प्रोग्राम ऑफिसर प्रियंक सिंह, बिजनौर वीसीसीएम राजीव केसर और जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. केपी सिंह शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान वैक्सीन स्टॉक एक्सपायरी डेट, कोल्ड चेन रूम आदि की जांच की गई। डॉ. केपी सिंह ने बताया कि बच्चों के लिए वैक्सीन की गुणवत्ता और सुरक्षित भंडारण सुनिश्चित करना प्राथमिक उद्देश्य है। कुछ छोटी कमियां मिलने पर तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए। इस मौके पर एएनएम और बीडब्ल्यूआर समीक्षा बैठकें भी हुईं। खराब रिपोर्टिंग वाले उपकेंद्रों को स्पष्टीकरण देने और सुधार न होने पर वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। लेबर रूम के निरीक्षण में स्टाफ नर्स को निर्देश दिया गया कि सभी नवजातों को 24 घंटे के भीतर हेपेटाइटिस बी की जीरो डोज दी जाए। डॉ. बी. के स्नेही ने बताया कि यह डोज मुफ्त में उपलब्ध है और इसका उद्देश्य नवजातों को हेपेटाइटिस बी से सुरक्षित करना है। इस मौके पर कई स्वास्थ्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### अकबर चौधरी को किया सम्मानित



**स्योहारा।** मोहर्रम के मौके पर आयोजित महीगिरान अखाड़े में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें आदिल चौधरी के पुत्र अकबर चौधरी को उनकी बहादुरी और सामाजिक योगदान के लिए पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर आसिफ नेता, दानिश चौधरी, फैसल चौधरी, रयान चौधरी, अल्तमश चौधरी, जुबैर चौधरी, अनस चौधरी, दाऊद, गफ्फार, दानिश, मोहम्मद अदनान चौधरी, साहिल, शमीम व अखाड़ा कमेटी के इरशाद महीगीर, इमरान महीगीर व कमेटी के अन्य सदस्यों ने सम्मानित किया है। इस अवसर पर अकबर चौधरी ने महीगिरान अखाड़ा कमेटी के सभी पदाधिकारी व मेंबरों का आभार करते हुए कहा है कि जो सम्मान आपके द्वारा दिया गया है उसको हमेशा याद रखा जाएगा और मोहर्रम की इस परंपरा को सदा इसी तरह से चलाते रहेंगे, जिससे युवा वर्ग को अपनी कला दिखाने का अवसर प्राप्त होता है।

### अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की पौध तैयार करने के लिए सरकार की बड़ी पहल

# यूपी में ब्लॉक स्तर पर स्थापित होंगीं एस्ट्रो लैब्स

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ बलिया जिले के सभी 17 ब्लॉकों में विज्ञान एवं खगोल शास्त्र प्रयोगशालाएं स्थापित की जा चुकी, बच्चे अंतरिक्ष के रहस्यों से हो रहे रूबरू

**लखनऊ।** उप्र में अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की पौध तैयार करने के लिए ब्लॉक स्तर पर सरकारी स्कूलों में एस्ट्रो लैब्स तैयार की जा रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के कई जिलों के ब्लॉक के सरकारी स्कूलों में पीपीपी मॉडल पर एस्ट्रो लैब बनकर तैयार भी हो गई हैं, जहां बच्चे केवल किताबों से ही नहीं, बल्कि टेलीस्कोप, पीआर और माइक्रोस्कोप के जरिए अंतरिक्ष के रहस्यों से रूबरू हो रहे हैं।

अधिकृत सूत्रों ने सोमवार को बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और तकनीक-समर्थ शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। उनके इसी विजन को एस्ट्रो लैब्स साकार कर रही है, जहां ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र अंतरिक्ष, प्रकाश, गुरुत्वाकर्षण जैसे जटिल सिद्धांतों को लैब्स के जरिए समझ पा रहे हैं। योगी सरकार ने इस एस्ट्रो लैब्स को अमृत काल लर्निंग सेंटर्स का नाम दिया है। इसे पीपीपी मॉडल पर तैयार किया जा रहा है। सीएम योगी के निर्देश पर प्रदेश के कई ब्लॉक के सरकारी स्कूलों में एस्ट्रो लैब्स बनकर तैयार हो गई हैं। यहां पर बच्चों को डॉबसोनियन टेलीस्कोप, पीआर हेडसेट, माइक्रोस्कोप और मानव शरीर रचना मॉडल जैसे अत्याधुनिक उपकरणों के जरिए उनके ज्ञान को बढ़ाया जा रहा है। इतना ही नहीं शिक्षकों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम, वीडियो गाइड और मेंटरशिप की व्यवस्था की गई है, ताकि वे बच्चों को आधुनिक विज्ञान के साथ जोड़ सकें। बलिया के जिलाधिकारी मंगला प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप बलिया के सभी 17 ब्लॉकों में विज्ञान एवं खगोलशास्त्र प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं, वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया जा रहा है। यह लैब्स बच्चों को अनुभव आधारित और जिज्ञासा-आधारित शिक्षा को प्रोत्साहित कर रही हैं। बलिया के मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज ने बताया कि एस्ट्रो लैब्स को स्थापित करने में 2.5 से 3 लाख रुपए का खर्च का रहा है। इसमें उपकरण और शिक्षकों का प्रशिक्षण भी शामिल है।

## इसरो अध्यक्ष ने की योगी से मुलाकता

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एवं भारत सरकार के अंतरिक्ष विभाग के सचिव डॉ. वी नारायणन ने सोमवार को मुलाकात की।

इस शिष्टाचार भेंट में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान राज्य के लिए रिमोट सेंसिग तकनीकों के माध्यम से विकास की नई संभावनाओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान इसरो अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को रिमोट सेंसिग क्षेत्र में अब तक हुई प्रगति और उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मौसम पूर्वानुमान, वन और हरित क्षेत्र की निगरानी, भूजल प्रोफाइल, मानचित्रण और जलवायु परिवर्तन जैसे विषयों पर पहले से ही व्यापक कार्य हो चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में आकाशीय बिजली से हो रही जनहानि पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए सुझाव दिया कि उत्तर प्रदेश के लिए पृथक उपग्रह विकसित किया जाए, जो विशेष रूप से आकाशीय बिजली की पूर्व चेतावनी देने में सक्षम हो। योगी ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में राज्य में बिजली गिरने की घटनाओं में औसतन 300 लोगों की मृत्यु हुई है।

# रास्ते के नाम पर वृंदावन में आस्था न बिगाड़े सरकार

**लखनऊ, वार्ता**



■ वृंदावन की पहचान कृष्ण की रासलीला से पूरी दुनिया में: अखिलेश

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को आरोप लगाया कि वृंदावन में कॉरिडोर के नाम पर कुंज गलियों का पौराणिक स्वरुप बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

यादव ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वृंदावन की पहचान भगवान कृष्ण की रासलीला और कुंज गलियों के लिए पूरी दुनिया में है। यहां दुनिया के कोने कोने से श्रद्धालु प्राचीन मंदिर और कुंज गलियों को देखने आते हैं, मगर सरकार कॉरिडोर के नाम पर इन कुंज गलियों का स्वरुप बिगाड़ रही है, जो ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि कॉरिडोर के नाम पर न जाने कितने प्राचीन मंदिर नष्ट हो जाएंगे और गलियों को चौड़ा करने से उनकी सुंदरता पर भी आंच आएगी। सरकार को चाहिए कि इटली के धार्मिक नगर वेनिस की तर्ज पर कॉरिडोर का निर्माण करे, ताकि कुंज गलियों की सुंदरता बरकरार रहे। सरकार का तर्क है कि गलियां चौड़ी होने से श्रद्धालुओं को सुविधा होगी। यदि ऐसा ही होता तो प्रयागराज महाकुंभ जो इतने बड़े क्षेत्रफल में फैला था,वहां अप्रिय घटना को रोका जा सकता था। सपा अध्यक्ष ने आरो‍प लगाया कि काशी की तरह सरकार कान्हा नगरी में भी कॉरिडोर के नाम पर पौराणिक सुंदरता को बिगाड़ना चाहती है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**

**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक

**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

☎ 0591-2313314

मुख्यालय:

मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263

**www.shahtimesnews.com**

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# भाजयुमो अध्यक्ष से मारपीट में खालिद व बेटा अब्दुल्ला अरेस्ट

## स्कार्पियो भी पुलिस ने की सीज



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शहर कोतवाली पुलिस ने लकड़ी व टाइल्स कारोबारी खालिद व उसके पुत्र अब्दुल्ला को भाजयुमो अध्यक्ष व उसके साथी से गाड़ी खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में मारपीट के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनकी स्कार्पियो भी सीज कर दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार बीती रात करीब दस बजे भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रोबिन चौधरी व नगर के प्रसिद्ध कारोबारी एवं समाजसेवी खालिद पुत्र ताहिर निवासी नया मछली बाजार के बीच गाड़ी हटाने को लेकर विवाद हो गया था। इस छोटे से विवाद को तूल दे दिया गया। भाजमुयो के जिलाध्यक्ष रोबिन चौधरी का आरोप है कि खालिद, उसके पुत्र अब्दुल्ला व मौके पर इकट्ठा हुए अन्य लोगों ने उन्हें गालियां देते हुए उनकी गाड़ी पर हमला बोल दिया। उनकी गाड़ी में बैठे तुषार के साथ मारपीट की गई। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 584/25 धारा 109 (1), 3 (5), 352, 351 (2), 191 (2) व 126 (2) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत कर खालिद व उनके पुत्र अब्दुल्ला को गिरफ्तार कर लिया है।

भाजयुमो के जिलाध्यक्ष रोबिन चौधरी का आरोप है कि वह रात्रि करीब 10:20 बजे धामपुर से लौट रहे थे। उन्हें अपने मित्र तुषार मलिक को आवास विकास कॉलोनी में छोड़ना था। जब उनकी गाड़ी बिजनौर इंटर कॉलेज के सामने पहुंची, तो खालिद अपनी स्कार्पियों गाड़ी को पीछे कर रहे थे। जिसके कारण कई अन्य गाड़ियां सड़क पर रुक गई। गाड़ी हटाने को लेकर खालिद व रोबिन चौधरी के बीच कहासुनी हो गई। खालिद ने गाड़ी में बैठे रोबिन के साथी तुषार को थप्पड़ मार दिया। इस बीच वहां कई अन्य लोग भी इकट्ठा हो गए। रोबिन चौधरी का आरोप है कि खालिद व उसके पुत्र ने गाड़ी से उतर कर उन्हें गालियां दी और कहा कि तुम बहुत नेतागिरी दिखाते हो। तुमने फ्लैक्सी फाड़ने के मामले में भी मुस्लिमों के विरूद्ध मुकदमे लिखाये हैं। रोबिन का आरोप है कि उक्त लोगों ने जान से मारने की नीयत से उनकी कार पर हमला बोल दिया। उन्होंने कार के शीशे व गेट लॉक कर लिये और पुलिस को फोन किया। इस दौरान उक्त लोगों ने कार में बैठे तुषार के साथ मारपीट भी की। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी।

दूसरी तरफ खालिद पक्ष का कहना है कि मौके पर ऐसा कुछ नहीं हुआ था। इस मामले को बेवजह तूल दिया गया है। बताया जाता है कि पिछले कुछ वक्त से नगर में माहौल खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। छोटे-छोटे मामलों को तूल दिया जा रहा है।

## पत्रकारों की समस्याओं पर चर्चा

**अफजलगढ़।** स्थानीय धर्मशाला में वेलफेयर प्रेस क्लब रजिस्टर्ड की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को और मजबूत बनाने तथा पत्रकारों की समस्याओं के समाधान को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक की अध्यक्षता सुनील कुमार ने की जबकि संचालन सुनील नारायण ने किया। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष विनय भार्गव ने कहा कि यदि किसी पत्रकार के साथ कोई गंभीर समस्या होती है, तो संगठन उसे प्राथमिकता के आधार पर हल कराएगा। उन्होंने कहा कि अगर किसी विभाग में किसी पीड़ित को बेवजह परेशान किया जाता है, तो संगठन चुप नहीं बैठेगा और पीड़ित का साथ देगा। अध्यक्ष ने कहा कि वेलफेयर प्रेस क्लब का मुख्य उद्देश्य गलत के खिलाफ आवाज उठाना और दबे-कुचले लोगों की आवाज को कलम के माध्यम से जिम्मेदार अधिकारियों तक पहुंचाना है। उन्होंने दो टूक कहा कि अगर किसी को अनावश्यक रूप से परेशान किया गया, तो संगठन पूरी मजबूती के साथ उसके समर्थन में खड़ा रहेगा।

बैठक में वेलफेयर प्रेस क्लब अध्यक्ष विनय भार्गव, सुनील नारायण, संगम चौहान, सुनील कुमार, अगम जैन, अनिल नारायण, अब्दुल बारी, क्षितिज रस्तौगी, गिरेंद्र सिंह, कोमल, मुकेश शर्मा आदि संगठन के अन्य पदाधिकारी और पत्रकार मौजूद रहे।

# डॉ. सालिक ने नींदड़ू में लगाया शिविर



## दांत की बीमारियों से किया खबरदार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नींदड़ू।** प्रसिद्ध दंत रोग चिकित्सक डॉ. मौहम्मद सालिक ने दोतों की बीमारियों के प्रति खबरदार करते हुए कहा कि इलाज में लापरवाही नुकसानदाय साबित हो सकती है।

प्राप्त समाचार के अनुसार धामपुर के प्रसिद्ध दंत रोग चिकित्सक डॉ. मौहम्मद सालिक के द्वारा सराहनीय कार्य करते हुए यहां पर नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। उन्होंने मरीजों को खबरदार करते हुए कहा कि दांत की बीमारियों का इलाज शुरू में ही कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि दांत शरीर का अहम हिस्सा होता है। आजकल दांतों व मसूड़ों की कई तरह की बीमारियां सामने आ रही है। बाद में मरीज दांतों की बीमारियों को हल्के में लेता है और उसका उपचार नहीं कराता है। कई बार सस्ते के चक्कर में मरीज झोलछाप के जाल में फंस जाता है। जिससे मरीज ठीक नहीं होता है और उसका मर्ज बढ़ जाता है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि हमें दांतों की नियमित सफाई करनी चाहिए। खाना जबाकर खाना चाहिए। खाना खाने के बाद भी दांतों और मुंह की अच्छी तरह सफाई करनी चाहिए। रात को सोने से पहले भी दांतों की सफाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुंह से आने वाली बदबू खतरे की घंटी होती है। इससे पास वालों को तो परेशानी होती ही है, साथ ही खुद मरीज भी बड़ी मुस्किल में फंस जाता है।

# भाकियू की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक की एक मासिक पंचायत संपन्न हुई, जिसमें किसानों के लिए विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय ब्लाक परिसर स्थित डबाकरा हॉल में भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक की एक मासिक पंचायत यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष महल सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुई। पंचायत में संगठन का विस्तार करने मजबूत सक्रियता बनाएं रखने पर जोर दिया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष महल सिंह ने किसानों से समस्याओं के बारे में जानकारी हासिल कर आगामी समस्याओं के निस्तारण हेतु विचार विमर्श किया गया।

पंचायत में ब्लॉक अध्यक्ष महल सिंह के अलावा तहसील अध्यक्ष दर्शन सिंह फौजी, महेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, कुलविंदर सिंह, घनश्याम सिंह, चंद्रपाल सिंह उर्फ भूरे, विजयपाल सिंह, कमल सिंह, गजराज सिंह, लखपत सिंह, शिवकुमार आदि दर्जनों किसान मौजूद थे।

# खालिद की जमानत से बौखलाए भाजपाई

## मछली बाजार में घर पर फिर पुलिस की दबिश, भीड़ जमा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष से कथित टकरार एवं उनके साथी से मारपीट के मामले में गंभीर धाराओं में गिरफ्तार किए गए मछली बाजार निवासी समाजसेवी खालिद व उनके पुत्र अब्दुल्ला को जमानत मिलने से भाजपाई बौखला गए है।

प्राप्त समाचार के अनुसार भाजपा नेताओं जैसे ही खालिद व उनके पुत्र अब्दुल्ला को कोर्ट से जमानत मिलने के बारे में पता चला, तो हलचल तेज हो गई। पुलिस से पूछा जाने लगा कि इतनी गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज होने के बावजूद कोर्ट से कैसे खालिद व उनके पुत्र अब्दुल्ला को कैसे जमानत मिल गई। किसी ने पुलिस पर मजबूत लिखत-पढ़त न करने का आरोप लगाया। तो किसी ने अलग तरह की टिप्पणी की। भाजपाईयों के तेवर देखते हुए पुलिस भी दबाव में आ गई। बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी रात लगभग आठ बजे नया मछली बाजार स्थित खालिद के घर पहुंच गए। उनके साथ महिला पुलिसकर्मी भी थी। जिससे खलबली मच गई। पूरे शहर में यह खबर आग की तरह फैल गई। पूर्व चेयरपर्सन पति शमशाद अंसारी सहित अन्य लोग वहां पहुंच गए।

मीडियाकर्मियों का भी कवरेज के लिए पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। शमशाद अंसारी ने पुलिस अधिकारियों को बोल कर इस बारे में जानकारी दी। लगभग एक घंटे तक पुलिस वहां मौजूद रही। वहां पर भीड़ बढ़ती जा रही थी। जिसके बाद पुलिस वहां से खाली हाथ लौट गई।

# अकीदत के साथ निकला मोहर्रम का जुलूस

## अखाड़ों में दिखाए हैरतअंगेज करतब



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर/ताजपुर।** मोहर्रम आखड़ों का जुलूस पुलिस चौकी प्रभारी राजवीर सिंह पीएसी बल के साय में बड़ी अकीदत के साथ निकाले गए। मोहर्रम आखड़ों के जुलुस के दौरान नूरपुर-ताजपुर पीएसी की छवानी में तब्दील कर दिया था।

मौहल्ला पटवारीयान सदर चौक वह हलवाईयान से तीनों मोहर्रम अपनी-अपनी जगह से शुरू हुई। मोहर्रम का जुलूस इमाम हुसैन नारे तकबीर हिन्दुस्तान जिंदाबाद के नारों से आसमान गूंजा। मोहर्रम का जुलूस चौकी बाजार में पहुंचा। जहां पर रहमानिया व महागिरान अखाड़ों में खिलाड़ियों ने हैरतअंगेज करतब दिखाते हुए हर किसी को दांतों के नीचे ऊंगली दबाने पर मजबूर कर दिया है। चौक बाजार में क्षेत्र के दूरदराज इलाकों से हजारों की तादाद में महिलाएं छोटे-छोटे बच्चे मोहर्रम अखाड़ों को देखने पहुंचे। चारों तरफ देखने वालों की भीड़ छतों पर थी। मोहर्रम का महीना गम का महीना है। इस महीने को हजरत इमाम हुसैन की याद में मनाया जाता है। यजीद ने हजरत इमाम हुसैन को उनके बाहत्तर साथियों के साथ कर्बला की सरजमीं पर कत्ल कर दिया गया था। उनकी शहादत में मोहर्रम का दिन मनाया जाता है। इस मौके पर समाजसेवी संभावित प्रत्याशी मकसूद अहमद ठेकेदार, अखिल भारतीय प्रधान संघ उपाध्यक्ष हाजी शमशाद फरीदी, जमील अहमद एड., नईम अहमद एड., इमामुद्दीन इदरिसी, जिला पंचायत सदस्य इमरान भैया, सपा नेता सरफराज सिद्दीकी, नौशाद अंसारी, काजी अंसारी, शमशाद अहमद उर्फ गांधी, दानिश सिद्दीकी, अमजद सिद्दीकी, शाहरुख फरीदी आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे। मोहर्रम अमन शांति के साथ देर रात तक निकाले गए।

# दबंगों ने जान से मारने की नियत से किया हमला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** बीती रात दबंगों ने अपनी दबंगई दिखाते हुए एक व्यक्ति के ऊपर चार-पांच लोगों ने जान से मारने की नीयत से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है।

प्रात समाचार के अनुसार मौहल्ला निवासी चन्द्र प्रकाश त्यागी पर ताजपुर के ही चार युवकों ने जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल कर दिया। चन्द्र प्रकाश त्यागी ऊर्फ पप्पू देर शाम बस स्टैंड से अपने घर वापस आ रहा था। जैसे ही वह अपने घर के निकट पहुंचा, तो घात लगाए बैठे राजू सिंह तोमर पुत्र रामपाल सिंह तोमर, प्रिंस कुमार पुत्र जगदीश सिंह, विनीत पुत्र श्रवण कुमार, नरेंद्र सिंह पुत्र पूरन सिंह ने धारदार हथियारों से जान से मारने की नीयत से चन्द्र प्रकाश त्यागी पर हमला कर दिया। जिसमें चन्द्र प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में परिजन उसे थाने ले गए। पुलिस ने गंभीर हालत देखते हुए। अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते हुए। हायर सेंटर अस्पताल भर्ती कराया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दबंगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की पृष्ठी की है।

# अफजलगढ़ में प्रशासन की नाक के नीचे नियमों की धज्जियां



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** भारतीय स्टेट बैंक के समीप हैरान कर देने वाला नजारा देखने को मिला। जब एक ही बाइक पर चार लोग बिना किसी डर के सवार नजर आए। सड़क सुरक्षा नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाते यह लोग न केवल अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं, बल्कि राहगीरों के लिए भी खतरा बन रहे हैं।

आश्चर्य की बात यह है कि बैंक से कुछ दूरी पर पुलिस मुसतैद होने के बावजूद इस तरह के खतरनाक स्टंट सरेआम हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में दोपहिया वाहनों से हो रही दुर्घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है। लेकिन प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस बेखबर बनी हुई है। लोगों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि यदि समय रहते ऐसे मामलों पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो कोई बड़ा हादसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता।

# लायंस क्लब ने कराया विवाह

## एस.के. बबली एड. ने किया कन्यादान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** लायंस क्लब बिजनौर सिटी द्वारा एक अत्यंत निर्धन व अकेली लड़की का विवाह अपने क्लब की सदस्यों के सहयोग से विशेषकर ला. नीता अग्रवाल एवं लायन एस.के. बबली एड. के विशेष सहयोग से संपन्न कराया।

विवाह अत्यंत सादगी के साथ गुरुद्वारा, बिजनौर में हुआ, जिसमें एस.के. बबली एड. के द्वारा कन्यादान किया गया। इस विवाह में कई एडवोकेट द्वारा भी यथासम्भव सहयोग प्रदान किया गया।

इस अवसर पर विवाह में क्लब अध्यक्ष मीनू गोयल, ला. प्रतिमा सिंह, ला. वंदना त्यागी, ला. प्रशांत गोयल एड., ला. प्रदीप अग्रवाल, ला. मीनल अग्रवाल, ला. डॉ. अशोक चौधरी, सुमन चौधरी, डॉ. ला. निकिता गुप्ता चौधरी, अजय सिंह एड., ला. अंजू जैन, कमला सिंह, डॉ. योगेंद्र सिंह आदि ने सहयोग दिया।

## एक नजर

### सीएम योगी ने दी श्रद्धांजलि



**बिजनौर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज शाम प्रदेश भाजपा के संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह की माता भगवती देवी के निधन पर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त करने के लिए उनके आवास ग्राम हूर नंगला (नगीना) पहुंचे। उन्होंने भगवती देवी के चित्र पर फूल अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर तमाम जनप्रतिनिधि व भाजपा नेता मौजूद थे।

### वन आरक्षियों को प्रशिक्षण



**कालागढ़।** कॉर्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र में वन आरक्षियों को प्रशिक्षण दिया गया। यह सत्र दिसम्बर तक चलेगा। निदेशक बिन्दर पाल ने प्रशिक्षुओं से अनुशासन के साथ अपने पाठयक्रम को पूरा करने व उसे व्यवहार में उतारने का आह्वान किया। प्रशिक्षण उनके सेवाकाल में वन क्षेत्र में काम आएगा। प्रत्येक विषय के प्रशिक्षण को लगन और परिश्रम से सीखें। इन्द्र सिंह बिष्ट ने संकाय सदस्यों के बारे में जानकारी देते हुए आने वाले छह महीनों में प्रशिक्षण के विषय में विस्तार से जानकारी दी। संकाय सदस्य पीएल शाह, बहादुर सिंह बिष्ट व अथहर महमूद सिद्दीकी ने अनुशासन बनाए रखने, वर्दी में कक्षा में प्रवेश करने, कक्षाओं में मोबाइल फोन के प्रयोग न करने व नशे से दूर रहने को कहा। इस प्रशिक्षण में उत्तराखंड के राजाजी राष्ट्रीय उद्यान, कालागढ़ टाइगर रिजर्व प्रभाग लैंसडॉन, कार्बेट टाइगर रिजर्व रामनगर, गोविंद वन्यजीव विहार एवं राष्ट्रीय पार्क पुरोला, केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग गोपेश्वर, नन्दादेवी राष्ट्रीय पार्क जोशीमठ व गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क गंगोत्री के 36 वन आरक्षी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

### भाकियू के नए अध्यक्ष का स्वागत



**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान का स्वागत हो रहा है। उनके नांगल जट आवास पर किसान नेताओं का तांता लगा हुआ है। किसानों को नए जिला अध्यक्ष से काफी उम्मीदें हैं। जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ने किसानों को आश्वासन दिया कि किसानों की लड़ाई मजबूती से लड़ी जाएगी। आज उनसे मिलने वालों में मास्टर विजय पाल, ठाकुर रामावतार सिंह, मुनेश अहलावत, जगत सिंह, अमित बालियान, संदीप त्यागी, पुष्पेंद्र चौधरी, बिजेंद्र चौधरी, आशु चौधरी, सौरभ कुमार, बिजेंद्र सिंह, अमरपाल सिंह आदि शामिल थे।

### सांसद इमरान मसूद का स्वागत



**धामपुर।** नगीना रोड स्थित आर.के. फार्म हाउस पर आयोजित संगठन सृजन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे सहारनपुर से सांसद इमरान मसूद का भव्य स्वागत किया गया। धामपुर नगर कमेटी के नेता डॉ. नदीम नजाकत खाँ ने अपने समर्थकों संग कार्यक्रम में पहुंचकर फूल-मालाएं पहनाकर सांसद का अभिनंदन किया। उनके साथ लौकेन्द्र चौहान, अहसन जमील, जावेद अंसारी, नसीम राणा मंसूरी, नौशाद अंसारी, वसीम रजा, जसराम सिंह व हरि सिंह सागर सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान संगठनात्मक मजबूती, सामाजिक समरसता और आगामी कार्य योजनाओं को लेकर चर्चा हुई।

### नगीना देहात में सुमन अरेस्ट

**बिजनौर।** नगीना देहात पुलिस ने जनपद अमरोहा के थाना गजरौला अंतर्गत ग्राम सुल्तान ठेर निवासी चमन उर्फ सुमन पत्नी जगदीश को गिरफ्तार किया है। पीड़िता छह जुलाई को ग्राम कोटकादर के मेले में घूमने के लिए आई थी। जहां पर उसके गले से सोने की चेन खींच ली गई थी। पुलिस ने धारा 304 बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया था। इस मामले में सुमन का नाम प्रकाश में आया था।

### बास्टा का गौरव गिरफ्तार

**बिजनौर।** चांदपुर थाने में 18 मई को ग्राम बीवीपुरा निवासी खेमचंद पुत्र गोपाल सिंह ने तहरीर दी थी कि नीरज पुत्र चरन सिंह, विमल पुत्र अमर सिंह, सौरभ पुत्र पप्पू सिंह एवं नन्हे पुत्र मान सिंह ने उसके पुत्र ईश्वर प्रसाद के साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। विरोध करने पर जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार व लोहे की रॉड से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने एससी/एसटी एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने इस मामले में गौरव पुत्र रोहताश निवासी ग्राम वास्टा को गिरफ्तार किया है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# ड्राइविंग लाइसेंस के नाम पर अवैध वसूली

## किसान मजदूर संगठन ने सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के नाम पर हो रही अवैध वसूली एवं आवेदकों को परेशान करने का मामला तूल पकड़ रहा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार किसान मजदूर संगठन (पूरन) के कार्यकर्ताओं ने कुंवर रसिक चौहान के नेतृत्व में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के कार्यालय में पहुंच कर उनको ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि पिछले कुछ माह से बिजनौर में ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। सरकार द्वारा दो पहिया वाहन के लाइसेंस की जो फीस तय गई है, वह लगभग 1300 रुपए है। परन्तु लाइसेंस जारी करने के नाम पर सात से आठ हजार रुपए की अवैध वसूली की जा रही है, जो अति निंदनीय है। विभाग द्वारा एक परीक्षा रखी गई है। जिसको पास करने के बाद भी उसमें कोई न कोई कमी बता दी जाती है और लाइसेंस को निरस्त कर दिया जाता है। लाइसेंस बनवाने के नाम पर पैसा वसूला जाता है। एक गरीब किसान परिवार जो कि बहुत ही कष्टों में रह कर अपना जीवन यापन करता है, वो कैसे ही इस धनराशि को जमा कर पायेगा। किसान मजदूर संगठन (पूरन) के पास तमाम शिकायतें आने के पश्चात इस पर संज्ञान लिया गया है।

संगठन के नेताओं ने कहा कि लाइसेंस जारी करने के नाम पर ठगी करने वाले अधिकारियों पर उचित कार्यवाही की जाए। यदि 15 दिन में इस पर कोई नियंत्रण नहीं पाया गया, तो किसान मजदूर संगठन(पूरन) के कार्यकर्ता सर्व समाज के साथ मिलकर पूरे प्रदेश के क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों का घेराव कर धरना प्रदर्शन करेंगे।

# विहिप व बजरंग दल के स्वास्थ्य शिविर में 77 मरीजों की जांच



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंगदल के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को नगर के बड़ा शिव मंदिर धर्मशाला में एक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया, जिसका शुभारम्भ विधिवत रूप से भारत माता व श्री राम दरबार के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया गया।

शिविर में मुख्य अतिथि प्रान्त सुरक्षा प्रमुख बजरंगदल मेरठ प्रान्त के आशीष, डॉ. सोहनवीर सिंह, डॉ. श्रुतिपाल सिसोदिया, शिवम वर्मा बजरंगदल विभाग सह संयोजक बजरंगदल द्वारा दीप जलाकर किया गया। चिकित्सा शिविर में डॉ. सोहनवीर व डॉ. श्रुतिपाल सिसोदिया द्वारा करीब 77 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की तथा शिविर में दवाइयां प्राप्त की।

शिविर में आए विशिष्ट अतिथि जायलेश विभाग संगठन मंत्री विश्व हिन्दू परिषद बिजनौर विभाग, नवदीप जिला सह संयोजक बजरंगदल, शगुन चौहान नगर अध्यक्ष विहिप, नगर मंत्री श्रुतिपाल विहिप, सचिन चौहान नगर संयोजक बजरंगदल, कमेंदर, शशांक कौशिक, विशाल सैनी, शिवम् चौहान, अमित चौहान, कुश चौहान, लिटिल, राजकुमार चौहान, पियूष रस्तोगी, अरविन्द चौहान, सौरभ, आदि कार्यकर्ता रहे।

## एक नजर

### सीमा विस्तारीकरण की जगी आस

**नहटौर।** नगर पालिका परिषद नहटौर के सीमा विस्तारण को लेकर तत्कालीन अध्यक्ष स्वर्गीय रशीद अहमद ने शासन को सीमा विस्तार हेतु इसकी स्वीकृति के लिए फाइल भेजी थी, लेकिन किसी कारणवश स्वीकृत नहीं हुई थी। साथ ही वर्तमान में अधिशासी अधिकारी ओम गिरी ने नगर पालिका की आय बढ़ाने के लिए बोर्ड की बैठक में सीमा विस्तारीकरण का प्रस्ताव रखा था, जिसमें सर्वसम्मति से स्वीकृति मिलने पर इस प्रक्रिया को प्रारंभ कर दिया था।अधिशासी अधिकारी ओम गिरी ने बताया कि पालिका का विस्तारीकरण होने से पालिका का कार्य बढ़ जाएगा साथ ही गृह कर जलकर व अन्य मामलों से आय बढ़ेगी तथा कई लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र के विस्तारीकरण के लिए सात ग्रामों को चिन्हित किया गया है जो नगर से जुड़ी हुए है। जिसमें कासमपुर लेखराज, रूखड़ियो, बैरमनगर, सादिकाबाद, सेठपुरधनेश्वर, विशनपुरा, सराय काजियान को शामिल करने का प्रस्ताव है। उन्होंने बताया अभी इसकी स्वीकृति के लिए उप जिलाधिकारी धामपुर को पत्र लिखा गया है। इसके अलावा सीमा विस्तारीकरण को लेकर पूर्व मे हवाला दिया गया कि नगर पालिका नहटौर के गठन होने के बाद आज तक सीमा विस्तारीकरण नही किया गया है। नगर के आसपास की आबादी बढ चुकी है, जो नगर पालिका की मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। नगर पालिका के आसपास विकसित आबादी को शहरीकरण की सुविधाएं उपलब्ध कराने की दृष्टि से नगर पालि. का नहटौर का सीमा विस्तार किया जाना आवश्यक है।

### भागूवाला में डाक व्यवस्था ध्वस्त

**बिजनौर।** थाना मंडावली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भागूवाला में स्थित डाकघर की अव्यवस्थित कार्यशैली के चलते ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को पूरा दिन डाकघर बंद रहा, जिससे आवश्यक कार्यों से आए दर्जनों ग्रामीणों को निराश होकर लौटना पड़ा। डाकघर के बाहर खड़े कुछ ग्रामीणों ने बताया कि वे कई दिनों से लाइसेंस, आधार पत्र व अन्य जरूरी दस्तावेजों के लिए आ रहे हैं, लेकिन हर बार डाकघर बंद मिलता है। एक स्थानीय व्यक्ति ने नाराजगी जताते हुए कहा, मैं पिछले तीन-चार दिनों से लाइसेंस लेने आ रहा हूं, लेकिन डाकघर का ताला कभी नहीं खुलता। जब मीडिया कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया, तो पाया कि डाकघर वाकई पूरी तरह बंद था। आसपास के दुकानदारों व स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस डाकघर का कोई निश्चित समय नहीं है। कभी यह सुबह 11 बजे से एक बजे तक खुलता है, तो कभी दोपहर 12 से 2 बजे तक और कई बार पूरे दिन बंद ही रहता है। यह स्थिति लंबे समय से बनी हुई है और ग्रामीणों की शिकायतों के बावजूद इस पर कोई सुनवाई नहीं हो रही। जब इस संबंध में डाकघर के कर्मचारी हिमांशु से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने बार-बार फोन करने पर भी कॉल उठाना तक उचित नहीं समझा। इससे स्पष्ट है कि न तो उनके काम में पारदर्शिता है और न ही उत्तरदायित्व की भावना। डाकघर, जहां से आवश्यक सरकारी पत्र, दस्तावेज और लाइसेंस संबंधी सूचनाएं आती हैं, उसकी इस तरह की अनियमितता से क्षेत्र की आम जनता को अत्यधिक असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। दूर-दराज से आने वाले ग्रामीण कई किलोमीटर चलकर लौट जाते हैं और उन्हें बार-बार चक्कर लगाने पड़ते हैं। इस संबंध में ग्रामीणों ने डाक विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि भागूवाला डाकघर की कार्य प्रणाली को नियमित किया जाए और जिम्मेदार कर्मचारियों के विरुद्ध ठोस कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को डाक से जुड़ी सेवाएं समय पर और निर्बाध रूप से मिल सकें।

# खाई में ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नगीना में खेत में मुंजी लगाने जा रहे युवक का ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खाई में पलटने से ट्रैक्टर चला रहे 21 वर्षीय युवक की ट्रैक्टर के नीचे दबकर मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका 15 वर्षीय साथी गंभीर रुप से घायल हो गया।

घटनाक्रम के अनुसार सोमवार की सुबह मौहल्ला आजाद कालोनी, लाइन पार निवासी मुन्नु का 21 वर्षीय पुत्र आशीष कुमार अपने दोस्त ग्राम रहमापुर निवासी भरत सिंह के 15 वर्षीय पुत्र अनुज कुमार के साथ ट्रैक्टर में यूटर लगाकर खेत में मुंजी लगाने जा रहा था। बताया गया कि ट्रैक्टर आशीष चला रहा था। ग्राम हरगांव चांदन से नेशनल हाईवे फोर लाइन पर पहुंचने पर अचानक अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर एक ओर खाई में जा गिरा, जिससे ट्रैक्टर के नीचे दबकर आशीष की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका साथी अनुज कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सक द्वारा गंभीर घायल को चिंताजनक हालत में जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलने पर मृतक के परिजन रोते बिलखते सीएचसी पहुंचे। उधर सूचना पर सीएचसी पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेते हुये पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना में आशीष की मौत से उसके परिजननों में कोहराम मच गया।

# कुपोषण को लेकर समीक्षा बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर क्षेत्र में कुपोषित बच्चों की बढ़ती संख्या को देखते हुए नगर पालिका कार्यालय में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला ने की।

इस बैठक में नगर स्वास्थ्य केंद्र की चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनीता, बाल विकास परियोजना अधिकारी हेमलता सैनी एवं सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं। बैठक का उद्देश्य नगर के विभिन्न मोहल्लों में चिन्हित कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य सुधार को लेकर रणनीति बनाना था। बैठक के दौरान अधिशासी अधिकारी ने कहा कि बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए पौष्टिक एवं संतुलित आहार देना अत्यंत जरूरी है। समय पर भोजन, स्वच्छता, पर्याप्त नींद एवं व्यायाम बच्चों की सेहत सुधारने में सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने बताया कि पालिका प्रशासन स्वच्छता और जन-जागरूकता अभियानों के माध्यम से भी इस दिशा में काम करेगा। साथ ही सरकार द्वारा संचालित पोषण योजनाओं का लाभ सभी पात्र बच्चों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाएगा। सभा में उपस्थित समस्त स्टाफ और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि वे प्रत्येक परिवार तक पहुंचकर पोषण संबंधी जानकारी साझा करें।

# मोहर्रम में लड्डन लारा ने दिखाई अद्भुत अखाड़ा कला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के मोहल्ला चौधरियान निवासी लड्डन लारा ने इस बार मोहर्रम के अवसर पर बाबा बरकतुल्लाह के प्रसिद्ध अखाड़े में अपनी जबरदस्त कला का प्रदर्शन कर सबका दिल जीत लिया। उनके हैरतअंगेज करतब और पारंपरिक जुझारूपन ने अखाड़ा मैदान में मौजूद लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।

मोहर्रम के मौके पर आयोजित इस पारंपरिक अखाड़े में नगर और आसपास के इलाकों से भारी संख्या में लोग जुटे थे। जैसे ही लड्डन लारा अखाड़े में उतरे पूरे मैदान में सन्नाटा छा गया। उन्होंने अपने कुशल और साहसी प्रदर्शन से दर्शकों को रोमांि. चत कर दिया। तलवार चलाना, डंडा कला और शक्ति प्रदर्शन जैसे पारंपरिक युद्ध-कौशल के माध्यम से उन्होंने न सिर्फ परंपरा को जीवित रखा बल्कि युवा पीढ़ी को भी इससे प्रेरित किया।

### दर्शक रह गए मंत्रमुग्ध

बाबा बरकतुल्लाह के अखाड़े में हर वर्ष की तरह इस बार भी कई कलाकारों ने भाग लिया, लेकिन लड्डन लारा का प्रदर्शन सबसे अलग और प्रभावशाली रहा। आयोजकों ने भी उनकी सराहना करते हुए उन्हें विशेष सम्मान देने की घोषणा की। नगरवासियों ने लड्डन लारा को इस परंपरा को जीवित रखने और शानदार प्रस्तुति के लिए बधाइयां दी हैं। मोहर्रम जैसे पवित्र अवसर पर ऐसी प्रस्तुतियां सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करने का कार्य करती हैं।

## स्कूलों को विलय करने का रास्ता साफ

**कासमपुर गढ़ी।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ से स्कूलों के विलय के मामले में चुनौती देने वाली दोनों याचिकाओं को सोमवार को खारिज कर देने से जहां राज्य सरकार को बड़ी राहत मिली है। वहीं प्राथमिक स्कूलों के विलय का रास्ता साफ होने से ब्लाक क्षेत्र के 30 बच्चों से कम की सूची में आने वाले 41 प्राथमिक विद्यालयों का विलय/समायोजन होना तय है। जबकि 50 बच्चों से कम के प्राथमिक विद्यालयों की सूची आने वाली है। जिससे आधे अधिक क्षेत्र के विद्यालयों का समायोजन हो जायेगा और विद्यालय बंद हो जाएंगे। जहां समायोजन की इस प्रक्रिया को कुछ लोगों ने सराहनीय कदम बताया। वहीं कुछ लोगों ने इसे गरीबी हटाना नहीं गरीबों को हटाने वाला व निजीकरण को बढ़ावा देने वाला फैसला बताया है। खंड शिक्षा अधिकारी पीएस राणा ने बताया की ब्लॉक अफजलगढ़ में 162 प्राथमिक विद्यालय संचालित है। जिसमें 101 प्राथमिक प्राइमरी 35 कंपोजिट विद्यालय 26 जूनियर विद्यालय है। सरकार द्वारा जारी आदेश के अनुसार 30 बच्चों से कम के प्राथमिक विद्यालयों की सूची बना ली गई है। जिससे 41 विद्यालयों का समायोजन होना तय है और अभी 50 बच्चों से कम की सूची आना बाकी है। जिसके अनुसार क्षेत्र के आधे से अधिक प्राथमिक स्कूल बंद हो जाएंगे। जहां प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने प्रदेश में हजारों विद्यालयों का समायोजन के नाम पर विद्यालय बंद करने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन कर रहा है और विद्यालयों के बंद न करने के लिए सरकार पर दवाब बना रहे हैं। वहीं कुछ लोगों ने सरकार के इस निर्णय का अच्छा बताया है तथा कुछ लोगों ने सरकार पर आरोप लगाया कि जहां सरकार स्कूल चलो अभियान घर-घर जाकर अध्यापकों को बच्चों को विद्यालय लाने के प्रेरित करना आदि स्कीम सिर्फ छलावा मात्र थी। अगर सरकार चाहती, तो स्कूलों में संख्या बढ़ सकती थी। अगर सरकार विद्यालयों के विलय की बजाय सरकारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आदेश दे दे कि वह अपने बच्चों को प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण करायेंगे अन्यथा उनकी सेवा समाप्त कर दी जाएगी। उसी दिन से इन प्राथमिक विद्यालयों की जो दुर्दशा आज हो रही है। उसी दिन से सुधर जायेगी। लेकिन सरकार नहीं चाहती की सरकारी स्कूल चले। सरकार का मकसद तो निजीकरण को बढ़ावा देना व प्रदेश को निजीकरण की ओर ले जाना है।

# श्रावण मास की शिवरात्रि की तैयारियों को लेकर महाकाल भक्त मंडल की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नगर के मौहल्ला मकबरा स्थित महाकाल भक्त मंडल के संस्थापक अभिनव अग्रवाल एड. के आवास पर एक बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमें संगठन के सदस्यों ने श्रावण मास में प्रत्येक दिन होने वाले रुद्राभिषेक व श्रावण मास की शिवरात्रि पर होने वाली भजन संध्या एक शाम भोले के नाम की तैयारी को लेकर चर्चा की। आम सहमति से कई निर्णय लिए गए। कार्यक्रम को भव्यता से पूर्ण करने के लिए सभी सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई। संगठन के सदस्यों ने बताया कार्यक्रम की तैयारी चल रही है। एक शाम भोले के नाम भव्य भजन संध्या श्रावण मास की शिवरात्रि 23 जुलाई दिन बुधवार को नगर के मौहल्ला मकबरा स्थित गीता भवन मंदिर में सायं सात बजे होगी तथा संगठन के सदस्यों ने एक शाम भोले के नाम भव्य भजन संध्या में आने वाले सभी श्रद्धालु को किसी भी प्रकार की असुविधा न होना सुनिश्चित किया तथा संगठन के सदस्यों ने श्रावण मास की शिवरात्रि पर होने वाले एक शाम भोले के नाम भव्य भजन संध्या में अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं को कार्यक्रम में आकर धर्म लाभ उठाने की अपील की है। मुख्य आकर्षण में आदि योगी का विशाल एवं भव्य दरबार रहेगा।

बैठक में सौरभ कुमार, अभिनव अग्रवाल एड., आदित्य अग्रवाल, अमित चौहान, आकाश भटनागर, देवेंद्र प्रजापति, आयुष्मान चंद्रा, पुलकित विश्नोई, सागर कुमार, अर्पित मेहरा, हन्नी, शानू, हरि ओम, विपिन कश्यप, ऋषभ, रोहित, प्रदीप, रजत, हर्ष शर्मा आदि रहे।

**न्यायालय उप जिलाधिकारी नगीना (बिजनौर)**

वाद संख्या 3047/2025

मौ. आदिल सिद्दीकी पुत्र रईस अहमद, निवासी ग्राम-मंझेड़ा शकरू, परगना व तहसील नगीना, जिला बिजनौर। **-प्रार्थी**

**बनाम**

1- विनीत गुप्ता पुत्र विरेश कुमार गुप्ता, निवासी मौहल्ला-साहुवान, कस्बा, परगना व तहसील-धामपुर, 2- तरूण अग्रवाल पुत्र हरवेन्द्र कुमार अग्रवाल, निवासी मकान 904 सैक्टर-14 गुड़गांव हरियाणा। 3- डॉ. तृप्ति सिंह पत्नी भूपेन्द्र कुमार सिंह, निवासी परिलोक अस्पताल, कालागढ़ रोड, टीचर्स कॉलोनी, कस्बा, परगना व तहसील धामपुर 4-राजबहादुर सिंह पुत्र रामकुमार, निवासी ग्राम बसेड़ा खेमचन्द, परगना व तहसील धामपुर 5-मौ. कासिम पुत्र खलील निवासी ग्राम पीपलसाना, परगना व तहसील धामपुर 6- विपिन कुमार पुत्र रामशरण 7- एकान्त चौहान पुत्र रामशरण सिंह निवासीगण अलाद्दीनपुर भोगी, बसेड़ा कुंवर, परगना व तहसील धामपुर हाल निवासी जीटा नगर-1 ग्रेटर नोएडा, फ्लैट नं. 802 जिला गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र. 8- अनीता सिंह पत्नी यशवीर सिंह, निवासी मौहल्ला- रईसान हल्दौर 9- बलकार सिंह पुत्र तेगा सिंह, निवासी ग्राम कुआखेड़ा, परगना बढ़ापुर, तहसील नगीना 10- रहीसुर्रहमान 11- खलील अहमद 12- शकील 13- अशफाक पुत्रगण अब्दुल रहीम, 14- शाहनवाज पुत्र मौ. यासीन निवासीगण ग्राम मंझेड़ा शकरू, परगना व तहसील नगीना, जिला बिजनौर।

**-प्रतिपक्षीगण**

इश्तहार मजरिया अदालत उपजिलाधिकारी, मुकाम-नगीना दरख्वास्त मुसम्मा-आदिल सिद्दीकी वास्ते धारा-38 (1) उ. प्र. राजस्व संहिता-2006 व किफायत हाय यापतानी मुसम्मा-आदिल सिद्दीकी मुसबफा विनित गुप्ता आदि अपने मूजिब एक्ट 7 सन् 1978 ई.वक्त 10:00 बजे हरगाह मुसम्मा आदिल सिद्दीकी ने दरख्वास्त हुसुल धारा-38 (1) उ. प्र. राजस्व संहिता-2006 है ई. 15 तारीख 07 मास 2025 सन् 113 वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है कि लिहाजा यह इश्तहार जारी किया है कि जिस किसी को निस्वत दरख्वास्त धारा-38 (1) उ.प्र. राजस्व संहिता-2006 के उज्र हो या असालत या बकालतन वक्त 10:00 बजे सुबह अदालत उपजिलाधिकारी नगीना, मुकाम नगीना में तारीख मुकर्रर हाजिर होकर उज्र अपना पेश करे। दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन मिसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्वत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

नियत दिनांक:- 15.07.2025

**न्यायालय परगना मजिस्ट्रेट नगीना (बिजनौर)**

**न्यायालय सिविल जज जू.डि. नगीना (बिजनौर)**

ओएम वाद संख्या 116/25

1. तयांश राजपूत ना. उम्र करीब 4 वर्ष पुत्र परमेन्द्र सिंह संरक्षिका सगी दादी दयावती पत्नी स्व. चन्द्रप्रकाश निवासी ग्राम दौलतपुर सुक्खा, परगना धामपुर, जिला बिजनौर **-प्रार्थी**

1. अमलेश उम्र करीब 39 वर्ष पुत्री स्व. चन्द्रप्रकाश पत्नी श्री अजय कुमार निवासी ग्राम बल्ला शेरपुर, परगना नहटौर, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर

2. नीरज कुमारी उम्र करीब 36 वर्ष पुत्री स्व. चन्द्रप्रकाश पत्नी श्री अवधेश कुमार निवासी ग्राम सैदपुरी महीचन्द, परगना व तहसील नगीना, जिला बिजनौर। **-प्रतिपक्षीगण**

दरख्वास्त मुसम्मा तयांश राजपूत वास्ते हुसूल सार्टीफिकेट वसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतानी मुसम्मा तयांश राजपूत मुसबफा अपने मूजिब एक्ट 7 सन 1978 ई. वक्त हरगाह मुसम्मा तयांश राजपूत ने दरख्वास्त हुसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हुसूल है ई. तारीख 25.07.2025 सन् 113 वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है कि लिहाजा यह इश्तहार जारी किया है कि जिस किसी को निस्वत दरख्वास्त के उज्र हो या असालत या बकालतन वक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज जू.डि. मुकाम नगीना में तारीख मुकर्रर हाजिर होकर उज्र अपना पेश करे। दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्वत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

नियत दिनांक: 25.07.2025

**प्रबंधक**

**सिविल जज (जू.डि.)**

**नगीना (बिजनौर)**

# शपथ ग्रहण समारोह में शमिल हुए सांसद इमरान

## कांग्रेस सांसद ने बिहार में चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर उठाए सवाल




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सहारनपुर के कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा कि वक्फ बोर्ड के मुद्दे को लेकर वह मजबूती से लड़ रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस की सरकार आने पर एक घंटे के अंदर वक्फ बोर्ड कानून को समाप्त कर दिया जाएगा। कांग्रेस सांसद ने आपरेशन सिंदूर को भाजपा का प्रायोजित बताया। अमेरिका के ट्रम्प ने बटन दबाया तो ऑपरेशन सिन्दूर को तुरंत रोक दिया गया। उन्होंने बिहार चुनाव को लेकर चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाए।

सोमवार को नगीना रोड स्थित रसीदपुर गढ़ी के आरके फार्म में कांग्रेस पार्टी का संगठन सृजन अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला व नगर कमेटी के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए कांग्रेस सांसद इमरान मसूद का कांग्रेसियों ने जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद इमरान मसूद ने जिला व शहर कमेटी के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई और कांग्रेस का पटका दिया। कार्यक्रम में सांसद इमरान मसूद ने कहा कि भाजपा की सभी नीति जनता विरोधी है। केवल कांग्रेस ही न्याय और भाईचारे की बात करती है। कांग्रेस का नारा नफरत हटाओ-भाईचारा बनाओ है। सांसद इमरान मसूद ने मंच से भाजपा सरकार पर साधा निशाना। वक्फ बिल के जरिये भाजपा गरीबों की जमीने हड़पना चाहती है। वह इस मुद्दे पर मजबूती से लड़ रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस की सरकार आने पर एक घंटे के अंदर वक्फ बोर्ड कानून को समाप्त कर देंगे। जिस दिन से मुस्लमान बीजेपी को हराने की बात करना छोड़ देगा। उस दिन कांग्रेस जीत जाएगी। उन्होंने कहा कि जिस दिन से तुमने कांग्रेस को जिताने का नारा लगाना शुरू किया, तो उस दिन से भाजपा हारना शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि हम कैसे विश्वगुरु हो गए। जब यूनाइटेड नेशन में सारे वोट पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान को मिले है।

जिलाध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में जिला कोआडिनेटर सलमान सईदुज्मा, शहर कोआर्डिनेटर सबी खान, पूर्व मंत्री ओमवती देवी, सेवानिवृत्त आईएएस आरके सिंह, आरिफ खान एड., शहर अध्यक्ष हुमायू बेग, अब्दुल समद आजाद, शेख अंजार, गुरमुख सिंह, जावेद अंसारी, नीरज चौधरी, विनोद तोमर, डॉ. धर्मवीर सिंह, असद मसूद ने संबोधित किया।

### आपेरशन सिंदूर भाजपा का प्रायोजित

कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा कि पहलगाम के कातिल जिंदा है, भाजपा शर्मिंदा नहीं है। उन्होंने कहा आपरेशन सिंदूर भाजपा का प्रायोजित था। जिसका लाभ भाजपा चुनाव में लेना चाहती है।

## गुमशुदा की तलाश

मेरा पुत्र शुभम कुमार लगभग तीन-चार वर्ष से लापता है। मैंने अपने पुत्र शुभम कुमार को जगह-जगह काफी तलाश किया। परन्तु वह नहीं मिला। यदि शुभम कुमार किसी व्यक्ति को मिले, तो वह इस पते पर सूचित करे।

**विनोद कुमार पुत्र चतर सिंह निवासी ग्राम गंज, थाना कोतवाली शहर, बिजनौर** मोबाइल नम्बर :- 9639281058

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम Mu Shueb है। अब मैंने अपना नाम बदलकर Mohammad Suheb रख लिया है। लिहाजा भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

MOHAMMAD SUHEB
MOHALLA MIYAJI MOKHA
AFZALGARH, BIJNOR
Pin 246722 UTTAR PRADESH

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र धीरेन्द्र अपनी पत्नी द्वारा छोड़े जाने से क्षुब्ध होकर नशा करने लगा है। मेरा व मेरे परिवार के किसी सदस्य का इससे कोई मतलब वास्ता नहीं रह गया है। मैं धीरेन्द्र से अपने संबंध विच्छेद कर उसे अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके किसी लेनदेन या कृत्य की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। इस आचरण के कारण मैंने धीरेन्द्र को घर से निकाल दिया है।

**-ओमपाल सिंह पुत्र स्व. जगराम सिंह निवासी ग्राम रसीदपुर गढ़ी, थाना कोतवाली शहर, तहसील व जिला बिजनौर।**

# आग में झुलसी महिला की मौत

## आरोपी पति हिरासत में, मायके पक्ष में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव नौरंगाबाद में अपनी पत्नी को आग के हवाले करने वाले पति की क्रूरता का शिकार हुई वंदना देवी (45 वर्ष) ने दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

वह करीब 90 प्रतिशत तक झुलस चुकी थी। घटना के बाद से जहां परिवार सदमे में था, वहीं अब उसकी मृत्यु के बाद मायके पक्ष में कोहराम मच गया है।



मृतका के भाई विकास राजपूत निवासी फतियाबाद, थाना नूरपुर ने कोतवाली धामपुर में दी गई तहरीर में बताया था कि उसकी बहन की शादी करीब 25 वर्ष पहले चंद्रशेखर पुत्र कृष्ण कुमार निवासी नौरंगाबाद से हुई थी। शादी के बाद से ही चंद्रशेखर का स्वभाव हिंसात्मक था और वह आए दिन वंदना के साथ मारपीट और गाली-गलौच करता था। भाई ने यह भी आरोप लगाया कि चंद्रशेखर नशे का आदी है और अक्सर नशे में बहन को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करता रहा।

इस संबंध में कई बार पंचायतें भी बुलाई गईं, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। 5 जुलाई की शाम को एक मामूली विवाद के बाद चंद्रशेखर ने वंदना के साथ पहले मारपीट की, फिर उसे कमरे में बंद कर उस पर तेल छिड़ककर आग लगा दी। वंदना की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़े और किसी तरह दरवाजा तोड़कर आग बुझाई। पहले उसे स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए तुरंत दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि तमाम प्रयासों के बावजूद वंदना की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडे ने बताया कि महिला की मौत के बाद घटना में हत्या की धाराएं जोड़कर मुकदमे को अपडेट किया गया है। आरोपी पति चंद्रशेखर को हिरासत में ले लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

इधर नौरंगाबाद गांव में घटना के बाद शोक और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि वंदना एक सीधी-सादी और मेहनती महिला थी, जो वर्षों से अत्याचार सहती आ रही थी, लेकिन अब उसकी क्रूरता के शिकार होकर मौत ने सभी को झकझोर दिया है।

## शांतिपूर्ण ढंग से निकाले गए मोहर्रम के जुलूस व ताजिये

**नजीबाबाद।** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में मोहर्रम के मौके पर जुलूस, ताजिये व अखाड़े शांतिपूर्ण ढंग से निकाले गए। मोहर्रम के अखाड़ों में खिलाड़ियों ने बैरेंटी, बल्लम आदि से अनेक हैरत अंग्रेज करतब दिखाकर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। मौहल्ला सब्नीग्राम से अंजुमने हुसैनिया की जानिब से जुलूस निकाला गया। जिसमें शामिल मॉडलों को सभी ने सराहा। जुलूस में असगर हुसैन, मोहिब हुसैन, ताजियादार जाकिर हुसैन, रईस अहमद, इदरीस अहमद, शाहनवाज, इरशाद, शमीम खलीफा, अरबाज, वासु, आशु आदि सदस्य मौजूद रहे। मौहल्ला बांसमंडी एक मीनार वाली मस्जिद से परम्परागत ताजिया बनाकर पुराना कसाई खाना में इमामबाड़ा की सम्पत्ति के पास लाकर खड़ा किया गया। साथ ही मेहंदी का जुलूस निकाया गया। जुलूस में बड़ों के साथ बच्चों ने भी अनेक करतब दिखाए।

# एनसीसी शिविर में कैडेट्स ने आपदा प्रबंधन को सीखा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** देवता महाविद्यालय में चल रहे दस दिवसीय एनसीसी शि. विर के छठवें दिन मास्टर ट्रेनर के पद पर तैनात ओम प्रकाश तथा पंकज शर्मा ने एनसीसी कैडेट्स के मध्य पहुंचकर आपदा प्रबंधन विषय पर व्याख्यान दिया।

प्राकृतिक आपदा हो या मैन मेड आपदा दोनों में ही किस प्रकार हम अपने आप को और अपनों को बचा सकते हैं। इस पर जरूरी टिप्स दिए। आपदा के समय कैडेट्स को धैर्य रखना चाहिए। यदि वह खुद भयभीत हो जाता है या धैर्य को देता है तो वह दूसरों की जान माल को कैसे बचा सकता है। उनका कहना था कि इसको प्रत्येक कैडेट को सिखाना अति आवश्यक है। कैंप कमांडेंट कर्नल गणेश शंकर विद्यार्थी ने दोनों मास्टर ट्रेनर को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।



इस अवसर पर कैंप कमांडेंट कर्नल गणेश शंकर विद्यार्थी, डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल ललित भट्ट, कैप्टन मोहम्मद यूनुस चौधरी, लेफ्टिनेंट शशांक कुमार शर्मा, लेफ्टिनेंट धीरज शर्मा, लेफ्टिनेंट ललित कुमार, लेफ्टिनेंट देवानंद राय, सुबेदार मेजर बलवंत सिंह,सेकंड अफसर भूपेंद्र सिंह थर्ड अफसर रिंकी देवी सूबेदार कृष्ण कुमार, सुब. दार पलजर, भूटिया, नायब सूबेदार मधु सूदन रतूड़ी, नायब सूबेदार विनिल, हवलदार विनोद नेगी, हवलदार संजय सिंह, हवलदार मन बहादुर लिम्बु, हवलदार विनोद कुमार, हवलदार तिरलोक सिंह, हवलदार अर्जुन सिंह, रघुवीर सिंह, हवलदार मनोज राय, हवलदार ज्ञानदेंद्र श्रेष्ठ आदि उपस्थित रहे।

# विहिप व बजरंग दल ने लगाया चिकित्सा शिविर




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के सेवा सप्ताह के अंतर्गत रविवार को ग्राम नारायणपुर में लाला करन सिंह की बैठक पर एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारंभ मेरठ प्रांत के सह सत्संग प्रमुख कैलाश उपाध्याय और मंडावर प्रखंड अध्यक्ष सर्विन कुमार ने संकट मोचन हनुमान जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। शिविर में डॉ. नितिन पाल और डॉ. उत्तम चौधरी ने पहुंचे मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और बुखार, जुकाम सहित अन्य बीमारियों से पीड़ित लगभग 80 मरीजों को निःशुल्क दवाइयां प्रदान कीं।

इस अवसर पर बजरंग दल बिजनौर के जिला सह संयोजक विनीत, प्रखंड सहमंत्री प्रवीण, सुधाकर, सुबोध सहित ग्राम के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# मीनू गोयल जिलाध्यक्ष महिला विंग मनोनीत

## संगठन को मजबूत बनाने में करेगीं सहयोग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** व्यापारी एकता परिषद की एक आवश्यक बैठक वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत गोयल जी के आवास पर संपन्न हुई। जिसका संचालन प्रशांत चौधरी ने किया। बैठक की अध्यक्षता प्रशांत गोयल ने की।

बैठक में मुख्य वक्ताओं में प्रदेश अध्यक्ष राहुल वर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष शमशाद अंसारी रहे। बैठक मे प्रदेश अध्यक्ष राहुल वर्मा ने कहा कि हमारा संगठन पूर्ण रुप से अराजनैतिक है और सर्व समाज को साथ लेकर आगे बढ़ाने का काम कर रहा है। मातृ शक्ति के संगठन से जुड़ने से संगठन को मजबूत बनाने में पूर्ण सहयोग रहेगा। ऐसी आशा करते है। संगठन का उद्देश्य महिला विंग के गठन के साथ महिलाओं के व्यापार को आगे बढ़ाने का है।



प्रदेश उपाध्यक्ष शमशाद अंसारी ने कहा कि हमारे संगठन में जातिवाद व धर्मवाद की राजनीति नहीं होती। संगठन का उद्देश्य केवल अपने व्यापारी समाज को मजबूत करके व्यापारी समाज की समस्याओं को शासन प्रशासन तक पहुंचाने का है।

मीनू गोयल ने कहा कि महिलाओं का पूर्ण सहयोग संगठन को रहेगा। वह हमेशा संगठन के कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहेंगीं।

राजीव, प्रदीप अग्रवाल, हितेंद्र खरबांदा जिला मंत्री, रश्मि गुप्ता नगर अध्यक्ष, शशि सेंगर जिला उपाध्यक्ष महिला बिंग, विजय अरोरा संरक्षक, मोनिका पाल सदस्य, रेणु भाटिया सदस्य, संगीता सिंह सदस्य, वंदना त्यागी जिला मंत्री, साजिया जिला संगठन मंत्री, लीना तोमर, राधिका खन्ना, मोनिका अग्रवाल जिला महामंत्री आदि को संगठन मनोनयन पत्र देने संगठन में मुख्य पदाधिकारियों द्वारा जिम्मेदारी सौंपी गई।

# जतिन सैनी ने सीए फाइनल की परीक्षा उत्तीर्ण कर किया नाम रोशन

## परिवार में हर्ष का माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** पालिका सभासद ओमप्रकाश सैनी के युवा पुत्र जतिन सैनी के द्वारा सीए फाइनल की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर न सिर्फ जतिन के परिवार में बल्कि पूरे नगर में हर्ष का माहौल है।

नगर के मौहल्ला दया विहार निवासी सभासद ओमप्रकाश सैनी बताते हैं कि उनके पुत्र जतिन सैनी ने 12वीं कक्षा सरस्वती विद्या मंदिर कॉलेज, चांदपुर, स्याऊ व बी.कॉम गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय से उत्तीर्ण कर अपनी अगली पढ़ाई का कोर्स दिल्ली स्थित एक इंस्टीट्यूट से सीए किया। जहां से उन्होंने सीए फाइनल की परीक्षा उत्तीर्ण की। जतिन सैनी की इस उपलब्धि से उनके परिजनों में खुशी की लहर है और उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ हैं। जतिन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया है।



मौजूदा सभासद ओम प्रकाश सैनी को समस्त बोर्ड नगर पालिका परिषद चांदपुर ने भी बधाई दी है। सभासदपति शेख मौहम्मद रईस, मौहम्मद परवेज वार्ड मौहल्ला बाजार सभासद ने भी जतिन सैनी को अपना आशीर्वाद देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# ब्लॉक प्रमुख ने किया फिजियोथेरेपी सेन्टर का शुभारंभ

**नजीबाबाद।** मंडावली क्षेत्र में नजीबाबाद हरिद्वार मार्ग पर ग्राम करौली में ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र राजपूत, चौधरी ईशम सिंह, अनुज चौधरी के साथ ग्राम कामराजपुर निवासी डॉ. हरीश विश्वकर्मा के नए प्रतिष्ठान श्री विश्वकर्मा फिजियोथेरेपी एवं हेल्थकेयर सेन्टर का फीता काटकर उद्घाटन किया। पंडित अमित कौशिक ने विधि विधान से हवन पूजन कराया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेन्द्र राजपूत, चौधरी ईशम सिंह, भाजपा नेता अनुज चौधरी, थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील सैनी, ग्राम प्रधान इरफान अहमद, साजिद हुसैन, दलीप कुमार, लोकेन्द्र सिंह, युनुस अहमद, शाहिद अहमद, करीमुद्दीन, खुर्शीद, अकबर, अनवर अहमद, करूणा धीमान, देवांश धीमान, राजीव कुमार, किरण देवी, शिवानी, अक्की धीमान, ओम प्रकाश विश्वकर्मा, लक्की, अनवर अहमद, अकबर, सब्बू, स्टाफ नर्सिंग, हिमानी, पिंकी, शिप्रा, मुस्कान, नीरज कुमार, नफीस अंसारी, निखिल कुमार ऑडियो उपस्थित रहे। ब्लॉक प्रमुख एवं उपस्थित अतिथियों का डॉ. हरीश कुमार, विश्वकर्मा ने शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया।

# सैकड़ों किसानों ने थामा भाकियू का दामन

## बैठक में समस्याओं पर की चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भारतीय किसान यूनियन (आ.रा.) की मासिक बैठक ग्राम पलानी में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से आवारा पशु, गुलदार और जंगली जानवरों से किसानों और खेती को हो रहे नुकसान पर चर्चा की गई। किसानों ने चिंता जताई कि फसलों की सुरक्षा को लेकर अभी तक कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई है।

जिला उपाध्यक्ष दुष्यंत राणा ने कहा कि सरकार को किसानों की जमीनी समस्याओं को गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि तहसील और विभागीय कार्यालयों में फैले भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए संगठन को मजबूत करना होगा। बैठक में प्रस्ताव रखा गया कि अगर समय रहते सुधार नहीं हुआ तो भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्यालयों में तालाबंदी की जाएगी।



बैठक का एक अहम पहलू यह रहा कि भारतीय किसान यूनियन (भानु) के नहटौर ब्लॉक अध्यक्ष ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भारतीय किसान यूनियन (आ.रा.) की सदस्यता ग्रहण की। अध्यक्षता ऋषिपाल सिंह ने संचालन अरविंद राजपूत ने किया। सुभाष कुमार, सत्येंद्र कुमार, अजय कुमार, पवन कुमार, जगदीश सिंह, सुरेश कुमार, ईश्वर चंद्र सहित अन्य समर्थकों ने भी संगठन की सदस्यता ली और किसानों के हितों की लड़ाई को और मजबूत करने का संकल्प लिया।

# पूनम देवी को बनाया यूनियन का महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवादाता**

**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन बीआरएसएस कार्यकर्ताओं की एक बैठक ग्राम पंचायत फीना में हुई। इस बैठक में यूनियन कार्यकर्ताओं ने अपने संगठन को मजबूत बनाने, संगठन के विस्तार कारण पर चर्चा करते हुए पार्टी में कुछ और जिम्मेदारों को जिम्मेदारी सौंपने का भी निर्णय लिया। जिसके अंतर्गत बहन पूनम को यूनियन का महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया।

बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार अधाना ने भारतीय किसान यूनियन बीआरएसएस को और अधिक मजबूत बनाने, संगठन के विस्तारीकरण पर चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए कार्य योजना बनाने का आह्वान किया। युवा प्रदेश प्रभारी श्याम कुमार ने कहा कि हम संगठन को मजबूत बनाने की सबसे पहले पहल करते हुए संगठन के प्रति निष्ठा से कार्य करने का संकल्प दिलाया। मंडल सचिव राहुल गुर्जर, डॉक्टर सर्वेश देवी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर बहन पूनम से संगठन में विस्तार पूर्वक वार्ता हुई जिस पर बहन ने संगठन की नीति व अनुशासन से संतुष्ट होकर कार्य करने का निर्णय लेने पर उन्हें भारतीय किसान यूनियन बीआरएसएस ने जिला बिजनौर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मनोनीत पत्र देकर बहन जी का स्वागत वंदन अभिनंदन किया। अपने मनोनीत किये जाने के बाद जिला अध्यक्ष पूनम ने जिला बिजनौर के कोने-कोने तक संगठन का विस्तार करने की बात कही और काम करने का निर्णय लिया। यह जानकारी युवा प्रदेश प्रभारी श्याम कुमार बीआरएसएस के हवाले से सुभाष सिंह चौधरी ने दी हैं।

## एक नजर

### वाहन आपस में टकराए, तीन घायल

**नजीबाबाद।** कस्बा जलालाबाद में सोमवार को सुबह तीन वाहनों के अचानक आपस में टकराने से तीन लोग घायल हो गये। जलालाबाद स्थित देव पेट्रोल पम्प के पास सुबह करीब नौ बजे डीसीएम, पिकअप व जुगाड़ ट्रैक्टर की आपस में भिड़त हो गई। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में डीसीएम चालक राजीव पुत्र सत्यपाल निवासी ग्राम मनोहरपुर अलीगढ़, पिकअप में सवार दिलशाद पुत्र अब्दुल रहमान निवासी ग्राम राहूखेड़ी जलालाबाद व जुगाड़ ट्रैक्टर का चालक शमशाद पुत्र इंतजार निवासी मौहल्ला कुरैशियान जलालाबाद शामिल है। सूचना मिलते ही जलालाबाद चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीनों घायलों को उपचार के लिए समीपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। वहां से घायल दिलशाद की हालत गंभीर देखते हुए उसे बिजनौर के लिए रैफर कर दिया गया। दुर्घटना में तीनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। मार्ग तीन वाहनों के अपास में टकराने के बाद कुछ समय के लिए बाधित हो गया। बाद में सड़क से वाहनों को हटवाया गया।

### कॉलेज परिसर में पौधारोपण किया



**धामपुर।** एसबीडी कालेज में वन महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय परिसर मे पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया गया। प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान, नोडल अधिकारी डा. कनक चौहान, प्रो. बिमला सिंह, डा. अर्चना, श्रीमती नीलमपाल, डा. रेशू शुक्ला, डा. चारू अग्रवाल, डा. अर्चना कुन्तल, कु. रितु देवी, डा. गीता शर्मा, कु. काजल उपस्थित रहे। रामसिंह, अर्जुन सिंह रवि आदि का सहयोग रहा। किया जा रहा है।

### चीनी मिल में लगाया एक पेड़ मां के नाम

**नजीबाबाद।** किसान सहकारी मिल के जीएम सुभाष कुमार ने अपना दल एसके जिला अध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी, सरदार रक्षपाल, हरेंद्र सिंह, शहजाद, मुस्तकीम, आरिफ व सीसीओ तिवारी, सीए आदि के द्वारा एक पेड़ मां के नाम पर जिला अध्यक्ष अपना दल के साथ मिलकर मिल में लगाया गया। पेड़ लगाकर एक संदेश दिया गया कि पेड़ मानव जीवन को बचाने में सहयोग करने वाले है। हर परिवार की जिम्मेदारी है कि वह एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाएं।

### अखाड़े में दिखाए हैरतअंगेज करतब

**नहटौर।** ग्राम मटौरा मान में दसवीं के मोहर्रम के मौके पर अखाड़ा निकाला गया। अखाड़े का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य दावेदार इरफान अल्वी व ग्राम प्रधान आजाद समाज पार्टी के नहटौर विधानसभा अध्यक्ष अतीक अंसारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। अखाड़े में युवकों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। अखाड़ा ग्राम के निर्धारित मार्गों से निकाला गया। अखाड़ा देखने के लिए भीड़ जमा रही। अखाड़ा कमेटी के पदाधिकारियों को इरफान अल्वी व अतीक अंसारी ने पगड़ी बांधकर सम्मानित भी गया। इस मौके पर शेर अली इदरीसी, जहीर अली, जाकिर अली, हनीफ अल्वी, सांवर अंसारी आदि कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।



# महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा की संगठनात्मक बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। जैतरा स्थित सिंह विहार कॉलोनी में जिला महामंत्री श्रीमती शोभा राजपूत के आवास पर बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन के विस्तार की दिशा में विचार-विमर्श करना रहा। यह बैठक सकारात्मक और संगठन के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक अहम कदम साबित हुई। इस अवसर पर शोभा राजपूत (जिला महामंत्री) एवं प्रीति राजपूत (जिला उपाध्यक्ष) को संगठनात्मक मनोनयन पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिससे संगठन को और भी मजबूती प्रदान हुई।

इस गरिमामयी बैठक में महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा के कई क्षेत्रीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। जिनमें प्रमुख रूप से डॉ. महेंद्र सिंह, टीकम सिंह, चंद्रभान सिंह, राजेंद्र कुमार, नगर संयोजक सुनीता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेमंत, मीडिया प्रभारी निर्देश राजपूत आदि शामिल रही।

बैठक की अध्यक्षता महिला मोर्चा की जिला अध्यक्षा मीनू सिसोदिया एवं जिला अध्यक्ष जयवीर सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष अनिल राजपूत ने किया।

# बंधन रंग महोत्सव में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

## समिति ने अतिथियों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** बंधन सांस्कृतिक सामाजिक समिति की ओर से रविवार को शुभम मंडप में एक दिवसीय बंधन रंग महोत्सव-2025 का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने गायन, नृत्य और वेशभूषा प्रतियोगिताओं में प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा नटराज प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। आयोजन में पहुंचे सभी विशिष्ट अतिथियों को समिति की ओर से स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

नृत्य प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन-3, डीआईडी और हिप हॉप इंडिया फेम अंजल राणा मौजूद रहीं, जबकि गायन प्रतियोगिता का मूल्यांकन गुलफाम अहमद ने किया। वेशभूषा प्रतियोगिता में विशाल त्यागी व हिमांषी राजपूत निर्णायक रहे। समिति ने सभी निर्णायकों को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम में बिजनौर, धामपुर, नजीबाबाद, नहटौर, धनौरा, चंदौसी, मुरादाबाद, हरिद्वार, शेरकोट, कोतवाली व स्योहारा सहित आसपास के क्षेत्रों से आए प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



इस मौके पर जितेंद्र शर्मा बबलू, बबीता गुप्ता, ऐश्वर्या चौधरी, मीनू सिसौदिया, हिमांशु विश्वास, सुमित माहेश्वरी, डॉ. संजय भटनागर, धर्मेंद्र सैनी, नाजिम अहमद अल्वी, गौरव दुआ, सुगम जैन, मास्टर सुधाकर, सतवंत सिंह सलूजा, एसपी सलूजा, निखिल छाबड़ा, जसप्रीत सिंह रॉकी, अनीता चौहान, कुंवर आशीष राजपूत, नितिन राज, पुनीत शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विशेष सहयोग देने पर शहनवाज, अमन, प्रिया मलिक (नजीबाबाद), पवन कृष्णा, आकाश गोस्वामी, सुमित सैनी (धामपुर), रवि थापा (हरिद्वार), दिनेश जाकर, कोषिंदर मैक्स (गजरौला), दीपक (नहटौर), अजय सिंह (नूरपुर), मोहम्मद मोहसिन, टिंकू (काशीपुर), मीना कुश रस्तोगी (स्योहारा), कंचन चौहान (हल्दौर) को भी संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। पूरे आयोजन में बच्चों का उत्साह देखने लायक रहा और दर्शकों ने भी भरपूर तालियों से उनका मनोबल बढ़ाया।

# सफाई कार्य में लापरवाही पर मुख्य विकास अधिकारी नाराज

## विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान में ग्राम पंचायत सचिव व सफाईकर्मी को कारण बताओ नोटिस के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा बैठक में सफाई कर्मी व ग्रम पंचायत सचिव कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ स्वास्थ्य विभाग से को डेटा मानीटरिंग करने के निर्देश दिए।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डब्ल्यू एच ओ से राहुल सक्सेना ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 जुलाई से प्रारम्भ हो चुका है जो 31 जुलाई तक चलेगा एवं दस्तक अभियान 11 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाया जाएगा। यूनीसेफ से डा. प्रवीन द्वारा विकासखण्ड बहजोई के ग्राम अचलपुर में साफ सफाई न कराने पर मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित को सफाई कर्मी एवं ग्राम पंचायत सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट ने सफाई कर्मचारी संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में साफ सफाई का कार्य करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही कहीं लाप. रवाही संज्ञान में आने पर कार्यवाही करने की चेतावनी दी।जबकि झाडियों के कटान को लेकर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। जल भराव को लेकर संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि कहीं जल भराव की स्थिति न हो। खण्ड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालय में बच्चे फुल स्लीव्स के कपड़े पहने तथा प्रार्थना सभा में बच्चों को संचारी रोग नियंत्रण अभियान की जानकारी दी जाए।


सम्भल। कलक्ट्रेट सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा करते मुख्य विकास अधिकारी।

जिससे कि बच्चे अपने परिजनों तथा आस पास के लोगों को जागरूक कर सकें। मुख्य विकास अधिकारी ने गोल्डन कार्ड को लेकर संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि आशा एवं पंचायत सहायक समन्वय बनाते हुए कार्य करें। स्वास्थ्य विभाग डेटा मॉनिटरिंग का कार्य करे। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तरुण पाठक, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. पंकज विश्नोई तथा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. शैलेन्द्र सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक श्यामा कुमार, जिला पंचायती राज अधिकारी उपेन्द्र कुमार पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# गंगाघाट पर समिति करेगी व्यवस्थाएं

- **मां गंगा जन कल्याण समिति ने सदस्यों को सौंपे दायित्व**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** गंगाघाट राजघाट पर आयोजित बैठक में मां गंगा जन कल्याण समिति की बैठक में सावन को लेकर घाट पर व्यवस्थाओं के लिए समिति सदस्यों को दायित्व सौंपे गए।

राजघाट गंगाघाट पर सावन माह में स्नान करने व गंगा जल लेने वाले कांवरिये आयेंगे। उनके लिए एनाउंसमेंट की व्यवस्था की जाएगी। जिसमें वह गहरे पानी में न जायें और सावधानी से बिना शोर-शराबे व उछलकूद किए गंगा में स्नान करें। गंगा स्नान को आने वाले श्रृद्वालुओं की भीड़ को समिति सदस्यों द्वारा समझने व जागरूक करने के लिए एनाउंस किया जायेगा। इसके साथ ही मां गंगा जन कल्याण समिति द्वारा घाट पर प्रतिदिन होने वाली गंगा आरती को 6 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा व उसके उत्तरदायितव समिति सदस्यों को सौंपे गए। इस दौरान समिति अध्यक्ष अतुल गोयल, कपिल गोयल, विजय कुमार, मनीष कुमार, उमेश चन्द्र, सत्येन्द्र गौतम, डिम्पल वार्ष्णेय, मुकेश गुप्ता, डी पी गुप्ता, भगवान सिंह आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता समिति अध्यक्ष अुतल गोयल ने की।


बबराला। गंगाघाट राजघाट पर समिति की बैठक करते।

# संशोधित तिथियों पर होंगी इम्प्रूवमेंट की परीक्षाएं

## सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद ने जारी किया कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** श्रावण मांस व शिव. रात्रि पर्व पर जलाभिषेक के दौरान श्रृद्वालुओं की अत्याधिक भीड़ से इम्प्रूवमेंट की परीक्षाएं छूटने के चलते माध्यमिक शिक्षा परिषद की और से तिथियों को संशोधित कर दिया है।

अब परीक्षाएं संशोधित तिथियों पर आयोजित की जायेंगी। सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की ओर से जारी पत्र में बताया गया कि श्रावण शिवरात्रि पर्व पर जलाभिषेक तक कांवड़ यात्रा के दौरान श्रृद्वालुओं की अत्याधिक भीड़ एवं यातयात प्रबंधों के कतिपय जनपदों में वर्ष 2025 की हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की कम्पार्टमेंट परीक्षा अग्रेत्तर तिथियों में सम्पन्न कराने का अनुरोध किया गया था।

उक्त परिस्थितियों में परीक्षार्थियों की परीक्षाएं छूटने की सम्भावनाएं होने के मददेनजर परीक्षा की निर्धारित तिथि 19 जुलाई शनिवार को संशोधित कर दिया गया है। अब संशोधित की गई तिर्थियों के अनुसार हाई स्कूल इम्पूव्रमेंट/कम्पार्टमेंट की परीक्षा 26 जुलाई 2025 को प्रातः पाली में 06 बजे से 11:15 बजे तक करायी जायेगी। जबकि इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेंट की परीक्षा26 जुलाई को द्वितीय पाली में 02 बजे से 5:15 बजे तक होगी। जिला विद्यालय निरीक्षक श्यामा कुमार ने बताया कि हाई स्कूल इम्प्रूवमेंट/इंटरमीडिएट की कम्पार्टमेंट की परीक्षाएं जिला मुख्यालय के विद्यालय तोताराम हीरादेवी कन्या इण्टर कॉलेज बहजोई सम्भल में सम्पन्न होंगी।

# इंजन निकालते पानी में डूबने से मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिरसी।** थाना हजरत नगर गढ़ी क्षेत्र में तालाब में डूबने से ग्रामीण की मौत हो गयी।सूचना मिलने पर गांव में शोक की लहर व परिजनों में रोना बिलखना होने लगा। ग्राम मिलक सिरसी निवासी 45 वर्षीय मौ. नबी पुत्र खलील सिरसी के रकबे वाले कसा तालाब के किनारे रखा इंजन निकालने गया था। बताया जाता है कि मृतक वहां खेती करता था और कसा तालाब से खेतों की सिंचाइ करने के लिए नीचे स्थान पर इंजन लगा दिया था। रात ओर सुबह बारिश होने से तालाब में रखा इंजन पानी में डूब गया। जानकारी के अनुसार मृतक चार पांच अन्य लोगों के साथ इंजन निकालने गया था तभी पांव फिसलने से गहरे पानी में डूब गया

# रकम मांगने वाला कर्मचारी नहीं अंजान व्यक्ति, नहीं उतर रहा गले

- **मुख्य चिकित्साधिकारी की जांच में दी क्लीन चिट, गांव के व्यक्ति को चेतावनी से खड़े हुए सवाल**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सड़क हादसे मं दूल्हा समेत एक साथ सात मृतकों के पीएम हाउस पर लापरवाही और बर्फ के पैसे मांगने के मामले में मुख्य चिकित्साधिकारी ने कर्मचारियों को क्लीन चिट जबकि अंजान व्यक्ति द्वारा बर्फ के पैसे मांगना बताकर मामले को पूरी तरह से नया मोड़ दे दिया है जबकि किसी अंजान व्यक्ति ने पैसों की मांग की तो फिर उसका पता क्यों नही चल पाया इसे लेकर तमाम सवालों ने जन्म ले लिया है। गौर तलब है कि दो दिन पूर्व बुलेरो वाहन में सवार होकर जा रहे दूल्हा और उसमें सवार बारातियों में सात की मौत हादसे में हो गयी थी।

दर्दनाक हादसे के बाद सभी शवों को पीएम के लिए बाहपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजे गए थे। वहां पहुंचे मृतकों के परिजनों ने पोस्टमार्टम हाउस पर लापरवाही और व्यवस्था खराब होने के साथ डीफ्रीज खराब होने और बैठने की व्यवस्था नहीं होने के अलावा लाशों के रख-रखाव को बर्फ के लिए मौजूद कर्मचारी द्वारा रकम लेने की शिकायत की थी। मीडिया के सामने चींख-चींखकर आरोप लगाए गए थे। पीएम हाउस पर पैसे मांगने और लापरवाही आदि का मामला उजागर होते ही समाचार पत्रों की सुर्खियां बना था। इसे लेकर आला अधिकारियों के भी कान खड़े हुए थे और स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों के पेंच कसे गए थे। छीछालेदर और समाचार पत्रों क सुर्खियां बनने के बाद तीसरे दिन मुख्य चिकित्साधिकारी को मीडिया के नाम पत्र जारी करना पड़ गया। सीएमओ ने मामले को पूरी तरह दूसरा मोड़ दे दिया है। उन्होने बताया कि शव विच्छेदन के लिए लाये गए सभी शवों को 11:30 बजे पंचनामा प्राप्त होने के बाद तैनात चिकित्सक द्वारा 2 से ढाई घंटे के समयान्तराल में पांचो मृतकों के शवें का विच्छेदन समाप्त कर शवों को परिजनों के हवाले कर दिया गया था। जबकि दो ?ाव विच्छेदन ग्रह में डी फ्रिजर संचालित अवस्था में होने के कारण वहां कोई बर्फ की आवश्यकता नहीं होना बताया गया। वहां पर आरओ का पानी की व्यवस्था थी लेकिन वाटर कूलर का कम्प्रेशर खराब होने के कारण पानी उपलब्ध नहीं होना बताया। जबकि जांच के दौरान ग्राम के किसी अंजान व्यक्ति द्वारा पैसे की मांग करना स्वीकार किया लेकिन किसी कर्मचारी द्वारा पैसे की मांग को नकार दिया। साथ ही भविष्य में कोई व्यक्ति रूपयों का लेन-देन में संलिप्त पाने पर ग्राम के व्यक्तियों को जेल भेजने की चेता. वनी देना कहा गया। अब सवाल यह है कि जब किसी अंजान व्यक्ति द्वारा रूपयें की मांग की गई तो फिर वह अंजान व्यक्ति कौन था।

# शांति भंग में एक को किया गिरफ्तार

**सम्भल।** कानून व्यवस्था व अपराध रोकने और अपराधियों पर शिकंजा कसने को चल रहे अभियान में पुलिस ने शांति व्यव्स्था भंग करने के आरोप में एक को ण्र दबौच लिया। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई व अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी/सहायक पुलिस अधीक्षक व थाना प्रभारी थाना हयातनगर संजीव कुमार के नेतृत्व में अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण को अभियान चल रहा है। इसी के तहत पुलिस टीम ने सतेन्द्र पुत्र लखपत सिंह निवासी ग्राम फत्तेहपुर उत्तमा थाना हयातनगर को शांति व्यवस्था भंग होने की सम्भावना के के तहत गिरफ्तार कर लिया।

# मुखर्जी ने कैबिनेट मंत्री से इस्तीफा देकर की थी जनसंघ की स्थापना

- **भाजपा बबराला मंडल की बैठक में जयंती पर गोष्ठी आयोजित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन कर हर्षेल्लास के साथ मनायी गयी। गोष्ठी में उनके जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

साई कॉन्वेट स्कूल नूरपुर तिराहा पर आयोजित भाजपा बबराला मण्डल की विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि मंजू दिलेर ने कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भारतीय राजनीति और समाज में उनके दूरदर्शी दृष्टिकोण और समय से आगे की सोच के लिए जाना जाता है। उनके जीवन और कार्यों ने दिखाया कि वह न केवल अपने समय के मुद्दों को समझते थे, बल्कि भविष्य की चुनौतियों और अवसरों का भी गहरा ज्ञान रखते थे। देश और समाज के लिए तुष्टिकरण की राजनीति कितना नुकसान पहुंचा सकती है, इसको हमारे कई दार्शनिक समाजसेवियों ने दशकों पहले समझ लिया था। एक देश और एक विधान का मंत्र देने वाले डा. श्याम प्रसाद मुखर्जी ने इसके लिए मिसाल पेश की। उन्होने कहा कि स्वतंत्र भारत की पहली सरकार ने तुष्टिकरण की नीति पर चलना शुरू किया तो डा. मुखर्जी ने कैबिनेट से इस्तीफा देकर भारतीय जनसंघ की स्थापना की। आज केंद्र में भाजपा की लगातार तीसरी बार सरकार बनी है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में देश की बागडोर है। इसके पीछे डा. मुखर्जी की ही नीति और सोच है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष योगेंद्र यादव, मंडल महामंत्री मोहर पाल सिंह,उषा शर्मा, संजीव खड़्गवंशी हरिओम गुप्ता, शोभित शर्मा, प्रशान्त आदि उपस्थित रहे। उधर डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में गुन्नौर नगर पंचायत के हाल में भाजपा कार्यकताओं द्वारा मण्डल स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मण्डल अध्यक्ष गुन्नौर इन्दीवर सिंह की अध्यक्षता में हुई। विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज कठेरिया डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के योगदान को याद करते हुए बताया कि वह जम्मू कश्मीर की धारा 370 के खिलाफ आजीवन संघर्ष करते रहे और अन्ततः उनका प्रयास मोदी जी के नेतृत्व में सफल हुआ। बैठक में जिला मन्त्री कुमोद वार्ष्णेय, प्रशान्त अग्रवाल के द्वारा नव निर्वाचित मण्डल कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया।


नगर पंचायत में गोष्ठी को सम्बोधित करते मुख्य अतिथि।

# संसाधनों के अभाव में घायल तोड़ देते हैं दम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** गुन्नौर तहसील क्षेत्र में बड़ा अस्पताल न होने के कारण गंभीर दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को उचित इलाज नहीं मिल पाता। जिसके कारण वह बड़े अस्पताल में पहुंचने से पहले ही दम तोड़ देता है। गुन्नौर तहसील क्षेत्र में हादसे होते रहते हैं लेकिन यहां जो भी सरकारी अस्पताल है।

वहां गंभीर घायलों का उचित इलाज नहीं मिल पाता क्योंकि यहां संसाधनों का अभाव है। जिसके चलते यहां से उनको रेफर किया जाता है। रेफर करने में अलीगढ़ मेडिकल की दूरी 60 या 70 किलोमीटर के करीब है। गंभीर दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की हालत ऐसी होती है कि उसे तुरंत इलाज मिलना चाहिए लेकिन वह ऐसी दुर्घटना के बाद इतनी दूरी तक वहां कैसे पहुंचे। वहां पहुंचने के बाद फिर उसका उपचार करने की बात होती है लेकिन तब तक बहुत से रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। कुछ घटनास्थल पर कुछ देर बाद दम तोड़ देते हैं। अगर यहां तुरंत उपचार मिल जाए तो उनके स्वस्थ होने की संभावना कुछ रहती है लेकिन ऐसा यहां अस्पतालों की व्यवस्थाएं संसाधनों के अभाव में शीर्ण हैं। जिससे गंभीर घायलों का इलाज यहां नहीं हो पता और वह असमय काल का ग्रास बन जाते हैं।

# अल अशरफ ट्रस्ट सबीलें लगाकर देती है इंसानियत का पैगाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कर्बला के शहीद हजरत इमाम हुसैन और उनके जां. निसारों की याद में उलेमा मशाइख बोर्ड के तत्वावधान में जगह-जगह सबीलें और लंगर का आयोजन कर सूखे गलों को तर कराया।

अल-अशरफ ट्रस्ट के तत्वावधान में ऑल इंडिया उलमा व मशायख बोर्ड की ओर से आयोजित सबील और लंगर में सोगवराने हुसैन व ताजियादारों को शरबत और खाने का वितरण किया। नायब जिला सदर मुफ्ती गुलफाम रजा ने कहा कि कर्बला के रेगिस्तान की तपती धूप में हजरत इमाम हुसैन अ.स. की कय्यादत में एक छोटा सा काफिला दीन-ए-मुहम्मदी की बका के लिए डटा रहा। मौलाना अजीम अशरफ सम्भली, केंद्रीय कार्यालय इंचार्ज ने कहा कि सबील लगाना आलम-ए-इंसानियत को यह पैगाम देना है कि जो लोग पानी रो. कते हैं उन्हें यजीदी कहा जाता है और जो पानी पिलाते हैं उन्हें हुसैनी कहा जाता है। क्योंकि 'जियो और जीने दो' का पैगाम दुनिया भर में आम करना है। तारीखों के अनुसार 7 मुहर्रम-उल-हराम को कर्बला में इमाम हुसैन अ.स. और उनके साथियों पर पानी बंद कर दिया गया था। यही वजह है कि ऑल इंडिया उलमा व मशायख बोर्ड की ओर से पूरे देश में मुहर्रम के दिनों में सबील और लंगर लगाकर बिना मजहब, बिना जात-पात के सभी को पानी पिलाया और खाना खिलाया जाता है। इस दौरान उम्मत-ए-मुस्लिमा में इत्तेहाद और भाईचारे का पैगाम दिया जाता है। कारी मुशर्रफ रजा ने कहा कि इमाम हुसैन सबके हैं, मुहर्रम-उल-हराम में अमन और भाईचारे के फरोग के लिए सबील-ए-हुसैनी का आयोजन किया गया है। कारी गुलजार अशरफ ने कहा कि सबील-ए-हुसैनी नई पीढ़ी को ईसार, मौहब्बत का सबक देती है। यह समाज में आपसी मेलजोल और सहनशीलता को बढ़ावा देती है।

# सनातन संस्कृति और धर्म विश्व में अद्वितीय और सर्वश्रेष्ठ

- **ग्राम पीपलवाड़ा में भगवान परशुराम की मूर्ति का अनावरण**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** गुन्नौर तहसील के पीपलवाला स्थित मां चामुंडा देवी मंदिर परिसर में भगवान परशुराम की मूर्ति की स्थापना की गई। कार्यक्रम में वैदिक रीति रिवाज और मंत्रोच्चारण के बीच पूर्वमंत्री ने विधिवत पूजन कर मूर्ति का अनावरण किया।

इस अवसर पूर्व मंत्री अजीत कुमार (राजू) ने कहा कि हम सब लोगों का सौभाग्य है कि आज हम सब भगवान परशुराम की मूर्ति अनावरण में शामिल हुये हैं। 'भगवान परशुराम हमारे ज्ञान, शक्ति और न्याय के प्रतीक हैं। उनकी प्रतिमा समाज को मर्यादा, अनुशासन और संस्कृति की प्रेरणा देती रहेगी।' यहां भगवान परशुराम की मूर्ति प्रतिस्थापित कर सभी लोगों ने बहुत ही अच्छा कार्य किया है। यह सनातन को बढ़ावा देने का पुनीत कार्य है। जो भारतीय संस्कृति और धर्म की श्रेष्ठता को दर्शाता है। हमारी सनातन संस्कृति और धर्म विश्व में अद्वितीय और सर्वश्रेष्ठ हैं। ब्राह्मण शक्ति संघ के प्रदेश अध्यक्ष विवेक मिश्रा ने कहा कि भगवान परशुराम ब्राह्मण थे लेकिन उनमें गुण क्षत्रियों वाले थे। भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम श्रृषि जमदग्नि और रेणुका के पांच पुत्रें में से चौथे पुत्र थे। परशुराम भगवान शिव के परम भक्त थे। उन्हें न्याय का देवता भी कहा जाता था। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, भगवान परशुराम सात चिरंजीवी पुरुषों में से एक हैं और कलयुग में आज के समय में भी धारती पर मौजूद हैं। भगवान परशुराम के जन्म का नाम राम था। जब उन्होंने अपनी कठोर तपस्या से भगवान शिव को प्रसन्न किया। तदोपरांत भगवान शिव ने इन्हें कई अस्त्र और शस्त्र प्रदान किए। जिसमें से परशु भी मुख्य है। उन्होंने परशु धारण किया जिसके बाद ये परशुराम कहलाये। मद्देनजर व इस अवसर पर आयोजक एवं क्षेत्रवासियों द्वारा आए हुए समस्त सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों को माल्यार्पण करते हुए बुके, प्रतिमा व आदि भेंट कर सम्मानित किया गया।उसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर ब्राह्मण शक्ति संघ के प्रदेश अध्यक्ष विवेक मिश्रा, प्रदेश संयोजक मुकेश गौड, प्रदेश कोषाध्यक्ष सचिन शर्मा, जिला महामंत्री विमल शर्मा व प्रदेश मीडिया प्रभारी पुनीत शर्मा,प्रवेश शर्मा, अभिषेक शर्मा, हिमालय शर्मा, पं. रामवीर शर्मा, आशीष शर्मा, मुकेश गुप्ता, गोपाल कुशवाह, रामौतार शर्मा, मनोज शर्मा, गौरव कुमार शर्मा, आदि रहे।



# पौधे लगाकर माताओं के नाम किए समर्पित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** वन महोत्सव सप्ताह का भव्य एक पेड़ माँ के नाम थीम के अन्तर्गत कई प्रकार के पौधे रौपकर वृक्षारोपण को प्रेरित किया गया।

जूनियर हाईस्कूल भवानीपुर में वन महोत्सव सप्ताह के तहत आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम के उद्घाटन पर क्षेत्रीय वन अधिकारी मनोज कुमार ने पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को प्रकृति से जुड़ने और हर वर्ष एक पौधा मां के नाम लगाने की अपील की।

जबकि पौधे लगाकर उन्हें अपनी माताओं के नाम समर्पित कर भावनात्मक जुड़ाव के साथ, पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। तत्पश्चात् छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने मिलकर आम, आंवला, अमरूद ,सहजन आदि के पौधे रो. पित किये। उप क्षेत्रीय वन अधिकारी मनीष कुमार, वन दरोगा मोहित यादव के साथ मिलकर सभी शिक्षकों ने विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया तथा लगाए गए पौधों की सुरक्षा हेतु शपथ ली। उसके समाधान हेतु वृक्षारोपण करना और उनका संरक्षण करना अति आवश्यक है। विद्यालय परिसर में लगाए गए पौधे, अब छात्रों की सुरक्षा में रहेंगे, जिनकी वे नियमित रूप से देखभाल करेंगे। अवसर पर बीट प्रभारी विजयपाल सिंह, सेवाराम सिंह, तृषा लोधी, सीमा चौधरी, मनीष जोशी, श्यामभवी मिश्रा, मनीष जोशी,देववती, अनीता देवी,रेखा रानी, कुलदीप, मनीषा, अर्पित,नेहा, प्रिन्स,शिफा, हुस्न जहां आदि कार्यक्रम में मौजूद रहे।



# महिला आयोग की सदस्या नौ जुलाई को सम्भल में

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह नौ जुलाई को लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में जनपद में महिला उत्पीड़न की रोकथाम, एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा एवं जनसुनवाई पूर्वाहन 11:00 पीडब्ल्यूडी प्रस्तावित है। इसी के साथ महिला आयोग की सदस्या सदस्या द्वारा द्वितीय सत्र में जागरुकता चौपाल शिविर में भी प्रतिभाग किया जाएगा। इसके अलावा महिला आयोग की सदस्या चिकित्सालय, विषलय, बालि. का/महिला ग्रह व आंगनबाड़ी केन्द्रों का भी निरीक्षण किया जाना प्रस्तावित है।

# अधिवक्ता की पत्रावली में गलत आदेश पर रोष

## न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता पेशकार पर कार्यवाही व स्थानांतरण होने तक कार्य न करने का निर्णय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** बार वैलफेयर एसोसिएशन गुन्नौर की एक आवश्यक बैठक में तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार पर व्यापक चर्चा हुई। जबकि अधिवक्ता की फाइल में गलत तरीके से आदेश पारित करने पर रोष जताया और पेश्कार का स्थानांतरण व कड़ी कार्यवाही न करने पर न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया। सोमवार को बार परिसर में बैठक हुई। जिसमें नायब तहसीलदार रजपुरा द्वारा अधिवक्ता की पर्सनल फाईल में गलत तरीके से आदेश पारित करने पर रोष प्रकट किया गया। बैठक में कहा गया कि आए दिन अनैतिक कृत्यों को उनके द्वारा किया जा रहा है। जबकि जनहित के कार्यों में इनकी कोई रुचि नहीं है।

वक्ताओं ने कहा कि उपजिलाधिकारी गुन्नौर के न्यायालय में कार्यरत पेशकार का भी व्यवहार आम जनमानस व अधिवक्ताओं के प्रति असहज है। जबकि तहसीलदार गुन्नौर के न्यायालय में तैनात पेशकार द्वारा बार के सीनियर अधिवक्ता हेमंत दीक्षित के लिए बेहद भददे शब्दों का प्रयोग किया गया है। जिससे इनकी ओछी मानसिकता का पता चलता है। यह लोग न तो अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं और न ही अपने कर्तव्यों के प्रति सजग हैं। ऐसी दशा में बार वेलफेयर एसोसिएशन गुन्नौर के सभी अधिवक्ताओ ने निर्णय लिया कि जब तक नायब तहसीलदार रजपुरा एवं इन दोनों पेशकारो के विरुद्व कड़ी कार्यवाही नहीं की जाती एवं इनका स्थानांतरण नहीं किया जाता। तब तक बार के सभी अधिवक्तागण न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। बैठक की अध्यक्षता कैलाश यादव ने की।

## मूसलाधर बारिश से खेत-सड़कें हुई जलमग्न

**बिलारी।** बिलारी में रविवार को दिनभर रही उमस भरी गर्मी के फल स्वरुप रात्रि 10 बजे से मूसलाधार बरसात शुरू हुई जो सोमवार को 10 बजे तक जारी रही इससे खाली खेत भी जलमग्न हो गए। सरकारी अस्पताल में पानी भरकर जब ओव. रफ्लो हो गया तो सामने व्यापार मंडल के कार्यालय में घुस गया जिसे अध्यक्ष संजय जैन ने कई कर्मचारियों के माध्यम से उलीचकर बाहर निकलवाया। इसके अलावा रुस्तम नगर सहसपुर स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय, राजकीय होम्योपैथी, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, तहसील का आवासीय परिसर, एसडीएम कार्यालय के सामने का हिस्सा पानी में डूब गया जब 10:00 बजे अधिकारी कर्मचारी कार्यालय पहुंचे तो पानी में घुसकर जाना पड़ा। नगर में चौधरी चरण सिंह पार्क के पास शाहबाद मार्ग भी पानी में डूब गया।

# एसपी देहात ने कावड़ यात्रा के मद्देनजर लिया सड़क सुरक्षा का जायजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कांठ।** एसपी ग्रामीण कुंबर आकाश ने आज कावड़ यात्रा के मद्दे नजर सड़क सुरक्षा का जायजा लिया और जरूरी दिशा निर्देश दिए। दोपहर बाद एसपी देहात कांठ पहुंचे और वहां से उन्होंने कांवड़ यात्रा को लेकर सहसपुर बॉर्डर तक का भ्रमण किया इस बीच उन्हें जहां कुछ खामी दिखाई थी उन्होंने पुलिस को व्यवस्था ठीक करने के निर्देश दिए।

सर्व विदित है कि 11 जुलाई से कांवड़ यात्रा शुरू होने जा रही है और 14 जुलाई को पहला सोमवार है जिसमें कावड़ यात्री भगवान शंकर का जलाभिषेक करने वाले हैं इस यात्रा की सकुशल सफलता और शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में आज एसपी ग्रामीण सहसपुर बॉर्डर तक पहुंचे और उन्होंने व्यवस्था देखकर पुलिस कर्मियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारी निरीक्षक भी मौजूद रहे।



## पुलिस ने फरार चल रहे बदमाश को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**डिलारी।** थाना डिलारी पुलिस ने फरार चल रहे बदमाश को गिरफ्तार कर न्यायालय के सुपुर्द पेश कर दिया, घटना 31 मई 2025 की है, गांव ईलर निवासी किसान राजेश कुमार के मकान की पीछे से दीवार काटकर बदमाशों ने घर में घुसकर डकैती की घटना को अंजाम दिया था, आहट होने पर किसी की आंख खुल गई, और शोर मचा दिया। जिसमें गांव में जाग होने से ग्रामीणों ने एकत्र होकर बदमाशों का पीछा किया, अपने आप को बचाने के लिए बदमाशों ने फायरिंग करनी शुरू कर दी, ग्रामीणों ने भी जवाबी फायरिंग की जिसमें कुछ बदमाशों को ग्रामीणों ने पड़कर पुलिस को सौंप दिया , जिसको पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। सोमवार को फरार चल रहे आरोपित इसरार गांव मिश्र वाला, थाना कुंडा, जनपद उधम सिंह नगर को करनपुर के चौराहे से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया, जहां से अदालत ने जेल भेज दिया।

# वार्ड बॉय की नौकरी लगवाने के नाम पर आयुर्वेद डॉक्टर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** आज की सामाजिक और आर्थिक परिस्थिति में बेरोजगारी एक ऐसी चुनौती बन चुकी है, जो केवल युवाओं के भविष्य को ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की नैतिकता और व्यवस्था को प्रभावित कर रही है। हाल ही में सामने आया एक मामला इस सच्चाई को और उजागर करता है, जहां एक आयुर्वेदिक डॉक्टर पर वार्ड बॉय की नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का आरोप लगा है। ऐसे मामलों में दोष सिर्फ ठग का नहीं होता, बल्कि हमारी वह सामाजिक व्यवस्था भी है, जिसमें नौकरी को लेकर इतना दबाव बना दिया गया है कि युवा बिना जांच-पड़ताल किए किसी भी झूठे वादे पर विश्वास कर बैठते हैं। दूसरी ओर, यह हमारे प्रशासन और शिक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करता है कि क्यों एक पढ़ा-लिखा युवक आसानी से किसी के बहकावे में आ जाता है? प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर के गौशाला रोड निवासी अजय कुमार सिंह ने रजपुरा तैनात आयुर्वेद डॉक्टर राजेश यादव पर 1.70 लाख रु0 ठगने का आरोप लगाया है। अजय ने एएसपी अनुकृति शर्मा को दी गई तहरीर में बताया कि रजपुरा सीएचसी में आयुर्वेद चिकित्सक डा0 राजेश यादव से उसकी जान पहचान हुई तो उसने अपनी पहुंच उच्चाधिकारियों तक होने की बात बताकर उसे वार्ड बॉय की नौकरी लगवाने का झांसा दिया। अजय ने ने डॉक्टर की बातों में आकर रकम दे दी परंतु नौकरी नहीं लगने पर पैसे वापिस मांगे लेकिन कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिला। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब नौकरी नहीं लगी और न ही रकम वापस की गई, तो युवक ने एएसपी से शिकायत की है। इस संबंध में पुलिस ने डा. राजेश यादव, महेश व दो अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस का कहना है कि तथ्यों की जांच के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि नौकरी दिलाने के नाम पर होने वाली ठगी न केवल आर्थिक अपराध है, बल्कि यह युवाओं की उम्मीदों और आत्मसम्मान पर हमला भी है।

इस सामाजिक समस्या का समाधान केवल पुलिसिया कार्रवाई नहीं, बल्कि व्यापक जनजागरूकता और जिम्मेदार सामाजिक दृष्टिकोण से ही संभव है। इस मामले ने एक बार फिर बेरोजगारी की पीड़ा और नौकरी दिलाने के नाम पर हो रही ठगी की घटनाओं को उजागर कर दिया है। अभिभावकों, शिक्षकों, और समाज के हर जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य है कि वे युवाओं को ठगी से सतर्क रहने की सीख दें और सरकारी भर्तियों की पारदर्शी जानकारी उपलब्ध कराएं।

# टिमिट की मेधावी छात्राओं का बेस्टल एचआर प्राइवेट लि. कंपनी में एचआर के पद पर चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट कॉलेज के छात्र-छात्राओं के लिये वैश्विक कॉर्पोरेट कंपनीयों के द्वार हमेशा खुले हैं व सभी बडी कंपनियाँ टिमिट के छात्र-छात्राओं को अन्य संस्थानों की तुलना में वरीयता प्रदान करती है। टिमिटछात्र-छात्राओं की कार्पोरेट जगत में भारी माँग है। बडी कंपनियों में लगातार छात्र-छात्राओं का प्लेसमेंन्ट होना संस्थान, फैकल्टिज् व इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ प्लेसमेंट सैल की उत्तम कार्य प्रणाली को दर्शाता है। इसी क्रम में प्रतिष्ठित कंपनी "बेस्टल एचआर प्राइवेट लिमिटेड" ने टिमिटके बीबीए की भाग्यशाली



आस्था जैन कुमकुम जैन

छात्राओं आस्था जैन और कुमकुम जैन को एक्जीक्यूटिव-टैलेंट एक्विजिशन के पद पर नई दिल्ली में ज्वाइनिंग हेतु आमंत्रित किया। बेस्टल एचआर प्राइवेट लिमिटेड एक अग्रणी मानव संसाधन सेवा प्रदाता कंपनी है, जो विभिन्न क्षेत्रों में कंपनियों को टैलेंट सॉल्यूशंस, रिक्रूटमेंट और एचआर कंसल्टिंग सेवाएं प्रदान करती है। इस कंपनी में कार्य करना न केवल छात्रों के लिए एक शानदार अवसर है, बल्कि उनके पेशेवर विकास की दिशा में एक सशक्त शुरुआत भी है। आस्था और कुमकुम अब इस प्रतिष्ठित संगठन का हिस्सा बनकर कॉर्पोरेट क्षेत्र में अपने करियर की नई शुरुआत करेंगी।इस अवसर पर प्रो. विपिन जैन डीन-फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि वैश्विक स्तर की कंपनियों में कार्य करते हुये उँचाइयों को प्राप्त करना ही व्यवसायिक बीबीए कोर्स का उद्देश्य होता है यह सफलता टिमिटकी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, करियर-उन्मुख प्रशिक्षण और छात्राओं की मेहनत का परिणाम है। हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। टिमिट अपने विद्यार्थियों को रोजगार परक ज्ञान, सम्यक चरित्र व सम्यक दर्शन देने को कटिवद्ध है। इस अवसर पर कॉरपोरेट रिसोर्स सेंटर के असि0 डायरेक्टर श्री आकाश भटनागर और जॉइंट डायरेक्टर श्री सिद्धार्थ सिंह ने कम्पनी के अधिकारियों का धन्यवाद व्यक्त किया व चयनित छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक बधाई दी। टिमिट में निरंतर हो रहे प्लेसमेंट और कॉर्पोरेट सेक्टर की बढ़ती रुचि यह सिद्ध करती है कि संस्थान का शैक्षणिक वातावरण, फैकल्टी व प्लेसमेंट सैल की कार्यप्रणाली अत्यंत प्रभावी है।

## बिजली की खराब व्यवस्था से लोगों में नाराजगी

**कांठ।** 19 घंटे बाद कांठ को मिली बिजली ट्रिपिंग का शिकार होती रही लोगों ने विभाग की कार्य शैली पर नाराजगी व्यक्त की है। बतादे की कांठ बिजली घर को अगवानपुर से बिजली सप्लाई होती है रात को आई बारिश के कारण बिजली की लाइन पर पेड़ गिर गया जिससे कांठ बिजली घर की सप्लाई बंद हो गई उस पेड़ को हटाने में बिजली विभाग के कर्मचारियों को 19 घंटे लग गए इसके बाद बिजली मिली तो ट्रिपिंग शुरू हो गई जो की देर शाम तक जारी रही नगर के लोगों ने विभाग की कार्य शैली पर सवाल खड़े किए कहा कि 15 साल पहले जब पुरानी लाइन थी उस वक्त भी बारिश पडते ही बिजली बंद हो जाती थी और अब नई लाइन बनने के बाद भी बिजली के हालात यही है। तो उन्हें शहर के मानक के अनुसार बिजली भी लगातार मिलनी चाहिए।

## एक नजर

### पीएमश्री विद्यालय आटा में हुआ बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण




**चन्दौसी।** विकासखण्ड बनियाखेड़ा के पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय आटा में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की प्रेरणा से सम्राट हॉस्पिटल चन्दौसी के डा0 शेखर वार्ष्णेय द्वारा विद्यालय में अध्यनरत सभी बच्चों का मेडिकल हेल्थ चेकअप के लिए शिविर लगाया गया। उनके द्वारा बच्चों के परीक्षण किये गये तथा ओआरएस के पैकेट निशुल्क वितरित किये तथा बच्चों की विभिन्न प्रकार की संक्रामक बीमारियों का परीक्षण कर मौके पर ही बच्चों को निशुल्क दवाइयां दी गई। विद्यालय में अध्यनरत बच्चों में से 245 बच्चों का मेडिकल परीक्षण किया गया। इस दौरान प्रधानाध्यापिका चयनिका एवं समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

### वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद संभल में कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतू चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना चन्दौसी पुलिस द्वारा वाद सं. 1260/16, अ0सं0 318/16, धारा 323/307 भादवि में वारंटी अभियुक्त जयपाल पुत्र मो. हनलाल नि. कैथल थाना चन्दौसी जिला संभल को गिरफ्तार किया गया।

### घर में घुसकर मां-बेटे को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**डिलारी।** क्षेत्र के नगर पंचायत ढकिया में मुकदमे में गवाही देने को लेकर दबंगों ने घर में घुसकर मां बेटे को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, नगर निवासी रईस आदि में किसी बात को लेकर कोर्ट में मुकदमा चल रहा है, जिसमें मजीद गवाह है, घटना अबसे दो दिन पहले कि है, नगर निवासी महिला नन्ही और उसका बेटा मजीद अपने घर में बैठे हुए थे, सभी नगर निवासी रईस, अयान, हाशमी, रिजवाना, ने घर में घुसकर लाठी डंडों से पीटने लगे, आरोप है की जान से मारने की नीयत से माजिद पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया, चीख पुकार की आवाज सुनकर मोहल्ले वालों ने घटनास्थल पर पहुंचकर बचाया, पीडितो ने थाना डिलारी को तहरीर देकर कार्य वाही की मांग की, पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घायलों का उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डिलारी में भर्ती करा दिया, जहां से तैनात डॉक्टरो ने हालत बिगड़ती देख जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

### दिव्यांग जनों के लिए बिलारी ब्लॉक में आज लगेगा कैंप

**बिलारी।** विकासखंड बिलारी सभागार में दिव्यांग जनों के लिए आज कैंप लगाया जाएगा। जिसमें ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक, आंगनवाड़ी, आशा वर्कर, समूह सखी, राशन डीलर, रोजगार सेवक आदि को निर्देशित किया गया कि वह अपने क्षेत्र में रहकर प्रचार प्रचार करें ताकि दिव्यांगजन अधिक से अधिक शिविर में पहुंचे और कैंप का लाभ उठा पाए। कैंप में दिव्यांग जनों के लिए यूडीआईडी कार्ड बनाए जाएंगे, दिव्यांगजनों की पेंशन के लिए आवेदन पत्र आदि जमा किए जाएंगे। शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के तहत लाभार्थियों का चयन किया जाएगा। इसके अलावा लाभार्थियों को कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण आदि के लिए चयनित किया जाएगा।

# जिले की नगर पालिका और नगर पंचायतों में न हो जलभराव, कावड़ मार्गों पर हो पर्याप्त साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था

## जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारियों के साथ वर्चुअल माध्यम से की समीक्षा, बारिश के दौरान विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह ने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिले की नगर पालिका और नगर पंचायत क्षेत्रों में बारिश के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न न होने पाए, इसके लिए सभी अधिशासी अधिकारी नगर क्षेत्र का नियमित तौर पर भ्रमण करें और स्थानीय लोगों से उनकी जलभराव जैसी विभिन्न समस्याओं के बारे में बातचीत करके उनका समाधान कराएं। जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह ने वर्चुअल माध्यम से सभी अधिशासी अधिकारियों से बारिश के दौरान जलभराव की समस्याओं के समाधान, कावड़ यात्रा के लिए निर्धारित मार्गों पर प्रकाश एवं सफाई व्यवस्था, वृक्षारोपण, हाउसहोल्ड सर्वे और प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत प्रगति को लेकर विस्तृत समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि बारिश के दौरान जहां भी जलभराव की दिक्कतें आ रही हैं वहां वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में पंपसेट लगवाकर पानी निकलवाएं और यदि कहीं नाला चोक होने की वजह से जलभराव हो रहा हो तो नाला तत्काल साफ कराया जाए।उन्होंने कहा कि सभी अधिशासी अधिकारी इन कार्यों के लिए सफाईकर्मियों की गैंग तैयार रखें ताकि त्वरित समाधान कराने में कोई दिक्कत न हो। जिलाधिकारी ने अगवानपुर और पाकबड़ा में स्थित कावड़ मार्ग पर प्रकाश व्यवस्था, मार्ग दुरुस्तीकरण तथा साफ सफाई के बारे में निर्देश दिए कि 11 जुलाई से पूर्व सभी कार्य पूर्ण हो जाने चाहिए ताकि कावड़ यात्रियों को कोई दिक्कत न होने पाए। शासन स्तर से 09 जुलाई को निर्धारित वृहद वृक्षारोपण की तैयारियों को लेकर भी जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारियों से जानकारी ली और कहा कि वृक्षारोपण कार्य को बेहतर ढंग से संपन्न कराया जाए। जिले की नगर पालिका और नगर पंचायतों में सभी सेवाएं ऑनलाइन प्लेटफार्म पर लाने के लिए कराए जा रहे हाउसहोल्ड सर्वे की प्रगति के बारे में भी जिलाधिकारी ने समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सर्वे कार्य, डेटा फीडिंग एवं शासन स्तर से स्वीकृति सहित प्रत्येक स्तर की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए।

जिले की नगर पालिका और नगर पंचायतों में वसूले जा रहे विभिन्न प्रकार के करों की वित्तीय प्रगति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि करों की संग्रह प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से लागू कराएं ताकि स्थानीय निकाय अधिक से अधिक कर संग्रह करके आत्मनिर्भर बनें और विकास कार्यों में भी तुलनात्मक रूप से तेजी लाई जा सके।

नगर पालिका और नगर पंचायतों में अवैध होर्डिंग्स एवं यूनीपोल की स्थापना पर अभियान चलाकर कार्यवाही करने के लिए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर अनधिकृत रूप से यूनीपोल और होर्डिंग्स की स्थापना से आमजन को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है इसलिए सभी अधिशासी अधिकारी ऐसे अवैध कार्यों पर प्रभावी अंकुश लगाएं तथा विनियमित करने के लिए जरूरी कदम उठाएं। अपर जिलाधिकारी प्रशासन/प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय श्री गुलाब चंद्र ने बताया कि जिले की नगर पालिका और नगर पंचायतों में संचालित गौशालाओं को सीसीटीवी से लैस करा दिया गया है ताकि वहां गौवंश की देखभाल की स्थिति की सतत मॉनिटरिंग हो सके। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सत्यापन प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो और समयबद्धता का ध्यान रखते हुए सत्यापन रिपोर्ट डूडा कार्यालय को उपलब्ध हो जानी चाहिए।

# रेलवे का अंडर पास बना तालाब, ग्रामीणों ने रेलवे ट्रैक पर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** क्षेत्र के गांव भूड़ाबास में लोगो के आने जाने की सुविधा के लिए रेलवे ने लगभग 6 वर्ष पूर्व अंडर पास बनाया था। लेकिन वही अंडर पास ग्रामीण के लिए जी का जंजाल बन गया। हर वर्ष वर्षा ऋतु में बारिश होने के कारण अंडरपास में पानी भर जाता है, जिससे ग्रामीणों की आवाजाही बंद हो जाती है और ग्रामीण परेशान होने लगते हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई वर्षों से वह अंडरपास के ऊपर टीनशेड डलवाने की मांग कर चुके हैं लेकिन प्रशासन अनसुनी कर देता है। सोमवार को हुई भारी वर्षा के कारण अंडरपास में पानी भर गया और ग्रामीणों की आवाजाही बंद हो गई, गुस्साए ग्रामीणों ने रेलवे ट्रैक पर धरना प्रदर्शन किया।



जिसके बाद मौके पर कुछ रेलवे कर्मचारी व जीआरपी पुलिस तथा नजदीकी थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंची ग्रामीणों ने यह भी बताया कि कई बार वह एसडीएम ओर डीआरएम को भी अवगत करा चुके हैं लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों का आक्रोश देखकर रेलवे की तरफ से इंजन लगाकर अंडरपास में भरे पानी को निकलने का कार्य शुरू कर दिया गया। प्रदर्शन के दौरान शीशपाल सिंह, रोहतास सिंह, बुद्धसेन, छिद्दू सिंह, प्रवीण कुमार, राकेश कुमार, सतीश कुमार, भोला ठाकुर, राजू सैनी, मटरू, अमित कुमार, महेंद्र सिंह, रो. हताश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरुजी निर्मल सिंह महाराज का मनाया जन्मदिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी महानगर कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला के नेतृत्व में गुरु जी निर्मल सिंह महाराज गुरु जी का जन्मदिन बहुत ही धूमधाम से मनाया गया।

विधि विधान से पूजा अर्चना की गई पूजा अर्चना के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया गुरुजी निर्मल सिंह महाराज जी के प्रिय भक्त गिरीश भंडूला ने कहा कि वह गुरु जी निर्मल सिंह महाराज जी के अनुयाई है गिरीश भंडूला ने आगे कहा कि गुरुजी 1952 में पंजाब के दुगरी गांव में जन्मे थे उन्होंने सरकारी स्कूल में शिक्षा प्राप्त की थी उन्होंने पंजाब के सरकारी स्कूल में कार्य भी किया गुरुजी अपना सारा जीवन ध्यान में लगाते थे गुरु जी को भगवान शिव जी का अवतार भी माना



जाता है। गुरुजी निर्मल सिंह महाराज जी के जन्मदिन कार्यक्रम में भाजपा महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला महेंद्र सिंह बब्बू धर्मेंद्र नाथ मिश्रा निमित जयसवाल राजीव गुप्ता दिनेश शीर्षवाल अतुल दुबे विशाल त्यागी राहुल शर्मा हेमराज सैनी शम्मी भटनागर अजय वर्मा सर्वेश पटेल रजनी कांत जाटव धर्मेश सैनी मुकेश भारद्वाज विशाल शुक्ला हरीश प्रजापति संजीव चौहान कपिल देव योगेश गुप्ता अंजू लोचव शशी किरण विनीता मल्होत्रा मदालसा शर्मा हेमा खत्री पूर्णिमा खन्ना मरियम वारसी विशाल रस्तोगी सूर्यमोहन विजयपाल सिंह गजेंद्र लोदी कपिल गुप्ता भारत टंडन सौरभ सक्सैना दीक्षांत चौधरी अश्वनी शर्मा सुमित चौहान आदि शामिल रहे।

## बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र अनूप कुमार व पुत्रवधू श्रीमती सीमा को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा।
**श्रीमती सीमा पत्नी सुनील कश्यप हाल निवासनी मोहल्ला पीतल बस्ती, तह. व जिला मुरादाबाद।**

## बेदखली सूचना

मैं कि श्रीमती सादरा परवीन पत्नी स्व. अजहर खान निवासी गली नं. 8 इस्लाम नगर मलिक मस्जिद के पास, सर सय्यद नगर, थाना मझोला मुरादाबाद अपने सगे पुत्र शान-ए- इलाही आयु लगभग 36 वर्ष निवासी मौहल्ला आजाद नगर के पीछे, राशिद मस्जिद के पास, तारिक नगर, थाना मझोला, मुरादाबाद को उसके कहना न मानने के कारण अपनी चल व अचल सम्पत्ति से ऑक अर्थात कतई सम्बन्ध विच्छेद करती हूं। भविष्य में कभी भी शान-ए-इलाही व उसकी पत्नी श्रीमती निदा परवीन उर्फ हिना उसके घर वाले, तथा उसके रिश्तेदार कभी भी अपने द्वारा किए गए प्रत्येक कृत्य अन्य सब कुछ का स्वंय जिम्मेदार होगें। मैं, मेरा पुत्र असगर अली व उसकी पत्नी तबाह आरिफ, मेरी बेटी श्रीमती अदीबा व दामाद मोहम्मद वसीम निवासी जुम्मा कालोनी बजोड़ी टोला रामपुर सिटी, रामपुर-नहीं।

# अपराधियों पर चला सजा का चाबुक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** लैंगिक अपराधों के विरुद्ध न्यायालय अब सख्त रुख अपनाए हुए है। जिला विशेष सत्र न्यायाधीश संभल अवधेश कुमार सिंह द्वारा पॉक्सो एक्ट के तहत एक और आरोपी को कठोर सजा सुनाई गई है। मामला थाना रजपुरा, जनपद सम्भल से जुड़ा है जिसमें आरोपी सतीश यादव को 10 वर्ष का कठोर कारावास और 10,000 रु. के जुर्माने से दंडित किया गया है। विशेष न्यायाधीश ने प्रकरण संख्या 568/2019, मु.अ.सं. 115/2019 में पॉक्सो एक्ट की धारा 4(1) के तहत यह सजा सुनाई। यदि आरोपी द्वारा जुर्माना अदा नहीं किया गया, तो उसे तीन महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। न्यायालय ने यह भी आदेश दिया कि अभियुक्त द्वारा पहले जेल में बिताई गई अवधि को सजा में समायोजित किया जाएगा। हालांकि, सजा के समय अभियुक्त सतीश यादव न्यायालय में उपस्थित नहीं था, जिस पर गैर-जमानती वारंट जारी किए गए थे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 05 जुलाई को उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। अभियुक्त के अधिवक्ता ने अदालत में दलील दी कि सतीश यादव विकलांग है।

उसका एक पैर कटा हुआ है और वह लगातार बीमार रहता है, अत: उसे रियायत दी जाए। लेकिन अदालत ने गवाहों और प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर उसे दोषी करार देते हुए कठोर सजा सुनाई। अदालत के आदेशानुसार, आरोपी द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 481 के तहत



50,000 रु. का निजी बंधपत्र और समान धनराशि के दो जमानती प्रस्तुत किए गए जो 6 माह तक प्रभावी रहेंगे। बता दें कि जनपद न्यायालय स्थित चन्दैसी की बीते दो माह में पॉक्सो एक्ट के तहत 10 से अधिक मामलों में सजा सुनाने की महत्वपूर्ण कड़ी है। इससे यह स्पष्ट संदेश जाता है कि बाल यौन अपराधों के विरुद्ध न्याय प्रणाली अब किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरत रही। न्यायपालिका की यह सक्रियता समाज के लिए एक चेतावनी भी है कि अब लैंगिक अपराध करने वाले बच नहीं पाएंगे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक घायल

**बिलारी।** मुरादाबाद रोड पर ढाबे से खाना लेकर बाइक से घर आ रहे बाइक सवार लोगों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक बुरी तरह से चकनाचूर हो गई। बाइक चला रहे व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई जबकि बाइक पर पीछे बैठा व्यक्ति घायल हो गया। इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। डॉक्टर ने देखते ही एक को मृत्यु घोषित कर दिया। जबकि दूसरे का इलाज कर जिले को किया गया। परिवार के लोग शव को घर ले आए। गमगीन माहौल के बीच भारी तादाद में लोग पहुंचे मृतक को सुपुर्द खाक किया गया। बिलारी के मोहल्ला अंसारियान निवासी वाहिद हुसैन पुत्र बाबू अपने पड़ोसी छोटे पुत्र अनवर हुसैन के साथ में अपनी अपाचे बाइक से मुखिया के ढाबे से खाना लेकर बिलारी की और वापस आ रहे थे। इसी बीच अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक पर सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। जहां डॉक्टरों ने वाहिद हुसैन को देखते ही मृत घोषित कर दिया। इस हादसे में छोटे पुत्र अनवर हुसैन गंभीर घायल होने के कारण उसे मुरादाबाद रेफर किया गया। वहीं मृतक के परिवार के लोगों को सूचना दी गई तो परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। हादसे के बाद पत्नी रुखसार का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

## सूचना आम

सूचनादाता के तीन पुत्र सोनू, मोनू, दीपू व एक पुत्री दीपाली है। दीपू अविवाहित है शेष संतान विवाहित है। सूचनादाता के आर्थिक सहयोग से मोनू ने वल्देवपुरी वसंत विहार में मकान का निर्माण कराया है जिसमें पत्नी किरन व सन्तान सहित निवास करता है। मोनू पुत्र एवं पुत्रवधू किरन का व्यवहार, आचरण सूचनादाता सहित अन्य परिवारजनों के साथ वेहद गलत अपमान जनक निंदनीय है उक्त पुत्र एवं पुत्रवधू में हमेशा तकरार रहती है जिस कारण बिरादरी व समाज में काफी बदनामी परिवार की हुयी है पुत्र मोनू व पुत्रवधू किरन के आचरण, व्यवहार व क्रिया कलापों से दुखी होकर सूचनादाता पुत्रगण सोनू, दीपू व पुत्री दीपाली सहित हमेशा के लिये संबंध विच्छेद करके जात-जायदाद से ऑक करते है उक्त पुत्र एवं पुत्रवधू अपने प्रत्येक कृत्य एवं ऋण सहकारी व गैर सरकारी की अदायेगी के स्वंय जिम्मेदार होगें। इनके किसी भी कृत्य के सूचनादाता व अन्य परिवारजन जिम्मेदार नहीं होगें। **सूचनादाता-सीताराम पुत्र मेहताब सिंह व श्रीमति वीना पत्नि सीताराम निवासीगण भूड़े का चौराहा निकट वाल्मीकि मंदिर, जिला मुरादाबाद।**

## बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र पारस सेठी को उसके द्वारा किये जा रहे गलत आचरण व दुर्व्यवहार तथा मनमानी के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में पारस सेठी के द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा पारस सेठी से ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **संजीव सेठी पुत्र सीताराम सेठी निवासी-कुंवर सीनेमा के सामने ,सेठी बिल्डिंग, स्टेशन रोड, जिला मुरादाबाद।**

# श्री बालाजी दरबार गुलड़िया में आज रात से शुरू होगा रामचरित मानस का अखंड पाठ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** गुरु पूर्णिमा के पर्व पर श्री बालाजी दरबार एवं कमलनाथ आश्रम पर धार्मिक अनुष्ठान, भंडारे का आयोजन किया जाएगा, श्रद्धालुओं को कंठी-ब्रह्मसूत्र ग्रहण कराया जाएगा।कार्यक्रम की जिम्मेदारी सेवकों को सौंप दी गई है स नगर से 6 किलोमीटर दूर गुलड़िया बहादुरपुर में स्थित श्री बालाजी दरबार एवं कमलनाथ आश्रम के संस्थापक संत बाबा तेजराम उर्फ कमलनाथ ने बताया कि गुरु पूर्णिमा पर मंगलवार को रात्रि 8 बजे से श्री रामचरित मानस अखंड पाठ प्रारंभ किया जाएगा । जिसका गुरुवार को प्रात: 8 बजे समापन के बाद सामूहिक रूप से सुंदरकांड, रामस्तुति, हनुमान चालीसा, बजरंगवाण, शनिचालीसा, भजन, आरती का आयोजन किया जाएगा । इससे पूर्व श्रद्धालुओं को कंठी-ब्रह्मसूत्र ग्रहण कराया जाएगा । शनि सेवक सुरेन्द्रनाथ ने गुरु पूर्णिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शास्त्रों के अनुसार गुरु के बिना मानव संसार, भवसागर से पार नहीं होता, देवी-देवताओं के रूष्ट होने पर गुरु की शरण हमारी रक्षा करती है, यदि गुरु रुठ जाये तो संसार में कही भी जगह नहीं मिलती, इस लिये गुरुओं का सम्मान करना चाहिए । कार्यक्रम में नगर के अलावा मिश्रीपुर, हीरापुर, मढयो, भूतपूरी, फतेहपुर, मोर, नगीना, खेमपुर, गांवड़ी, शेरूआ, अगवानपुर, सदरपुर, गोवरधनपुर, रैनी, स्योहारा, रामपुर, दिल्ली, बैर, अमरोहा, ठाकुरद्वारा, करनपुर, केलबकरी, धनौरा, धामपुर, जैतरा, पुरैनी, हिरनपुरा, मकसूदपुर, पेली, मुरादाबाद, हरथला, लदावली, सुल्तानपुर, सलारपुर, हरिद्वार, मलकपुर, रमपुरा, जलीलपुर, नवादा, आदि ग्रामों से श्रद्धालु भाग लेंगे।

इस अवसर पर मुखराम सिंह, सतपाल सिंह, मानू, अरविन्द कुमार, मुकेश, मोनित, प्रमोद, धर्मेन्द्र, सुरेन्द्रनाथ, मा, विपिन, डॉ, चन्द्रहास, अमर सिंह, साबिर हुसैन, यश, बलराम, चन्द्रपाल सिंह, डॉ हरिओम सिंह, अर्जुन कारीगर, नीरज, विकास विश्नोई, शिवा, शीला देवी, अर्चना, अंजू, मंजू, ज्योति, मनीषा, निहारिका, निक्की, रेखा, अमरवती, छाया, दीपा, विमला, बबीता, नीतू, राजीव कुमार, शिवम, आदि सेवक मौजूद रहे।

## पेड़ों पर केबल डालने का विरोध करने पर हुए मारपीट पर उतारू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** मामला कांठ थाना क्षेत्र के गांव दरियापुर का है वहां के रहने वाले पवन का आरोप है कि उसके पड़ोसियों ने उनके पेड़ों पर केवल डाल रखा है जो की काफी क्षतिग्रस्त है पवन का कहना है कि उन कटे-फटे केवल में बिजली चलने के कारण कई लोग इसकी चपेट में आ चुके हैं और एक दिन उसे भी जोर का करंट लगा है इसकी शिकायत उसने केवल डालने वाले पड़ोसियों से की तो उन्होंने गाली गलौज करना शुरू कर दिया।

पीड़ित का आरोप था कि पड़ोसियों ने उसे देख लेने की धमकी दी निराश होकर पीड़ित थाने आया और थाना प्रभारी निरीक्षक को अपनी व्यथा सुनाई उन्होंने किसान को उसकी समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया है।

# फरार की गिरफ्तारी और नाम बढ़ाने की मांग को लेकर धरना देने आए लोगों को पुलिस ने समझाकर किया वापिस



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कांठ।** विनीत शर्मा हत्याकांड के फरार आरोपी की गिरफ्तारी और नाम बढ़ाने की मांग को लेकर मृतक के परिजन थाने पर धरना देने आ गए जिन्हें पुलिस ने समझा कर वापस कर दिया। लेकिन इस मामले को लेकर काफी देर तक आक्रोश बना रहा। बतादे की कांठ निवासी विनीत शर्मा की 27 जुलाई को दौलतपुर बिल्लोच नहर में लाश मिली थी जिसका पोस्टमार्टम नूरपुर पुलिस ने करा कर अंतिम संस्कार भी कर दिया था। बाद में परिजनों द्वारा मृतक की पहचान होने के बाद इस मामले में मृतक के परि. जनों ने थाने में तहरीर दी मामला नूरपुर थाने का होने के कारण वहां की पुलिस ने पांच आरोपियों में से चार का चालान कर दिया लेकिन एक आरोपी अभी पुलिस पकड़ में नहीं आ सका मृतक के परिवार के लोग आज फिर थाना कांठ पहुंच गए और फरार की गिरफ्तारी और एक और नाम बढ़ाने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन करने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस ने उन्हें समझा बूझाकर वापस कर दिया। बताया गया कि नूरपुर पुलिस द्वारा इस मामले की जांच की जा रही है और यदि किसी का नाम और प्रकाश में आता है तो यह सब नूरपुर पुलिस द्वारा ही इसमें कार्रवाई की जानी संभव है कुछ देर की जद्दोजहद के बाद मृतक के परिजन वापस लौट गए।

## एक नजर

### दुगरी वाले गुरु जी के जन्मदिन पर भंडारे का आयोजन



मुरादाबाद। यप परिवार यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल धार्मिक प्रकोष्ठ द्वारा दुगरी वाले गुरु जी के जन्मदिन के पावन अवसर पर क्लब के सभी सदस्यों द्वारा एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम गुरु जी का स्मरण किया गया एवं पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लेने के बाद प्रार्थना प्रसाद वितरण किया। वितरण के दौरान नेहा मेहरोत्रा, प्रियंका, अवनीत,पूनम भटनागर, संजना, ईशा सिंह,अपूर्व टंडन, रूपम, प्रिया, वंदना, नीतू ,नेहा वर्मा, नैंसी रस्तोगी, दीप्ति, वंदना, मानसी, दिशा आदि मौजूद रहे।

### अदालत में हाजिर नहीं होने पर पुलिस करेगी देशराज के घर की कुर्की

**कांठ।** देशराज पुत्र बलराम विश्नोई निवासी महमूदपुर माफी के विरुद्ध एसीजीएम द्वितीय कोर्ट में मुकदमा विचाराधीन है।

अदालत में हाजिर न होने पर देशराज के गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए इसके बावजूद भी अदालत में गैरहाजिर पाए जाने पर न्यायालय ने पुलिस को आरोपी के घर की कुर्की करने के आदेश जारी किए हैं। पुलिस के मुताबिक आरोपी के घर की कुर्की जल्द ही की जाएगी।

### वर्तमान सरकार ने शिक्षा को बना दिया व्यापार



**चन्दौसी।** लोकतांत्रिक जनता दल द्वारा प्रयागराज में बैठक आहूत की गई जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संसदीय कार्य समिति के सदस्य डा0 प्रेमराज यादव नि0 चन्दौसी ने भाग लिया। बैठक में वक्ताओं ने प्रदेश व देश की राजनीति को लेकर विचार प्रकट किये। वक्ताओं ने कहा कि देश की जनता इन वर्तमान राजनीतिज्ञों से ऊब चुकी है, अब जनता तीसरे विकल्प की तलाश में हैं। लोकतांत्रिक जनता दल को मैदान में आना होगा तभी लोकतंत्र की रक्षा हो सकती है। वर्तमान सरकार सरकार ने शिक्षा को व्यापार बना दिया है। हर दो वर्ष में पाठ्यक्रम व यूनिफॉर्म बदलना, हर वर्ष मनमानी फीस बढ़ाने पर सरकार खामोश है क्योंकि सरकार को भी कमीशन का हिस्सा जाता है। इस दौरान हाईकोर्ट वरिष्ठ अधिवक्ता भोला यादव, प्रदेश अध्यक्ष जुबेर अहमद कुरैशी, एड. भारत सिंह यादव, सोमेश यादव एड., राजेश यादव एड., भलचंद द्विवेदी, ज्ञानप्रकाश शर्मा, एड. सोमवेश यादव, एड. जितेन्द्र सिंह सागर, राजाराम मौर्य एड. आदि मौजूद रहे।

## मंडलीय क्रीड़ा समिति की हुई बैठक

**मुरादाबाद।** शिक्षा निदेशक महोदय (माध्यमिक) उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में शैक्षिक सत्र 2025 26 के लिए स्पोर्ट फॉर स्कूल कार्यक्रम के अंतर्गत मंडल स्तरीय खेल कार्यक्रमों का निर्धारण तथा मंडल में आयोजित होने वाली खेलकूद प्रतियोगिताओं की सुचितापूर्ण ,सफल आयोजन के लिए कार्य योजना बनाने हेतु मंडलीय क्रीड़ा समिति की एक आवश्यक बैठक मंडलीय संयुक्त शिक्षा निद. शक द्वादश मंडल मुरादाबाद मनोज कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता मे मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय मुरादाबाद में आयोजित की गई। इस अवसर पर जनपद मुराद सुरेंद्र सिंह जनपद बिजनौर से जनपदीय क्रीडा सचिव प्रभात कुमार जनपद संभल से जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतिनिधि संजीव तथा डीपीएस टेक मैनेजमेंट सिस्टम की ओर से रोहित कुमार रवि आदि उपस्थित रहे स अंत में राष्ट्रगान के बाद बैठक समाप्त की गई।

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र अरविन्द उर्फ सुमित को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में अरविन्द उर्फ सुमित के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **राजेश पुत्र नन्दकिशोर निवासी ग्राम मुख्यारपुर नवादा थाना कांठ तह. कांठ, जिला मुरादाबाद।**

# टीएमयू नर्सिंग के 51 स्टुडेंट्स ने पाई जॉब

**■ यूपी के संग-संग उत्तराखंड बिहार के इन छात्र-छात्राओं की हुई प्रतिष्ठित अस्पताल समूह मैक्स हैल्थकेयर में नियुक्ति**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के तीर्थंकर महावीर कॉलेज ऑफ नर्सिंग, मुरादाबाद और तीर्थंकर पार्श्वनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग, अमरोहा के नर्सिंग कॉलेजों के स्टुडेंट्स के लिए यह खब्बर खुशियों की सौगात है। इन कॉलेजों के 51 छात्र-छात्राओं ने प्रतिष्ठित अस्पताल समूह मैक्स हैल्थकेयर में जॉब पाई है। बीएससी नर्सिंग और पोस्ट बेसिक नर्सिंग के नियुक्त ये स्टुडेंट्स उत्तर प्रदेश के अलावा उत्तराखंड और बिहार के रहने वाले हैं। मैक्स हेल्थकेयर की टीम ने छात्रों के ज्ञान, व्यवहार, पेशेवर दृष्टिकोण और दक्षताओं को लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के जरिए परखा। नर्सिंग की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी ने चयनित इन सभी स्टुडेंट्स को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्लेसमेंट ड्राइव में कुल 85 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। मैक्स हेल्थकेयर की ओर से चयन टीम में श्री दीन दयाल, श्री सुजीत, श्री दीपक कपूर, सुश्री पद्मा जयप्रकाश और सुश्री ज्योति सिंह, जबकि टीएमयू कॉर्पोरेट रिसोर्स सेंटर-सीआरसी की ओर से ज्वाइंट डायरेक्टर श्री सिद्धार्थ सिंह, श्री दानिश रहमानी, श्री सुधांशु सिंह, महविश आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत फत्तेहपुर विश्नोई वि0 खं0 छजलैट (मुरादाबाद)**

पत्रांक: मीमो/ग्रा.पं./विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2025-26 दिनांक: 07.07.2025

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन-सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत फत्तेहपुर विश्नोई वि.खं. छजलैट जनपद मुरादाबाद में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-2026 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पंद्रहवा वित्त आयोग, एवं अन्य शासकीय मदो के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थलों पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद निविदायें कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 08.07.2025 से 14.07.2025 तक निविदा प्रपत्र क्रय करके सुबह 10.00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबंद लिफाफे में निविदा/कुटेशन दरें सहित जमा कर सकते है। जोकि दिनांक 14.07.2025 के अधोहस्ताक्षरी के समक्ष कार्य दिवस में दोपहर 11.00 बजे खोली जायेगी। **नोट:**- निविदा प्रपत्र का विक्रय मूल्य 500 रु. है।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 2 | बालू रेत/लोकल रेत | घन मी. | |
| 3 | बजरफुट | घन मी. | |
| 4 | 20 एम.एम. बजरी | घन मी. | |
| 5 | 40 एम.एम. बजरी | घन मी. | |
| 6 | ईंट प्रथम श्रेणी एम-150 | प्रति हजार | |
| 7 | ईंट बालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 8 | 40 एमएम ब्रिक ब्लास्ट | घन मी. | |
| 9 | सीसी इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एमएम सफेद | प्रति नग | |
| 10 | सीसी इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एमएम रंगीन | प्रति नग | |
| 11 | दीवार टाईल्स | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | फर्श टाईल्स | प्रति वर्ग मी. | |
| 13 | सरिया | प्रति कुंटल | |
| 14 | लोहे का जाल | प्रति कुंटल | |
| 15 | मिट्टी-दूरी सहित | प्रति घन मी. | |
| 16 | ऑफिस में उपयुक्त होने वाली सामग्री | प्रति नग | |
| 17 | कीटनाशक/बिल्चिंग पाउचर/हाईपोक्लीराइड। | प्रति किग्रा./ली. | |
| 18 | बाल पेंटिंग | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | सेनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 20 | बिजली उपकरण | प्रति नग | |
| 21 | आयरन एंग्लि/सरिया | प्रति किग्रा. | |
| 22 | फर्नीचर/बैच | प्रति नग | |
| 23 | आर.सी.सी. बैच | प्रति नग | |
| 24 | डस्टबिन | प्रति नग | |
| 25 | स्ट्रीट एल.ईडी.लाइट | प्रति नग | |
| 26 | फर्नीचर स्कूल बैच कम्पलीट | प्रति नग | |
| 27 | पेंट | प्रति लीटर | |
| 28 | फॉगिंग मशीन/स्प्रे मशीन। | प्रति नग | |
| 29 | प्राइमर (लोहा लकड़ी) | प्रति लीटर | |
उत्तराखंड सरकार के वन एवं उच्च शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल द्वारा अनिरूद्ध चौहान को यह पुरस्कार प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि सुबोध उनियाल ने शिक्षा के महत्तव को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड सरकार गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, सभी को शिक्षा एवं पलायन रोकने एवं रोजगार के क्षेत्र में शानदार कार्य कर रही है। पुरस्कार हेतू चयनित प्रतिभागियों द्वारा राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर अनिरूद्ध चौहान ने बताया कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में देश के विकास को पंख लगाने के लिए युवाओं को निर्णायक भूमिका निभाने के लिए तैयार रहना चाहिए। इसके लिए उन्हें चारित्रिक मजबूती एवं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की आवश्यकता है। सभी सरकारों और संस्थानों को युवाओं के रोजगार के लिए कार्य करने चाहिए। युवाओं को भी आगे बढ़कर देशहित की अपनी भूमिका निभानी चाहिए। इस कार्यक्रम में उत्तराखंड एवं भारत के विभिन्न राज्यों से आए 30 उत्कृष्ट व्यक्तित्वों को उत्तराखंड में शिक्षा, स्वास्थ्य, अभियंत्रिकी, सामाजिक सेवा, नवाचार एवं जनकल्याण के क्षेत्रों में उनके असाधारण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक डा अतुल शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य जमीनी स्तर पर बदलाव लाने वाले लोगों को पहचान देना है। उल्लेखनीय गणमान्य अतिथियों में ई एन के यादव, अध्यक्ष इंस्टीटयूट्स आफ इंजिनियर उत्तराखंड सेंटर, अनुराग गुप्ता, डायरेक्टर छप्म्स्प्ज् हरिद्वार सेंटर, उत्तराखंड, डा सतेन्द्र मित्तल उप कुलपति पतंजलि विश्वविद्यालय, हरिद्वार, एच के उप्रेती डायरेक्टर, राजाजी नेशनल पार्क उत्तराखंड रहे। सभी वक्ताओं ने परंपरा औंर आधुनिक शिक्षा के समन्वय की आवश्कता पर बल दिया।

# नगर के नूर करीम होटल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने संग्रहित किए दो नमूने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** होटल में खाने के दौरान मक्खी निकालने की खबर को प्रकाशित करने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने होटल पर पहुंचकर खाद्य पदार्थो का नमून संग्रहित किए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी के छापे के दौरान खाद्य पदार्थ विक्रेताओ में हड़कंप मच गया। बतादें दे कि करीब चार दिन पूर्व सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो एवं दैनिक अमर भारती में प्रकाशित खबर के परिप्रेक्ष्य में सोमवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओंमपाल सिंह ने नगर में काशीपुर रोड ठाकुरद्वारा स्थित नूर करीम होटल का निरीक्षण किया गया। विक्रेता ने होटल का वैध खाद्य पंजीकरण उपलब्ध कराया। होटल के स्टोर में खाद्य पदार्थ तैयार करने हेतु रखे हल्दी पाउडर एवं मिर्च पाउडर के नमूने संग्रहित किए गए। जिन्हें जांच हेतु खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा हैं। विक्रेता को निर्देशित किया गया कि वह साफ सफाई का ध्यान रखें तथा किसी भी परिस्थिति में रसोई में मक्खियों का प्रवेश न हो इसके लिए उसे चाहे जो भी प्रबंध करने ही क्यों न पड़ेंगे। खाद्य विभाग द्वारा छापेमारी की सूचना पर अन्य खाद्य पदार्थ



विक्रेताओ में हड़कंप मच गया।

# मकान गिरने से बच्चे की मलबे में दबकर मौत

**कुंदरकी।** रविवार देर रात से शुरू हुई मूसलाधार बरसात ने किसानों को भरपूर लाभ पहुंचाया तो वहीं दूसरी और यही बरसात गरीबों पर कहर बनकर भी टूटी आपको बता दें कि, ब्लॉक कुंदरकी के गांव गुरेर में मूसलाधार बारिश के चलते अचानक नोमान अशरफ नामक मजदूर की मकान की कच्ची छत अचानक भर-भरकर कर गिर गई। जिससे नोमान और उसकी पत्नी व उसका 8 वर्षीय बेटा अफ्शान मल्वे में दब गए चीखों पुकार की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने तीनों को सकुशल निकालने की कोशिश की लगभग 1 घंटे की कोशिश के बाद जब तीनों को मल्वे से बाहर निकाला तो पति और पत्नी की हालत गंभीर थी। और 8 वर्षीय बेटा अफ्शान बुरी तरह से घायल हो गया था जिसकी मौके पर ही मौत हो गई।

ग्रामीणों ने बताया कि, अफ्शान पास के ही विद्यालय में कक्षा 2 का छात्र था दूसरी और कुंदरकी ब्लाक में ही बाबू नामक एक व्यक्ति का कच्चा मकान भी अचानक भर भराकर गिर गया। जिसमें बाबू व उसकी पत्नी और उसकी बेटी भी मामूली रूप से घायल हो गए। बाबू नामक मजदूर ने बताया कि, वह कई वर्षों से ब्लाक अधिकारियों से मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास मांग रहा था मगर किसी भी ब्लॉक अधिकारी व ग्राम प्रधान ने उसकी फरियाद नहीं सुनीं और आज वह अपने परिवार के साथ मरते मरते बचा है।

# डिलीवरी स्पीड के साथ अमेजन प्राइम-डे का लें आनंद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** अमेजन इंडिया अपने सबसे प्रतीक्षित शॉपिंग इवेंट प्राइम डे 2025 के लिए पूरी तरह तैयार है, जो विशेष रूप से प्राइम मेंबर्स के लिए आयोजित किया जा रहा है। 12 जुलाई की मध्यरात्रि 12:00 बजे से लेकर 14 जुलाई की रात 11:59 बजे तक, 72 घंटों की नॉन-स्टॉप शॉपिंग के लिए तैयार हो जाइए, जहां मिलेगा सबसे बड़ा कलेक्शन, सबसे तेज डिलीवरी, बेमिसाल डील्स और ब्लॉकबस्टर एंटरटेनमेंट। चाहे आप अपने गैजेट्स अपग्रेड करना चाहते हों, वॉर्डरोब को रिफ्रेश करना हो या घर को नया लुक देना हो, प्राइम डे में स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, टीवी, अप्लायंसेज, अमेजन डिवाइसेज, फैशन, ब्यूटी, होम व किचन, फर्नीचर, किराना, रोजमर्रा की जरूरतें और बहुत कुछ शानदार छूट के साथ मिलेगा। प्राइम, डिलिवरीज और रिटर्न्स, इंडिया और इमर्जिंग मार्केट्स के डायरेक्टर अक्षय साही ने कहा प्राइम डे हमारे ग्राहकों के लिए एक उत्सव है और इस साल हम इसे अब तक से भी बड़े स्तर पर मना रहे हैं 72 घंटों की शॉपिंग, बेहतरीन बचत और ब्लॉकबस्टर एंटरटेनमेंट के साथ। हजारों डील्स के साथ, प्राइम डे देशभर के प्राइम सदस्यों के लिए अमेजन का सबसे अच्छा अनुभव लाएगा। ग्राहक अब रुफस का भी इस्तेमाल कर सकते हैं हमारा जनरेटिव एआई -संचालित शॉपिंग असिस्टेंट, जो खरीदारी की प्रक्रिया को आसान बनाता है। यह प्रोडक्ट्स की तुलना, व्यक्तिगत सुझाव और सबसे उपयुक्त विकल्प खोजने में मदद करता है। इस साल, रुफस और बेहतर हुआ है और अब डेस्कटॉप पर भी उपलब्ध है, ताकि प्राइम सदस्य आसानी से अपने लिए परफेक्ट डील्स ढूंढ सकें। अमेजन इंडिया और ऑस्ट्रेलिया के उपाध्यक्ष ऑपरेशंस अभिनव सिंह का कहना है हमारा पैन-इंडिया लॉजिस्टिक्स नेटवर्क ग्राहकों को तेज और सुविधाजनक सेवाएं प्रदान करने की नींव है, और हम पूरे देश में तेज, भरोसेमंद सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आज हमने देश के टियर-2 और टियर-3 शहरों, जैसे नागपुर, पंचकूला, हुबली, मोहाली, हावड़ा और इंदौर सहित 30 से अधिक नए डिलीवरी स्टेशनों की शुरुआत की घोषणा की है। यह अमेजन और उसके पार्टनर्स द्वारा संचालित 2,000 से अधिक मौजूदा डिलीवरी स्टेशनों और देशभर में फैले 28,000 से ज्यादा 'आई हैव स्पेस' स्टोर्स के अतिरिक्त है। अपने डिलीवरी नेटवर्क का विस्तार कर हम न सिर्फ मौजूदा ग्राहकों की मांग पूरी कर रहे हैं, बल्कि भविष्य की वृद्धि के लिए भी आधार तैयार कर रहे हैं। प्राइम डे 2025 के करीब आते हुए, ये नए स्टेशन हमारे व्यापक नेटवर्क के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करेंगे कि देशभर के ग्राहकों को निर्बाध और समय पर डिलीवरी का अनुभव मिले। कंपनी ने हाल ही में भारत में अपनी सबसे तेज, सबसे सुरक्षित और भरोसेमंद ऑपरेशंस नेटवर्क को विकसित करने और संचा. लित करने की प्रतिबद्धता के तहत 2000 करोड़ रुपयों का निवेश भी किया है।

## बिजली के खंभे से टकराई कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त, खंभा टूटा, चालक सुरक्षित

**सुरजननगर।** स्योहारा मार्ग पर बीते सोमवार की सुबह एक कार जो तेज रफ्तार आ रही थी अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई। इसमें कार का अगली हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हादसा सोमवार की सुबह करीब 5 बजे हुआ। हालांकि कार चालक को चोट नहीं आई है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बिजली का खंभा भी टूट गया। हालांकि, चालक को किसी तरह की चोट नहीं आई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय प्रशासन को हादसे की जानकारी दे दी गई है।



## सम्पादकीय

मंगलवार, 8 जुलाई 2025

# आतंकवाद की निंदा

अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत अब अपनी बात को प्रभावशाली तरीके से रख पा रहा है। उसका असर भी दिखाई दे रहा है। पहले क्वाड और अब ब्रिक्स देशों ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की है। ब्राजील के लियो डी जेनेरियो में 17वें ब्रिक्स सम्मेलन में सदस्य देशों ने रविवार देर रात को 31 पेज और 126 प्वाइंट वाले एक घोषणा पत्र में पहलगाम आतंकी हमले और ईरान पर इजरायली हमले की कड़ी निंदा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस समिट में अपने संबोधन में ठीक ही कहा है कि पहलगाम आतंकी हमला सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि पूरी इंसानियत पर चोट है और आतंकवाद की निंदा हमारा सिद्धांत होना चाहिए, सुविधा नहीं।

पीएम मोदी ने साफ किया कि ब्रिक्स देशों की अलग-अलग सोच और बहुध्रुवीय दुनिया में भरोसा ही इसकी सबसे बड़ी ताकत है। जाहिर है पीएम मोदी ने अप्रत्यक्ष रूप से उन देशों को चेताया, जो अपनी सुविधा के अनुसार आतंकवाद की व्याख्या करते हैं और उनका बचाव करते हैं। हालांकि सभी सार्वजनिक मंच पर यह कहते हुए दिखाई देते हैं, वह आतंकवाद के खिलाफ हैं, लेकिन जमीनी सच्चाई इसके उलट है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बहसो में हम देख चुके हैं कि चीन ने किस तरह पाक में संरक्षण पा रहे आतंकवादियों का बचाव किया है। यही काम अमेरिका भी करता है। मतलब बड़ी ताकतें अपने-अपने नजरिये से आतंकवाद को देखती हैं। इसी तरफ पीएम मोदी ने यह कहकर इशारा किया है कि आतंकवाद की निंदा हमारा सिद्धांत होना चाहिए सुविधा नहीं। यूं भी देखने में आ रहा है कि क्वाड हो या ब्रिक्स, उसमें आतंकवाद की निंदा तो की गई है, पहलगाम का भी जिक्र किया गया है, लेकिन पाकिस्तान का नाम लेने से सीधे बचा गया है, जबकि भारत का स्टैंड स्पष्ट रहा है कि भारत में जो आतंकवादी घटनाएं होती हैं, उसके पीछे पाक का सीधे हाथ है।

भारत 2026 में 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता करने जा रहा है। निश्चित रूप से भारत के लिए बड़ी उपलब्धि है। ब्रिक्स में और भी कई बातें देखने को मिलीं। जिसके घोषणा पत्र में कहा गया है कि किसी भी देश पर एकतरफा प्रतिबंध लगाना पूरी तरह गलत है और यह अंतर्राष्ट्रीय कानून के खिलाफ है। एकतरफा टेरिफ के फैसलों पर भी चिंता जताई गई है और कहा गया कि यह विश्व व्यापार संगठन नियमों के खिलाफ है। घोषणा पत्र में पारदर्शी और समावेशी ट्रेड का समर्थन किया गया है जिसमें विकासशील देशों से बिना भेदवभाव के व्यापार शामिल है। घोषणा पत्र में धर्म, देश और सभ्यता या जाति समूह से आतंकवाद को जोड़ने का इन्कार किया गया है। बात सही भी है, आतंकवाद का किसी धर्म से लेना-देना नहीं है और न ही इसका कोई रूप है, लेकिन असल सवाल यह है कि ब्रिक्स के घोषणा पत्र में निंदा की गई है क्या वह काफी है। केवल आतंकवाद पर निंदा करने से कुछ नहीं होने वाला। जब तक सभी देश वास्तव में जमीन पर इसके लिए काम नहीं करेंगे और जो देश व समूह उनको संरक्षण देंगे, उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक अच्छे परिणाम नहीं आएंगे।

## नहीं बताऊंगा, मैं कैसा महसूस करता हूं



उनका सामान पैक कर दिया गया है। वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ जल्द ही दूसरे सरकारी आवास में चले जाएंगे, जिसका खर्च वह खुद वहन करेंगे, मैं आपको नहीं बताऊंगा कि मैं कैसा महसूस करता हूं, लेकिन आप खुद कल्पना कर सकते हैं कि मैं इसके बारे में कैसा महसूस कर रहा हूं, हम दो बच्चों, प्रियंका और माही के माता-पिता हैं, वे खास बच्चे हैं और उनकी विशेष जरूरतें हैं, उन्हें नेमालाइन मायोपैथी नाम की एक बीमारी है, आप जानते हैं, यह एक बहुत ही दुर्लभ आनुवांशिक विकार है, जो मांसपेशियों को प्रभावित करता है, अब यह शायद कुछ दिनों की बात है या कुछ दिनों की नहीं, बल्कि शायद अधिक से अधिक कुछ हफ्तों की।

**-डीवाई चंद्रचूड, पूर्व मुख्य न्यायाधीश**

# महाराष्ट्र में भाषा विवाद चिंता का विषय



विनीत नारायण



**मेरी दृष्टि में भारत में जितनी भाषाएं बोली जाती हैं, सब राष्ट्रभाषाएं हैं। उनको समान आदर उपलब्ध होना चाहिए। किसी एक भाषा का साम्राज्य दूसरी भाषाओं पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, वह भाषा चाहे हिंदी हो और चाहे कोई और हो। कोई कारण नहीं है कि तमिल, तेलगू, बंगाली या गुजराती को हिंदी दबाए, लेकिन गांधी जी के कारण कुछ बीमारियां इस देश में छूटीं, उनमें एक बीमारी हिंदी को राष्ट्रभाषा का वहम देने की भी है। हिंदी को यह अहंकार गांधी जी दे गए कि वह राष्ट्रभाषा है। तो हिंदी प्रांत उस अहंकार से परेशान हैं और वह अपनी भाषा को पूरे देश पर थोपने की कोशिश में लगे हुए हैं। हिंदी का साम्राज्य भी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है, तो किसी भाषा का नहीं किया जा सकता हैं।**

भाषा संवाद के लिए होती है, झगड़े उपद्रव के लिए नहीं। झगड़े उपद्रव के लिए लठबाजी, गोलीबारी होती है। गले लगा लो तो बिना भाषा के भी संवाद हो जाता है। राष्ट्र में महाराष्ट्र का होना गौरव और गरिमा की बात है। महाराष्ट्र की उत्कृष्ट सभ्यता संस्कृति है। इसे क्षुद्र स्तर पर न ले आने के लिए हम सजग सावधान रहें, तो इसकी सभ्यता-संस्कृति पूरे विश्व में जगमगाती रहेगी।

मराठी-गुजराती-हिंदी-अंग्रेजी की यहां सब नदियां एक ही महासागर से जुड़ी हैं। इसलिए यहां संकीर्णता नहीं, उदारता ही प्रवाहमान होती है। सभ्यता-संस्कृति का दीप-स्तम्भ बनती है। यह कहना है स्वामी चौतन्य कीर्ति का। इस विषय में ओशो क्या कहते हैं- एक मित्र ने पूछा है कि क्या भारत में कोई राष्ट्रभाषा होनी चाहिए? यदि हां, तो कौन सी? राष्ट्रभाषा का सवाल ही भारत में बुनियादी रूप से गलत है। भारत में इतनी भाषाएं हैं कि राष्ट्रभाषा सिर्फ लादी जा सकती है और जिन भाषाओं पर लादी जाएगी उनके साथ अन्याय होगा। भारत में राष्ट्रभाषा की कोई भी जरूरत नहीं है। भारत में बहुत सी राष्ट्रभाषाएं ही होंगी और आज कोई कठिनाई भी नहीं है कि राष्ट्रभाषा जरूरी हो। रूस बिना राष्ट्रभाषा के काम चलाता है तो हम क्यों नहीं चला सकते? आज तो यांत्रिक व्यवस्था हो सकती है संसद में, बहुत थोड़े खर्च से, जिसके द्वारा एक भाषा सभी भाषाओं में अनुवादित हो जाए, लेकिन राष्ट्रभाषा का मोह बहुत महंगा पड़ रहा है। भारत की प्रत्येक भाषा राष्ट्रभाषा होने में समर्थ है इसलिए कोई भी भाषा अपना अधिकार छोड़ने को राजी नहीं होगी, होना भी नहीं चाहिए, लेकिन यदि हमने जबर्दस्ती किसी भाषा को राष्ट्रभाषा बना कर थोपने की कोशिश की तो देश खंड-खंड हो जाएगा। आज देश के बीच विभाजन के जो बुनियादी कारण हैं उनमें भाषा एक है। राष्ट्रभाषा बनाने का खयाल ही राष्ट्र को खंड-खंड में तोड़ने का कारण बनेगा। अगर राष्ट्र को बचाना हो तो राष्ट्रभाषा से बचना पड़ेगा और अगर राष्ट्र को मिटाना हो तो राष्ट्रभाषा की बात आगे भी जारी रखी जा सकती है।

मेरी दृष्टि में भारत में जितनी भाषाएं बोली जाती हैं, सब राष्ट्रभाषाएं हैं। उनको समान आदर उपलब्ध होना चाहिए। किसी एक भाषा का साम्राज्य दूसरी भाषाओं पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, वह भाषा चाहे हिंदी हो और चाहे कोई और हो। कोई कारण नहीं है कि तमिल, तेलगू, बंगाली या गुजराती को हिंदी दबाए, लेकिन गांधी जी के कारण कुछ बीमारियां इस देश में छूटीं, उनमें एक बीमारी हिंदी को राष्ट्रभाषा का वहम देने की भी है। हिंदी को यह अहंकार गांधी जी दे गए कि वह राष्ट्रभाषा है। तो हिंदी प्रांत उस अहंकार से परेशान हैं और वह अपनी भाषा को पूरे देश पर थोपने की कोशिश में लगे हुए हैं। हिंदी का साम्राज्य भी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है, तो किसी भाषा का नहीं किया जा सकता हैं। सिर्फ संसद में हमें यांत्रिकव्यवस्था करनी चाहिए कि सारी भाषाएं अनुवादित हो सकें और वैसे भी संसद कोई काम तो कोई करती नहीं है कि कोई अड़चन हो जाएगी। सालों तक एक-एक बात पर चर्चा चलती है, थोड़ी देर और चल लेगी तो कोई फर्क नहीं होने वाला है। संसद कुछ करती हो तो भी विचार होता कि कहीं कार्य में बाधा न पड़ जाए। कार्य में कोई बाधा पड़ने वाली नहीं मालूम होती हैं। फिर मेरी दृष्टि यह भी है कि यदि हम राष्ट्रभाषा को थोपने का उपाय न करें तो शायद बीस पच्चीस वर्षों में कोई एक भाषा विकसित हो और धीरे-धीरे राष्ट्र के प्राणों को घेर ले। वह भाषा हिंदी नहीं होगी, वह भाषा हिंदुस्तानी होगी। उसमें तमिल के शब्द भी होंगे, तेलगू के भी, अंग्रेजी के भी, गुजराती के भी, मराठी के भी। वह एक मिश्रित नई भाषा होगी जो धीरे-धीरे भारत के जीवन में से विकसित हो जाएगी, लेकिन अगर कोई शुद्धतावादी चाहता हो कि शुद्ध हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाना है तो यह सब पागलपन की बातें हैं। इससे कुछ हित नहीं हो सकता है। यह तो थी ओशो की सोच।

महाराष्ट्र, एक ऐसा राज्य है जो अपनी सांस्कृतिक समृद्धि और मराठी भाषा के लिए जाना जाता है, आज भाषा विवाद के कारण चर्चा में है। मराठी, जो इस राज्य की आत्मा है, न केवल एक भाषा है, बल्कि महाराष्ट्र की पहचान, इतिहास और गौरव का प्रतीक भी है। हाल के वर्षों में, मराठी भाषा के उपयोग और सम्मान को लेकर कई विवाद सामने आए हैं, जो सामाजिक और राजनीतिक स्तर पर तनाव का कारण बन रहे हैं। महाराष्ट्र में मराठी को प्राथमिकता देने की मांग लंबे समय से चली आ रही है। विशेष रूप से मुंबई जैसे महानगरों में, जहां विविधता अपनी चरम सीमा पर है, मराठी भाषा को कई बार उपेक्षित महसूस किया जाता है। गैर-मराठी भाषी समुदायों की उपस्थिति और वैश्वीकरण के प्रभाव ने मराठी के उपयोग को कुछ हद तक सीमित किया है। यह स्थिति स्थानीय लोगों में असंतोष को जन्म देती है, जो अपनी भाषा और संस्कृति की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहे हैं। भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कृति, साहित्य और परंपराओं का वाहक भी है। मराठी साहित्य, जिसमें संत ज्ञानेश्वर से लेकर आधुनिक लेखकों तक का योगदान शामिल है, जो विश्व स्तर पर अपनी गहराई के लिए जाना जाता है। फिर भी, सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों और सार्वजनिक स्थानों पर मराठी के उपयोग में कमी देखी जा रही है। यह स्थिति मराठी भाषी समुदाय के लिए चिंता का विषय है। राज्य सरकार ने मराठी को अनिवार्य करने के लिए कुछ कदम उठाए हैं, जैसे स्कूलों में मराठी पढ़ाई को बढ़ावा देना और सरकारी कार्यों में इसका उपयोग सुनिश्चित करना, लेकिन इन प्रयासों को और प्रभावी करने की आवश्यकता है। साथ ही, मराठी के प्रति सम्मान को बढ़ावा देने के लिए सामाजिक जागरूकता भी जरूरी है। गैर-मराठी भाषी लोगों को भी मराठी सीखने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए, ताकि सामाजिक एकता मजबूत हो।

मराठी भाषा या देश की अन्य भाषा का संरक्षण केवल एक राज्य की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह हमारी साझा सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा है। विवादों को सुलझाने के लिए संवाद और सहयोग जरूरी है। मराठी व अन्य भाषाओं को उनका उचित स्थान दिलाने के लिए हमें एकजुट होकर प्रयास करना होगा, ताकि सभी भाषाएं अपनी गरिमा और गौरव के साथ फलती-फूलती रहें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पहला परजीवी कीट जो आज तक हमारे साथ है

**खटमल तो हमारा खून तब से चूसते आ रहे हैं जब हमारे पूर्वज बस्तियां बनाकर रहने लगे थे। वैसे कई शोधकर्ताओं का मत है कि खटमल को यह खिताब देने से पहले यह समझना होगा कि कई अन्य जंतुओं को लेकर ऐसे अध्ययन हुए ही नहीं हैं। कुछ खटमल चमगादड़ों से खून ग्रहण करते हैं, जबकि कुछ मनुष्यों से अपना खून चूसते हैं।**

हमें रेल्वे स्टेशनों पर मंडराते चूहे या घर की रसोई में विचरते कॉकरोच तो खूब नजर आते हैं और हम मान लेते हैं कि ये शहरी नाशी-कीटों में सर्वोपरि हैं, लेकिन हाल ही में बायोलॉजी लेटर्स में प्रकाशित एक अध्ययन कहता है कि इन सबसे पहले खटमल ने शहरी बस्तियों को त्रस्त किया था। जी हां, वही खटमल जो ट्रेन की सीटों में, टॉकीजों में और घरों के बिस्तरों में रहता है और खून चूसता है।



खटमलों की कई प्रजातियां हम पर आश्रित हैं और उनका जीवन हमारा खून पीकर ही चलता है, लेकिन जेनेटिक साक्ष्य बताते हैं सुदूर अतीत में खटमलों का पसंदीदा या शायद एकमात्र शिकार चमगादड़ हुआ करते थे। जेनेटिक प्रमाण यह भी बताते हैं कि लगभग 2 लाख 45 हजार वर्ष पूर्व कुछ खटमलों ने छलांग लगाकर मनुष्यों को अपना पोषक बना लिया। कहते हैं कि इस छलांग के चलते खटमलों के दो वंश उभरे थे, एक जो चमगादड़ों का खून चूसते रहे और मुख्य रूप से गुफाओं तथा यूरोप और मध्य पूर्व के प्राकृत वासों में बसे रहे। दूसरे वंश ने आधुनिक बस्तियों में मनुष्य को साथी बनाया। इस प्रक्रिया को समझने के प्रयास में वर्जीनिया पोलीटेक्निक इंस्टिट्यूट के जीव वैज्ञानिक वॉरेन बूथ और उनके साथियों ने चेक गणतंत्र में रहने वाले आम खटमलों की 19 किस्मों (10 चमगादड़ों का खून चूसने वाले और 9 पूर्णतः मनुष्यों पर आश्रित) के संपूर्ण जीनोम्स का विश्लेषण किया। इन दो समूहों के डीएनए में हुए उत्परिवर्तनों की तुलना की और यह मॉडलिंग किया इस तरह के परिणाम आने के लिए प्रत्येक समूह की आबादी कितनी रही होगी। इस आधार पर बूथ समूह ने अनुमान लगाया कि प्रत्येक खटमल किस्म की आबादी में दसियों हजार सालों में कैसे उतार-चढ़ाव आए होंगे। उन्होंने पाया कि चमगादड़-सम्बंधी खटमलों की आबादी 60,000 सालों तक निरंतर घटती गई जबकि मानव सम्बंधी वंशों की आबादी भी 60,000 साल पहले घटी थी, लेकिन 13,000 साल पहले और 7000 साल पहले यह फिर से बढ़ी थी। इस परिवर्तन के कारण के तौर पर बूथ की टीम का मत है कि ठंडी होती जलवायु ने खटमलों की आबादी में शुरुआती गिरावट पैदा की, लेकिन जब मनुष्य घुमंतू जीवन शैली छोड़कर बसने लगे तो खटमलों ने नए आरामदायक जीवन का फायदा उठाया और उनकी आबादी बढ़ी। और 7000 साल पहले तो बड़ी शहरी बस्तियों के विकास ने उन्हें एक और मौका दे दिया। यदि यह कालक्रम सही है, तो खटमल को दुनिया का सबसे पहला शहरी नाशी-कीट होने का खिताब मिलेगा, जो पूरी तरह मनुष्यों पर आश्रित हैं। तुलना के लिए देखें कि कॉकरोच ने हमसे निकट सहवासी सम्बंध मात्र 2000 साल पहले तथा काले चूहे ने मात्र 5000 साल पहले स्थापित किया है।

**-स्रोत फीचर्स**

# महिला एवं बाल विकास में तकनीकी परिवर्तन का एक दशक

अन्नपूर्णा देवी



सशक्तिकरण की शुरुआत पहुंच-अधिकारों, सेवाओं, सुरक्षा और अवसरों तक पहुंच से होती है। बीते दशक में, अधिक समावेशी और डिजिटल रूप से सशक्त भारत का निर्माण करने पर केंद्रित सरकार की प्रतिबद्धता के माध्यम से इस पहुंच को नए सिरे से परिभाषित किया गया है और सभी के लिए सुलभ बनाया गया है।



महिला एवं बाल विकास मंत्रालय इस परिवर्तन में सबसे अग्रणी रहा है। हम अक्सर कहते हैं सशक्त महिलाएं, सशक्त भारत और सशक्तिकरण की शुरुआत पहुंच-अधिकारों, सेवाओं, सुरक्षा और अवसरों तक पहुंच से होनी चाहिए। आज यह पहुंच तेजी से डिजिटल होती जा रही है। जो कभी आकांक्षापूर्ण था, वह अब क्रियाशील बन चुका है। ऐसा सरकार द्वारा डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, रियल-टाइम डेटा सिस्टम और उत्तरदाई शासन पर जोर दिए जाने की बदौलत संभव हुआ है। मंत्रालय ने देखरेख, संरक्षण और सशक्तीकरण पर दृढ़ता से ध्यान केंद्रित करते हुए-पोषण, शिक्षा, कानूनी सुरक्षा और आवश्यक अधिकारों तक पहुंच को मजबूत किया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महिलाएं और बच्चे न केवल अधिक स्वस्थ, अधिक सुरक्षित जीवन जी सकें, बल्कि वे आत्मविश्वासी नेतृत्वकर्ता और अमृत काल के परिवर्तनकर्ता के रूप में भी उभर सकें। इस परिवर्तन की आधारशिला सक्षम आंगनवाड़ी पहल है। भारत भर में 2 लाख से ज्यादा आंगनवाड़ी केंद्रों को आधुनिक और सशक्त बनाने के लिए निरूपित यह कार्यक्रम बाल्यावस्था देखरेख और विकास की अगली पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करता है। पोषण, स्वास्थ्य सेवा और पूर्व-विद्यालई शिक्षा सेवाओं की ज्यादा प्रभावी प्रदायगी संभव बनाते हुए इन केंद्रों को स्मार्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल डिवाइस और नए-नए लर्निंग टूल्स के साथ अपग्रेड किया जा रहा है। देश भर में 14 लाख आंगनवाड़ी केंद्रों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं को पोषण ट्रैकर के साथ एकीकृत करने से रियल-टाइम डेटा एंट्री, कार्य निष्पादन की निगरानी और साक्ष्य-आधारित नीतिगत हस्तक्षेप संभव हो पाया है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन और व्यापक प्रशिक्षण से लैस करके, यह पहल अंतिम छोर तक गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदायगी सुनिश्चित करती है। यह 2014 से पहले मौजूद मैनुअल रिकॉर्ड-कीपिंग और डेटा ब्लाइंड स्पॉट से एक निर्णायक बदलाव का प्रतीक है। एक दशक पहले, आईसीडीएस प्रणाली असंबद्ध डेटा, विलंबित प्रतिक्रियाओं और रियल-टाइम ट्रैकिंग की कमी से दबी हुई थी। पोषण ट्रैकर ने-पोषण सेवा प्रदायगी में सटीकता, दक्षता और जवाबदेही की शुरुआत कर इस परिदृश्य को बदल दिया है।

10.14 करोड़ से ज्यादा लाभार्थी अब इस प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत हैं, जिनमें गर्भवती महिलाएं, स्तनपान कराने वाली माताएं, छह साल से कम उम्र के बच्चे और किशोरियां शामिल हैं। यह प्लेटफॉर्म विकास की निगरानी और पूरक पोषण प्रदायगी पर रियल-टाइम अपडेट को सक्षम बनाते हुए समय पर हस्तक्षेप और साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण सुनिश्चित करता है। डिजिटल रूप से सशक्त सामुदायिक केंद्रों के रूप में आंगनवाड़ी केंद्रों की नए सिरे से परिकल्पना कर, शहरी-ग्रामीण विभाजन को पाटते हुए-पोषण ट्रैकर महत्वपूर्ण रूप से स्वस्थ भारत, सुपोषित भारत के राष्ट्रीय विजन को आगे बढ़ा रहा है। लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार (2025) से सम्मानित यह मंच पोषण भी पढाई भी का भी समर्थन करता है, जो प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को डिजिटल प्रशिक्षण मॉड्यूल प्रदान करते हुए विकसित भारत के अमृत काल में समग्र देखभाल को बढ़ावा दे रहा है। पूरक पोषण कार्यक्रम में पारदर्शिता को और मजबूत करने तथा लीकेज कम करने के लिए एक फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम शुरू किया गया है। इस डिलिवरी तंत्र को सुरक्षित, सटीक और सम्मानजनक बनाते हुए यह सुनिश्चित करता है कि पोषण सहायता केवल पात्र लाभार्थियों को ही मिले।

प्रौद्योगिकी-आधारित प्लेटफॉर्म के माध्यम से यह मंत्रालय पोषण से बढ़कर, महिलाओं के लिए सुरक्षा और सहायता सुनिश्चित कर रहा है। शी-बॉक्स पोर्टल हर महिला को, चाहे वह किसी भी रोजगार की स्थिति में हो या संगठित या असंगठित, निजी या सार्वजनिक क्षेत्र में काम करती हो, पॉश अधिनियम के तहत उसे शिकायत दर्ज कराने के लिए सिंगल-विंडो एक्सेस प्रदान करता है, जिससे ऑनलाइन निवारण और ट्रैकिंग संभव हो पाती है। इस बीच, मिशन शक्ति डैशबोर्ड एंड मोबाइल ऐप संकट से घिरी महिलाओं को एकीकृत सहायता प्रदान करता है, उन्हें निकटतम वन स्टॉप सेंटर से जोड़ता है, जो अब लगभग हर जिले में चालू है। यह कदम इस बात का उदाहरण हैं कि तकनीक का उपयोग न केवल दक्षता के लिए, बल्कि न्याय, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए भी किया जा रहा है। पीएमएमवीवाई नियम, 2022 के तहत, गर्भवती महिलाओं को उनके पहले बच्चे के लिए 5,000 रुपए की राशि मिलती है। मिशन शक्ति के तहत, अगर दूसरा बच्चा लड़की है, तो - बेटियों के लिए सकारात्मक सुदृढ़ीकरण को बढ़ावा देते हुए लाभ की राशि 6,000 रुपए तक बढ़ जाती है। कागज रहित प्रत्यक्ष लाभ अंतरण प्रणाली के माध्यम से वितरित, शुरुआत से अब तक 4 करोड़ से अधिक महिला लाभार्थियों तक 1,9000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि पहुंच चुकी है। पीएमएमवीवाई-आधार-आधारित प्रमाणीकरण, मोबाइल-आधारित पंजीकरण, आंगनवाड़ी/आशा कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर सहायता और रियल-टाइम डैशबोर्ड का लाभ उठाते हुए एक पूर्णतः डिजिटल कार्यक्रम है।

लेखिका-केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री हैं

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ब्रिक्स देशों को ट्रम्प ने दी धमकी

## कहाः अमेरिका विरोधी नीतियों का समर्थन करने वाले देशों पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ब्रिक्स राष्ट्रों की कथित 'अमेरिका विरोधी' नीतियों का समर्थन करने वाले देशों पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त व्यापार शुल्क लगाने की धमकी दी है। ट्रम्प ने सोशल मीडिया 'ट्रुथ' पर कहा कि ब्रिक्स की अमेरिका विरोधी नीतियों का जो भी देश समर्थन करेगा उस पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क लगाया जाएगा और इस नीति में कोई अपवाद नहीं होगा। गौरतलब है कि पश्चिमी आधिपत्य को चुनौती देने और विकासशील देशों की आवाज को बढ़ावा देने के लिए ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका द्वारा एक वैकल्पिक मंच के रूप में स्थापित इस अंतर्राष्ट्रीय बहुपक्षीय संगठन की अमेरिकी राष्ट्रपति काफी लंबे समय से आलोचना करते रहे हैं।

ब्रिक्स को कई देशों ने एक अनुकूल संगठन के रूप में स्वीकार किया है और उन्होंने इसमें शामिल होने की इच्छा व्यक्त की है। पिछले वर्ष मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात को शामिल किया गया था और इस वर्ष इसमें वियतनाम एक भागीदार राष्ट्र बन गया। बीबीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि संगठन के देशों ने अमेरिकी शुल्क नीतियों की आलोचना करते हुए अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में सुधार का प्रस्ताव दिया था। उन्होंने प्रमुख मुद्राओं के मूल्यांकन का मुद्दा भी उठाया था और इसी के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह धमकी दी है।



**ब्रिक्स को कई देशों ने एक अनुकूल संगठन के रूप में स्वीकार किया है और उन्होंने इसमें शामिल होने की इच्छा व्यक्त की है**

ब्रिक्स देशों ने रविवार को ब्राजील की राजधानी रियो डी जेनेरियो में बैठक शुरू की जिसमें वैश्विक संस्थाओं में सुधार का आह्वान किया गया और बढ़ते व्यापार संघर्षों और भू-राजनीतिक तनावों के बीच इस गठबंधन को कूटनीति के लिए एक मंच के रूप में स्थापित करने की बात भी कही थी। ब्रिक्स देशों के वित्त मंत्रियों की ओर से जारी एक संयुक्त बयान में विभिन्न शुल्कों की निंदा की गई और उन्हें वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए खतरा बताया गया। इन शुल्कों पर 'अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक और व्यापार गतिविधियों में अनिश्चितता' लाने का आरोप लगाया गया। ब्रिक्स देशों ने जून में ईरान पर किए गए सैन्य हमलों की निंदा करते हुए इसे अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया है। इस शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा सहित विश्व के नेताओं ने व्यक्तिगत रूप से हिस्सा लिया। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इसमें ऑनलाइन भाग लिया, जबकि चीन का प्रतिनिधित्व प्रधानमंत्री ली कियांग ने किया।

## चीन ने की ट्रम्प की धमकी की निंदा

**बीजिंग।** ब्रिक्स देशों पर 10 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाए जाने की ट्रम्प की धमकी की चीन ने निंदा की है। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि टैरिफ से किसी को लाभ नहीं होता है। यह बस दूसरे देशों पर दबाव बनाने की कोशिश है। ब्राजील में चल रहे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल देशों ने ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमलों और टैरिफ को लेकर अमेरिका की निंदा की थी। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिका विरोधी नीति का समर्थन करने वाले देशों को 10 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। इसे लेकर चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने एक नियमित प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि टैरिफ के इस्तेमाल से किसी को भी लाभ नहीं होता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से टैरिफ को निलंबित किए जाने की समयसीमा नौ जुलाई को समाप्त हो रही है। इसे लेकर दुनियाभर के देशों की चिंता बढ़ हुई है। पिछले दिनों ट्रम्प ने कहा था कि नौ जुलाई के बाद वैश्विक टैरिफ से राहत नहीं मिलेगी। इसके बाद वह अधिकांश देशों पर टैरिफ पर 90 दिवसीय रोक को बढ़ाने की योजना नहीं बना रहे हैं। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने 10-12 देशों को नए टैरिफ लगाने की सूचना देने के लिए पत्र साइन कर दिए हैं, जिन्हें सोमवार को भेजा जाएगा। गौरतलब है कि इस बार ब्रिक्स सम्मेलन ब्राजील की मेजबानी में हुआ, जिसमें पुराने 5 देशों (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका) के अलावा नए सदस्य देशों मिस्र, इथियोपिया, ईरान, यूएई और इंडोनेशिया ने हिस्सा लिया।

**टैरिफ से किसी को लाभ नहीं होता यह देशों पर दबाव बनाने की कोशिशः चीनी विदेश मंत्रालय**



गुरुग्राम। भारी बारिश के बाद दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस-वे सर्विस रोड पर जलभराव से गुजरते यात्री।

## इजरायल ने लाल सागर के बंदरगाहों पर हमले किए

**यरुशलम/सन्ना।** इजरायल ने कल देर रात यमन में लाल सागर के बंदरगाहों पर हवाई हमले किए हैं। यह हमला इजरायली सेना द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लोगों को तत्काल क्षेत्र को खाली निकासी की चेतावनी जारी करने के कुछ ही मिनटों बाद पश्चिमी होदेइदाह प्रांत में हुआ।

प्रत्यक्षदर्शियों ने होदेइदाह बंदरगाह सहित यमन के पश्चिमी तट पर कई स्थानों पर विस्फोटों की सूचना दी। इजरायली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज़ ने एक बयान में कहा कि हमलों ने हूती के गढ़ों को निशाना बनाया, जिसमें होदेइदाह, अस सालिफ़ और रास ईसा के बंदरगाह, रास कातिब पावर स्टेशन और गैलेक्सी लीडर शामिल हैं। इजरायली सेना ने कहा कि लक्षित बंदरगाहों का इस्तेमाल हूती द्वारा ईरानी शासन से हथियार स्थानांतरित करने के लिए किया गया था, जिसका उपयोग तब इजरायल और उसके सहयोगियों के खिलाफ आतंकी अभियान चलाने के लिए किया जाता है। इजरायली सेना के अनुसार गैलेक्सी लीडर को रेड सी में जहाजों को ट्रैक करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली रडार प्रणाली से लैस किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकः वर्षा जनित हादसों में 72 की मौत, 130 घायल

**इस्लामाबाद।** पाक में 26 जून से मूसलाधार बारिश और अचानक आई बाढ़ के कारण कम से कम 72 लोगों की मौत हुई है और 130 अन्य घायल हुए हैं। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने पिछले 24 घंटों में बारिश से संबंधित दुर्घटनाओं में छह लोगों की मौत और तीन लोगों के घायल होने की पुष्टि की है। एनडीएमए के अनुसार, सबसे अधिक मौतें उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा हुई हैं, जहां 12 बच्चों सहित 28 लोगों की जान गंवाई है और 23 अन्य घायल हुए हैं।

### पश्चिमी नाइजर में 11 आतंकवादी मारे गएः सेना

**नियामी।** नाइजीरिया की सेना ने कहा है कि उसने पश्चिमी नाइजर के टिल्लाबेरी और डोसो क्षेत्रों में दो जुलाई और तीन जुलाई को किए गए दो समन्वित हमलों के जवाब में कम से कम 11 आतंकवादियों को मार गिराया है। नाइजीरियाई रेडियो और टेलीविजन पर रविवार को प्रसारित एक सैन्य बयान के अनुसार पहली मुठभेड़ दो जुलाई को हुई। उस समय आतंकवादी समूहों ने टिल्लाबेरी के एक गांव के रास्ते में एक सैन्य काफिले पर घात लगाकर हमला किया।

### नाइजीरिया में सड़क हादसे में 21 की मौत, तीन घायल

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तरी प्रांत कानो में रविवार को एक ट्रक और बस की आमने-सामने की टक्कर में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। कानो स्टेट फेडरल रोड सेफ्टी कॉर्प्स के सेक्टर कमांडर मुहम्मद बटुरे ने कहा कि यह दुर्घटना कासुवार डोगो क्षेत्र में ज़ारिया-कानो राजमार्ग पर बस चालक की गलती के कारण घटित हुई। हादसे के समय बस चालक गलत मार्ग पर गाड़ी चला रहा था।

### रूस ने यूक्रेन के छह ड्रोन को मार गिराया

**मास्को।** रूसी वायु रक्षा बलों ने सोमवार मास्को पर हमला करने की कोशिश कर रहे छह यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया। मास्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने अपने टेलीग्राम चैनल पर लिखा कि आपातकालीन सेवाओं के विशेषज्ञ दुर्घटनास्थल पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले महीनों में मास्को को लक्षित करके हजारों ड्रोन छोड़े गए हैं।

## हाफिज सईद का बेटा बिलावल पर भड़का

**इस्लामाबाद।** हाफिज सईद के बेटे तलहा सईद ने पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो पर पाकिस्तान को ग्लोबल लेवल पर बेइज्जत करने का आरोप लगाया। दरअसल, बिलावल ने दो दिन पहले कहा था कि पाकिस्तान हाफिज सईद और मसूद अजहर को भारत को सौंपने के लिए तैयार है, बशर्ते भारत इस प्रोसेस में सहयोग करे। तलहा ने कहा कि बिलावल का यह बयान पाकिस्तान की पालिसी, राष्ट्रीय हित और संप्रभुता के खिलाफ है।

उन्होंने कहा- क्या कोई नेता अपने नागरिकों को दुश्मन देश को सौंपने की बात कर सकता है। तलहा जो खुद एक ग्लोबल आतंकी है उसने अपने पिता का बचाव करते हुए कहा-हाफिज सईद का कोई भी काम पाकिस्तान के खिलाफ नहीं है। बिलावल का बयान पाकिस्तान की इमेज को ग्लोबल लेवल पर बदनाम करने वाला है। पाकिस्तान की नेशनल काउंटर टेररिज्म अथारिटी के मुताबिक, पाकिस्तान ने लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद दोनों को बैन कर रखा है। हाफिज सईद को लश्कर-ए-तैयबा का मुख्य चेहरा माना जाता है। वह 26/11 मुंबई हमले का मास्टरमाइंड है। हाफिज सईद 2019 से लाहौर की कोट लखपत जेल में टेरर फंडिंग के लिए 33 साल की सजा काट रहा है, जबकि ग्लोबल आतंकवादी मसूद अजहर पर भी प्रतिबंधित लगाया गया है।

**कहाः उन्होंने पाक की बेइज्जती कराई, बिलावल बोले थेः सईद को भारत प्रत्यर्पित करने को तैयार**

## ट्रम्प ने नई पार्टी बनाने पर मस्क का उड़ाया मजाक

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नई पार्टी बनाने पर अरबपति कारोबारी एलन मस्क का मजाक उड़ाया है। ट्रम्प ने कहा कि उन्हें दुख हो रहा है कि एलन मस्क पूरी तरह पटरी से उतर चुके हैं और पिछले पांच हफ्तों में एक बेकाबू ट्रेन जैसे हो गए हैं। सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर ट्रम्प ने कहा कि मस्क अब अमेरिका में तीसरी राजनीतिक पार्टी शुरू करना चाहते हैं, जो इतिहास में कभी सफल नहीं रही है। अमेरिका की व्यवस्था ऐसी पार्टियों के लिए बनी ही नहीं है। तीसरी पार्टियों का एक ही काम होता है, अव्यवस्था और अराजकता फैलाना। और हमारे पास पहले से ही पर्याप्त अराजकता है, जिसे रैडिकल लेफ्ट डेमोक्रेट्स फैला रहे हैं।

## सऊदी अरब में सजा-ए-मौत का नया रिकॉर्ड

### 6 महीने में 180 लोगों को फांसी

**दुबई।** सऊदी अरब में मौत की सजा को लेकर पूरी दुनिया में चिंता बढ़ रही है। अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल का कहना है कि पिछले साल सऊदी अरब में रिकॉर्ड संख्या में लोगों को फांसी दी गई। इनमें ज्यादातर मामलों में नशे से जुड़े अपराध शामिल थे, जो जानलेवा नहीं थे।

सऊदी सरकार की तरफ से इस पर कोई आधिकारिक जवाब नहीं आया है, लेकिन मानवाधिकार समूह इसे मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन बता रहे हैं। एक अंतर्राष्ट्रीय रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2023 में सऊदी अरब में कुल 345 लोगों को मौत की सजा दी गई, जो पिछले 30 साल में सबसे ज्यादा है। वहीं, इस साल के पहले छह महीने में ही 180 लोगों को फांसी दी जा चुकी है। अगर यही रफ्तार रही तो 2025 में भी नया रिकॉर्ड बन सकता है। एक और मानवाधिकार संगठन 'रीप्राइव' के अनुसार, इस साल सऊदी अरब में करीब दो-तिहाई फांसियां नशे से जुड़े मामलों में दी गई हैं। ये ऐसे अपराध थे, जिनमें किसी की जान नहीं गई थी। अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन ने भी यही चिंता जताई है कि गैर-हिंसक अपराधों में इतनी सख्त सजा देना गलत है।



एमनेस्टी की रिपोर्ट के मुताबिक, सऊदी अरब में नशे के मामलों में मौत की सजा पाने वालों में बड़ी संख्या में विदेशी नागरिक हैं। इनमें से कई लोगों को न तो अपनी कानूनी प्रक्रिया की जानकारी थी और न ही उन्हें वकील मिला। अकेले इस साल सऊदी में जितने लोगों को फांसी दी गई, उनमें से आधे से ज्यादा विदेशी नागरिक थे। ऐसा ही एक मामला मिस्र के रहने वाले एस्साम अहमद का है। 2021 में वह एक मछली पकड़ने वाली नाव पर काम कर रहा था।

परिवार के मुताबिक, नाव के मालिक ने उसे बंदूक दिखाकर जबरन नशे से जुड़ा सामान ले जाने को मजबूर किया। बाद में उसे सऊदी में पकड़ लिया गया और मौत की सजा सुनाई गई। उसका परिवार अब हर दिन डर के साए में जी रहा है। सऊदी अरब में 'विजन 2030' के तहत बड़े बदलाव किए जा रहे हैं। महिलाओं को गाड़ी चलाने की आजादी, विदेशी निवेश बढ़ाने जैसी कोशिशें हो रही हैं। लेकिन दूसरी ओर मानवाधिकार कार्यकर्ताओं, कारोबारी वर्ग और अन्य लोगों पर सख्ती बढ़ गई है। 2021 में सरकार ने नशे के मामलों में मौत की सजा पर रोक लगाने का ऐलान किया था, लेकिन तीन साल के अंदर ही यह रोक बिना किसी वजह हटा दी गई।

मानवाधिकार कार्यकर्ता जीद बसयौनी का मानना है कि अगर सऊदी के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान चाहें तो इस नीति में तुरंत बदलाव आ सकता है। वह आम माफी दे सकते हैं या कानून में सुधार कर सकते हैं। लेकिन अभी तक ऐसा कोई कदम नहीं उठाया गया। बसयौनी ने कहा कि सऊदी अरब में दिखावटी सुधारों के पीछे असल में एक सख्त और डर का माहौल बना हुआ है, जिसे बदलना जरूरी है।

**नशे के मामलों में बढ़ी फांसी, मानवाधिकार संगठन ने जताई चिंता, विदेशी नागरिकों पर ज्यादा गिरी गाज**

## शेख हसीना पर लटकी गिरफ्तारी की तलवार

### अदालत में पेश नहीं हुए, तो भी चलेगा मुकदमा, लगाए गए हैं मानवता के खिलाफ अपराधों के आरोप

**ढाका।** बांग्लादेश की राजनीति एक बार फिर गरमा गई है। देश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ गंभीर आरोप लगे हैं। इंटरनेशनल क्राइम्स ट्राइब्यूनल यानी अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण 10 जुलाई को यह तय करेगा कि हसीना और उनके दो बड़े सहयोगियों के खिलाफ औपचारिक आरोप तय किए जाएं या नहीं।

उन पर मानवता के खिलाफ अपराधों के आरोप हैं। शेख हसीना, पूर्व गृह मंत्री असदुज्जामान खान कमाल और पूर्व पुलिस प्रमुख चौधरी अब्दुल्ला अल-मामून पर पांच बड़े आरोप लगाए गए हैं। इनमें हत्या, हत्या की कोशिश, लोगों पर अत्याचार और खतरनाक हथियारों के इस्तेमाल के मामले शामिल हैं। यह सभी आरोप पिछले साल जुलाई में हुए विद्रोह के दौरान हुई घटनाओं से जुड़े हैं। अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण-1 ने साफ कर दिया है कि 10 जुलाई को तीनों आरोपियों पर आरोप तय करने पर फैसला सुनाया जाएगा। उस दिन बचाव पक्ष के वकील यह साबित करने की कोशिश करेंगे कि हसीना और उनके सहयोगियों पर लगे आरोप बेबुनियाद हैं। अगर कोर्ट को आरोप सही लगे तो आरोप तय कर दिए जाएंगे और मुकदमा औपचारिक रूप से शुरू हो जाएगा। बीते बुधवार को शेख हसीना को अदालत की अवमानना मामले में छह महीने की जेल की सजा भी सुनाई गई है। यह सजा उनकी गैर-मौजूदगी में दी गई। हसीना पिछले साल अगस्त में प्रधानमंत्री पद छोड़ने के बाद से देश से बाहर हैं। यह उनके खिलाफ पहली बड़ी सजा है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल 15 जुलाई से 15 अगस्त के बीच बांग्लादेश में सुरक्षा बलों की कार्रवाई में करीब 1400 लोगों की जान चली गई थी। यह हिंसा सरकार विरोधी आंदोलन को दबाने के दौरान हुई थी। इसी हिंसा के बाद हसीना सरकार सत्ता से बाहर हुई और उन्हें देश छोड़कर भारत भागना पड़ा। हसीना पर सिर्फ मानवता के खिलाफ अपराध ही नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार के भी कई आरोप लगे हैं। ढाका की अदालत ने हसीना, उनके परिवार के सदस्यों और कई पूर्व अधिकारियों को 20 जुलाई को पेश होने का नोटिस दिया है।



**यह सभी आरोप पिछले साल जुलाई में हुए विद्रोह के दौरान हुई घटनाओं से जुड़े हैं**

## नेपाल में सड़क दुर्घटनाओं में 215 लोगों की मौत

**काठमांडू।** नेपाल में इस वर्ष मई से जून के बीच विभिन्न सड़क दुर्घटनाओं में 15 बच्चों और 200 लोगों की मौत हो गई। नेपाल पुलिस ने आज जारी एक रिपोर्ट में बताया कि 15 मई से 14 जून के बीच 2,911 दुर्घटनाओं में 200 लोगों और 15 बच्चों की मौत हो गई। इनमें 4240 लोग घायल हुए, जिनमें से 580 की हालत गंभीर है। रिपोर्ट में बताया गया कि सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं दुपहिया वाहनों से हुई और दूसरे स्थान पर कार दुर्घटनाएं रहीं। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार ये हादसे ओवरस्पीड, नशे में गाड़ी चलाने और सड़क पार करने के दौरान हुए।

## अमेरिका के टेक्सास में बाढ़ से अब तक 80 मौतें

**वाशिंगटन।** अमेरिका के टेक्सास राज्य में शुक्रवार को ग्वाडालूप नदी में अचानक आई बाढ़ से 3 दिन में 80 लोगों की मौत हो गई, जबकि 41 लापता हैं। नदी के पास लड़कियों का एक समर कैंप था, जो बाढ़ की चपेट में आ गया।

हालांकि कैंप में मौजूद 750 लड़कियों को बचा लिया गया। टेक्सास के कई इलाकों में अभी भी हालात सामान्य नहीं हुए हैं। मौसम विभाग ने बाढ़ की चेतावनी जारी करते हुए ग्वाडालूप नदी के किनारे रहने वाले लोगों से ऊंची जगह जाने की अपील की है। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को टेक्सास के सैन एंटोनियो से लगभग 15 इंच (38 सेमी) तक बारिश हुई। महज 45 मिनट में नदी का लेवल 26 फीट (8 मीटर) बढ़ गया, जिससे घर और गाड़ियां बह गईं। हेलिकाप्टर और ड्रोन्स से अभी लोगों की तलाश जारी है। पीएम मोदी ने भी शनिवार को बाढ़ में मारे गए बच्चों की मौत पर दुख जताया और पीड़ित परिवारों के लिए संवेदनाएं व्यक्त की।

**41 लोग लापता, कई इलाकों में फिर से बाढ़ की चेतावनी, राष्ट्रपति ट्रम्प टेक्सास जा सकते हैं**







